राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



08 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के...



गोरी है कलाइयां के साथ कनिका कपूर... 11

गाजियाबाद, शनिवार 15 फरवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 345, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

# पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर पीएम मोदी, शाह और राजनाथ ने किया नमन, आतंकियों को दी चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पुलवामा आतंकी हमले को आज 6 साल हो गए हैं. आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने विस्फोटक लदे एक वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को जोरदार टक्कर मार दी थी. इस हादसे में हमारे 39 जवान शहीद हो गए थे. वहीं, कई जवान गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। यह काली घटना भले ही छह साल पुरानी हो गई हो, लेकिन आज तक सभी के जेहन में याद है. इस मौके पर देश के तमाम दिग्गज वीर शहीदों को याद कर रहे हैं और उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पुलवामा आतंकी हमले की छठी बरसी पर पीएम मोदी ने देश के वीर सपूतों को याद किया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते लिखा कि 2019 में हमने जिन वीर जवानों को खोया उन्हें शत-शत नमन. आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कतई नहीं भूलेगी.

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि 2019 में आज ही के दिन भारत ने पुलवामा में हुए भीषण आतंकवादी हमले में अपने बहादुर सीआरपीएफ जवानों को खो दिया था. देश के लिए उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा**

इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने भी शहीद जवानों को नमन किया है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार जीरों टॉलरेंस की नीति पर हमेशा कायम है और देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए संकल्पित है. उन्होंने 2019 में पुलवामा आतंकी हमले को कायराना बताया. उन्होंने कहा कि उनकी कुबीर्नी बेकार नहीं जाएगी। अमित शाह ने आतंकवाद को मानव जाति का दुश्मन बताया और कहा कि पूरी दुनिया सदैव इसके खिलाफ है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमारी सरकार इसके खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि 2019 में आज ही के दिन भारत ने पुलवामा में हुए भीषण आतंकवादी हमले में अपने बहादुर सीआरपीएफ जवानों को खो दिया था. देश के लिए उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके परिवारों को अटूट समर्थन प्रदान करता हूं. भारत उनकी वीरता का सम्मान करने के लिए एकजुट है और हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में दृढ़ हैं।



## न्यूज डायरी

### बुंदेलखंड को मिलने वाली है एक और सौगात, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन

**छतरपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड की तस्वीर बदल रही है, इस क्षेत्र के निवासियों को आगामी दिनों में एक और सौगात मिलने वाली है और वह है कैंसर अस्पताल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को इस अस्पताल का भूमिपूजन करने वाले हैं। देश और दुनिया में बुंदेलखंड को



पिछड़े, सूखाग्रस्त, गरीब तथा समस्या ग्रस्त इलाके के तौर पर जाना जाता रहा है, मगर अब यहां के हालात बदल रहे हैं। सूखा की समस्या से निजात दिलाने के लिए जहां 55 हजार करोड़ की केन-बेतवा नदी जोड़ो योजना को मंजूरी मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भूमिपूजन किया। यह परियोजना इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होने वाली है। अब प्रधानमंत्री मोदी का 23 फरवरी को छतरपुर जिले के ग्राम गढ़ा में आगमन प्रस्तावित है।

पीएम मोदी ग्राम गढ़ा के बागेश्वर धाम में कैंसर हॉस्पिटल के भूमिपूजन एवं छठे सामूहिक 251 कन्या विवाह के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस क्षेत्र के लिए यह अस्पताल बड़ी उपलब्धि होगा क्योंकि यहां के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें इस गंभीर बीमारी के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करना होता है। बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को आ रहे हैं, वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 26 फरवरी को आना प्रस्तावित है। इन आयोजनों को लेकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अधिकारियों के साथ सुरक्षात्मक एवं प्रोटोकॉल संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव जैन ने मंच निर्माण, मंच मजबूती के लिए आयोजकों के साथ समन्वय करते हुए सुचारू रूप से व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। साथ ही मार्गों की साफ-सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा, लोगों के लिए टॉयलेट्स, पानी की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, दूरसंचार, कार्यस्थल पर विद्युत आपूर्ति आदि की सुचारू व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया।

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सात-सात जिलों को मिलाकर बुंदेलखंड बनता है। यहां के अधिकांश जिलों में पानी की समस्या है और केन-बेतवा लिंक परियोजना यहां की तस्वीर बदलने वाली साबित होगी। वहीं स्वास्थ्य सुविधा के मामले में कैंसर अस्पताल मील का पत्थर साबित होगा।

### ऊर्जा सप्ताह 2025: भारत ने उज्जवल भविष्य के लिए कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने 'भारत ऊर्जा सप्ताह 2025इ के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ये साझेदारियां भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और आधुनिक तकनीकों के साथ आगे बढ़ने में मदद करेंगी। इस आयोजन में भारत ने ऊर्जा आपूर्ति के विभिन्न स्त्रोतों को मजबूत करने और तेल एवं गैस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई अहम समझौते किए। मंत्री के अनुसार, ये समझौते भारत को शक्तिशाली और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

भारत ने कच्चे तेल के आयात के लिए ब्राजील की कंपनी पेट्रोब्रास के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) 6 मिलियन बैरल कच्चा तेल खरीदेगा। इसके अलावा, प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी एडीएनओसी ने एक बड़ा समझौता किया है, जिसमें 2026 से शुरू होकर अगले 14 वर्षों तक भारत को 1.2 मिलियन टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति की जाएगी। इस सौदे की कुल कीमत $7 बिलियन बताई जा रही है। इसी तरह, बीपीसीएल और एडीएनओसी ने 2.4 मिलियन टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए पांच साल का करार किया है, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। भारत अब क्षेत्रीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका बढ़ा रहा है। इसी दिशा में, आईओसीएल ने नेपाल की योग्या होल्डिंग्स के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत ओडिशा के धामरा टर्मिनल से हर साल 1,000 मीट्रिक टन एलएनजी नेपाल को भेजा जाएगा। तकनीकी क्षेत्र में भी भारत ने अहम कदम उठाए हैं। भारत की सबसे बड़ी अपतटीय तेल परियोजना, मुंबई हाई फील्ड के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए ओएनजीसी ने बीपी को तकनीकी सेवा प्रदाता के रूप में चुना है।

## पार्क में खड़े होकर वीडियो कांफ्रेसिंग से कोर्ट में पेश होने पर हाईकोर्ट ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पार्क से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश होने वाले एक वकील को फटकार लगाई है। जस्टिस गिरीश कथपलिया की बेंच ने कहा कि हाईब्रिड तरीके से सुनवाई का मतलब भी कोर्ट ही होता है, इसलिए कोर्ट की गरिमा का वीडियो कांफ्रेंसिंग के समय पेश होते समय भी ख्याल रखना चाहिए.

दिल्ली हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन और दिल्ली की निचली अदालतों के सभी बार एसोसिएशन को निर्देश दिया कि वे वकीलों को हाईब्रिड कोर्ट में पेश होते समय कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखने के लिए जागरुक बनाएं. हाईकोर्ट ने कहा कि दिल्ली की अदालतों में किसी वकील के लिए ये संभव नहीं है कि हर कोर्ट में फिजिकल रुप से पेश हो सके. इसके लिए वर्चुअल कोर्ट की स्थापना पर काफी खर्च भी किया गया है.





हाईकोर्ट ने कहा कि अगर कोई वकील अपने दफ्तर में बैठकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दूसरे कोर्ट की सुनवाई में पेश होना चाहता है तो उसे कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखते हुए कोर्ट का सहयोग करना चाहिए. कोर्ट ने कहा कि अक्सर ऐसा होता है कि कनेक्टिविटी की वजह से कई बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये वकील की आवाज सुनाई नहीं देती है. कई बार वीडियो दिखाई नहीं देता है. कोर्ट ने कहा कि हाईब्रिड कोर्ट भी फिजिकल कोर्ट की तरह ही है. इसलिए वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होते समय वकील को भी कोर्ट की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए.

दरअसल, हाईकोर्ट एक अपील पर सुनवाई कर रही थी. सुनवाई के दौरान अपील करने वाले याचिकाकताओं की ओर से पेश वकील पार्क में खड़े होकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हो रहे थे. जब कोर्ट इस मामले में आदेश लिखवाने लगा तब अपीलकताओं के वकील ने वीडियो बंद कर दिया. इसकी वजह से कोर्ट ने अपीलकताओं के वकील की उपस्थिति भी दर्ज नहीं की।

## संगम में डुबकी लगाने महाकुंभ जाएंगे राहुल गांधी और प्रियंका?

**प्रयागराज।** महाकुंभ अपने समापन पर है। 50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम में डुबकी लगा लगी है। हर वर्ग के लोग यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और बहन सांसद प्रियंका गांधी महाकुंभ में डुबकी लगाने को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी महाकुंभ जा सकते हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस को तैयार किया जा रहा है। हालांकि, वो किस तारीख को प्रयागराज पहुंचेंगे, इसको लेकर फैसला नहीं हो सका है। इसी को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि अजय राय हमारे नेता पहले भी कुंभ में गए थे। 2019 में प्रियंका जी ने अर्धकुंभ का दौरा किया था। हम इस बार भी महाकुंभ में जाएंगे। बताया ये भी जा रहा है कि राहुल गांधी पहले 4 फरवरी को महाकुंभ जाने वाले थे लेकिन संसदीय कार्रवाई की कारण उनका दौरा नहीं हो पाया था। महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को शाम छह बजे तक दो करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सरकार ने इस दौरान स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के सुबह से ही चारों दिशाओं से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है।







राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कर्नाटक के बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करती हुई।

## राहुल गांधी ने अडाणी मामले को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडाणी अभियोग मुद्दे पर सवाल को खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की. उन्होंने कहा कि पीएम इसे निजी मामला बताकर अपने दोस्त को बचा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि घर में सवालों पर चुप्पी, विदेश में निजी मामला! यहां तक कि अमेरिका में भी मोदी जी ने अडाणी जी को भ्रष्टाचार के आरोपों से बचाया उन्होंने लिखा कि मोदी जी के लिए दोस्त की जेब भरना राष्ट्र निर्माण है, जबकि रिश्वतखोरी और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट सुविधाजनक रूप से निजी मामला बन जाती है।

### घर में चुप्पी, विदेश में निजी मामला

अमेरिका की यात्रा पर गए पीएम मोदी ने इस सवाल को खारिज कर दिया कि क्या उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गौतम अडाणी अभियोग मुद्दे पर चर्चा की है. उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम है, हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं. मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है. दो देशों के दो प्रमुख नेता कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मुद्दों पर चर्चा नहीं करते हैं। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी अधिकारियों ने अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और अडाणी समूह के कई अधिकारियों के खिलाफ आरोप दायर किए थे, जिसमें भारत में सौर ऊर्जा परियोजना अनुबंधों से जुड़ी 250 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी योजना में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया गया था। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने समूह पर प्रतिभूति और वायर धोखाधड़ी का आरोप लगाया, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने रिश्वतखोरी में लिप्त रहते हुए अमेरिकी निवेशकों को अपनी भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिबद्धताओं के बारे में गुमराह किया. अडाणी समूह ने आरोपों को निराधार बताते हुए इनकार किया। तब से विपक्ष ने भाजपा सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया है और पिछले साल संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे को उठाया गया था, जिसमें भारत ब्लॉक द्वारा कई विरोध प्रदर्शन और वॉकआउट किए गए थे।



**आयोजन** समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया

## डबल इंजन की सरकार में घर-घर एक बेरोजगार युवक बैठा है: गौतम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर लगातार बूथ स्तर पर पीडीए पंचायत का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र मलिहाबाद के हसनखेड़ा में जिला उपाध्यक्ष प्रधान दिनेश सिंह भौकाली द्वारा अपने निवास पर पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकताओं और बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान छोटेलाल कश्यप व संचालन जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत ने किया।







पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों, शोषितों वंचितों एवं आधी आबादी को न्याय दिलाने हेतु जनजागरण के लिए पीडीए चर्चा कार्यक्रमों में उपस्थित युवाओं, महिलाओं, किसानों मजदूरों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव एवं दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है।लोकतंत्र लोकलाज से चलता है।परन्तु बीजेपी में लोकलाज नहीं बची।बीजेपी सरकार में सिंचाई के नलकूपों का बिजली का बिल माफ नहीं हुआ और घरेलू बिजली मीटरों में रीडिंग बढ़ाकर विभागीय कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से गलत तरीके से धनराशि बढ़ाकर ली जा रही।डबल इंजन सरकारों में घर घर एक बेरोजगार युवक बैठे हैं।आज यूपी में सरकारी निवेश शून्य है,रोजगार सृजन की व्यवस्था नहीं है।आयोजित पीडीए बैठक में उपस्थित लोगों से कहा कि सामंती एवं पाखंडी लोग सदैव पिछड़ों दलितों का शोषण करते रहें हैं।अपनी तरक्की एवं जनप्रतिनिधि बनने के लिए पीडीए का साथ लेते है व लाभ का अवसर मिलते ही धोखा देकर चले जातें हैं।ऐसे लोगों से सतर्क रहना है।प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा ने कहा कि इस देश में गंगा जमुनी तहजीब रही है।परन्तु भाजपा ने समाज का भाईचारा एवं सौहार्द समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया है।कार्यक्रम जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व विधायक प्रत्याशी सोनू कनौजिया, विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य,लोकप्रिय समाजसेवी एवं उपाध्यक्ष विजयश्री गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, टीबी सिंह,बचान सिंह,हरिशंकर यादव,जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, संदीप सिंह यादव,प्रधान राहुल सिंह यादव,अनिल यादव एडवोकेट,पप्पू पंडित,राजेश सविता ने भी पीडीए की मजबूती पर विचार व्यक्त किए।

# संतराम बीए प्रजापति, प्रजापति कुम्हार समाज के एक समाज सुधारक और क्रांतिकारी थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** संतराम बीए प्रजापति, प्रजापति कुम्हार समाज के एक समाज सुधारक और क्रांतिकारी थे. उन्होंने जाति और वर्गविहीन समाज के लिए अपनी आवाज उठाई. वे समतामूलक समाज के महान पथ प्रदर्शक थे उक्त विचार अपना दल एस बुलन्दशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने अपना दल एस के कैम्प कार्यालय मोहल्ला बोबासाई कस्बा स्याना में संतराम बी ए प्रजापति जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने कहा संतराम बी. ए. जी का जन्म 14 फरवरी,1887 को बसी नामक गांव होशियारपुर, पंजाब में हुआ था। इनके पिता का नाम रामदास गोहिल और माता का नाम मालिनी देवी था।उन्होंने देश की विषमता भरी जातीय व्यवस्था, रूढ़िवाद, पाखंडवाद, और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने 100 से ज्यादा किताबें लिखीं और कई पत्र-पत्रिकाओं के संपादक भी रहे।



उन्होंने सर्व समाज को जागरूक करते हुए लोगों को संगठित और शिक्षित होने पर ज्यादा बल दिया। प्रजापति जी ने हाशिये पर धकेले गए लोगों को ज्ञान-विज्ञान की ऊर्जा से ताकतवर बनाने का काम किया। वे निर्भीक, निडर, और बेबाक वक्ता थे.वे कलम के सिपाही भी थे।उन्होंने लेखनी को ही अपने संघर्ष का अस्त्र-शस्त्र बनाकर राष्ट्र को जगाने का महान कार्य किया वे समाज और राष्ट्र के सजग प्रहरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी ने किया इस मौके पर अपना दल एस के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी,जिला उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैन, पवन चौधरी, सेकी अम्बेडकर,मोहित शर्मा,सतीश लोधी, कृष्ण कुमार,भगवत जाटव, राजेंद्र बाल्मीकि,राकेश रस्तोगी, ठाकुर अमित सिंह,कपिल गौतम, विपिन प्रजापति,संजीव बाल्मीकि, कुलदीप प्रजापति, नितिन प्रजापति,द्वारपाल लोधी, किशन गौतम,जीतू प्रजापति, हाजी गुलजार कुरैशी, साबुलहसन सलमानीअमित प्रजापति,पुष्पेंदर,अनुज, जीतू गौतम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 14 साल की उम्र में किया हिफ्ज, शव ए बारात पर हुई दस्तार बन्दी परिवार के लोगो में खुशी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (वसीम खॉन)।** कस्बे के मोहल्ला अजीजाबाद पैठ वाली गली शब ए बारात के दिन आसपास के देहात में शव ए बारात का त्यौहार गुरुवार को मुस्लिम भाईयों ने श्रद्धा भाव से मनाया गया। 14 साल की उम्र में गुलजार अली के छोटे बेटा मौहम्मद असजद ने अपनी छोटी सी उम्र में कुराने पाक पूरा किया और मस्जिद के मौलाना ने पगड़ी बांधी परिवार के लोगों ने मोहम्मद असजद का जोरदार स्वागत किया और रिश्तेदार और मोहल्ले के लोगों ने फूल माला पहनकर मोहम्मद असजद का जोरदार स्वागत किया गया और जब पगड़ी बांधकर मौहम्मद असजद अपने घर पहुंचा तो घर के गेट पर असजद ने रीबन काटा और असजद के माता-पिता ने सर पर हाथ रखकर मोहम्मद असजद को आशीर्वाद दिया। और घरों,मस्जिदों, कब्रिस्तानों में बड़ी संख्या में लोगों ने इबादत करते हुए अपने गुनाहों से तौबा की। अनेक मुस्लिम भाईयों ने शुक्रवार की सुबह रोजा भी रखा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी गुरुवार के साथ साथ शुक्रवार को भी रोजा रखा शव ए बारात पर लोगों ने मस्जिदों में पहुंच कर नमाज अदा की और अपने कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजनो फातिया लगायी और अल्लाह से उनकी मगफिरत की दुआ मागी और अल्लाह उन्हे को जन्नत अता फरमाने के लिए दुआ मांगी।



कब्रिस्तानों और मस्जिदों में आने जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। मुस्लिम समुदाय के लिए शब-ए-बारात एक प्रमुख त्योहार है. शब-ए-बारात मुस्लिम समुदाय में इबादत, तिलावत और सखावत की रात मानी जाती है. इस दिन मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों के लिए खुदा से इबादत करते हैं. मस्जिदों और में खास तरह की सजावट की जाती है ऐसा माना जाता है कि इस त्यौहार की रात अल्लाह अपने बन्दो के पिछले गुनाह माफ कर देते हैं आने वाले साल के लिए उनके भाग्य का निर्धारण करता है इस दिन लोग देर रात कब्रिस्तानों में पूर्वजों के लिए दुआएं पढ़ते हैं और गुनाहों की माफी मांगते हैं. इस साल यह पर्व आज मनाया जा रहा है। शब-ए-बारात का त्योहार इस साल 13 फरवरी को मनाया गया। इस रात में विशेष नफ्ल नमाजें अदा की जाती हैं। मुस्लिम धार्मिक मान्यताओं अनुसार इस पाक रात में कुरान शरीफ की तिलावत करना सवाब हता है। कहते हैं इस रात में अल्लाह अपने बंदों के सभी गुनाह मांफ कर देते हैं। इसलिए इस रात मुस्लिम लोग अल्लाह से अपने गुनाहों की मांफी रो रो कर मांगते हैं और अपने परिवार के लिए रहमत और बरकत की प्रार्थना करते हैं। चलिए आपको बताते हैं इस रात की नमाज का तरीका क्या है। अपने परिवार के लिए अल्लाह से रहमत और बरकत की दुआ मांगते हैं

### शव-ए-बारात की नमाज का आसान तरीका

इसके लिए पहली रकात में सूरह फातिहा के बाद कोई भी सूरह पढ़ सकते हैं जैसे सूरह इखलास। दूसरी रकात में आप सूरह फातिहा के बाद फिर कोई भी सूरह पढ़ लें। दो रकात पूरी होने के बाद सलाम फेरें। फिर से दो-दो रकात पढ़ते रहें। इस मौके पर वसीम खॉन, मौहम्मद गुलजार, अजहरुद्दीन खॉन, मोहम्मद उमर सरीफ, इमरान, इरफान, समीर खॉंन, नाजिम खॉन मोहम्मद अब्दुल समद, डॉक्टर परवेज खॉंन, आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र जागृति मंच बुलंदशहर द्वारा पुलवामा हमले की छठी बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि एवं कैंडल मार्च निकाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** राष्ट्र जागृति मंच के अध्यक्ष अरूण हिन्दू के निदेर्शानुसार राष्ट्र जागृति मंच की बुलंदशहर टीम ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद दिन को याद करते हुए, राष्ट्र जागृति मंच के सदस्यों ने मलका पार्क से शहीद स्मारक काला आम तक एक शोकाकुल कैंडल मार्च निकाला। इस कैंडल मार्च के माध्यम से,



राष्ट्र जागृति मंच ने देश के वीर सपूतों के बलिदान को नमन किया और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मार्च में शामिल हुए सभी लोगों ने शहीदों की तस्वीरें लेकर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया।

"इस मौके पर राज जागृति मंच के युवाओं ने कहा की आज हम युवा पाश्चात्य संस्कृति का फूहड़ दिन वैलेंटाइन डे को नहीं मनाते बल्कि अपने वीर जवानों को याद करते हुए गर्व महसूस करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

# चार बच्चों की मां अधेड़ महिला प्रेमी संग फुर्र, बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**औरंगाबाद ।** एक अधेड़ महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी युवक के संग फुर्र हो गई। महिला की बेटी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्रेमी युगल फरार है। औरंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलावा रहीमपुर निवासी पचपन वर्षीय महिला सरिता अपने दो लड़कों और दो लड़कियों को छोड़ कर अपने प्रेमी आनंद पुत्र गंगा सरन के साथ मंगलवार सुबह चार बजे घर से निकल गई। बताया जाता है कि आनंद लगभग 20 साल से गांव में रहकर मजदूरी करता आ रहा था। महिला का पति इक्कीस साल से चंडीगढ़ में नौकरी करता था। महिला की पुत्री भारती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रेमी युगल का फिलहाल कोई सुराग नहीं लगा है।

# वैलेंटाइन डे: खूब बिके गुलाब के फूल, युवाओं ने गिफ्ट भी खरीदें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जनपद में वैलेंटाइन डे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान प्रेमी युगल और नवविवाहित जोड़ों ने एक दूसरे को तोहफा देकर अपनी मोहब्बत का इजहार किया।

मुद्रा बाजार में बिक्री के लिए दुकानों पर सजी रंग बिरंगी और विदेशी फूलों की बिक्री भी खास रही। शुक्रवार को युवाओं में वैलेंटाइन की खुमारी देखने को मिली। दीवानों ने वैलेंटाइन को अपने-अपने ढंग से मनाया इस दौरान प्रेमियों ने एक-दूसरे को चॉकलेट उतार दिए।

नगर में मॉल बहुत बेहतरीन पार्क नहीं होने के कारण अधिकांश ने नोएडा गाजियाबाद और दिल्ली का रुख किया। वेलेंटाइन वीक में युवाओं में कई दिन से इस खास मौके की तैयारियां शुरू कर दी थी। इस दौरान युवाओं ने दिल को छू जाने वाले व अपने पलों को और अधिक यादगार बनाने वाले उपहार दिए। किसी ने यह दिन हमेशा के लिए यादगार बनाने के खातिर स्पेशल प्लान तैयार किया। अपने प्यार का इजहार करते समय युवाओं के चेहरों पर खुशी दिखाई दी । किसी के चेहरे पर प्यार का इजहार करने का डर था तो किसी के चेहरे पर हिंदू संगठनों का डर था इन सभी दर से परे हटकर प्रेमी जोड़ों ने वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया। साथी पूरी उम्र के लिए साथ रहने की कसमे खाई । इसके साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने वैलेंटाइन डे की मस्ती के दौरान सभी प्रमुख स्थानों पर नजर रखी और हर छोटी मोटी गतिविधि पर पैनी निगाह रखी। वही सोशल मीडिया पर वैलेंटाइन डे को लेकर युवा एक दूसरे को संदेश भेजते रहें। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा वहीं पुलिस भी वैलेंटाइन डे को लेकर सतर्क रही ।

- **साथी को तोहफा देकर प्रेमी युगल व विवाहित जोड़ों ने भावनाएं की व्यक्त**
- **गुलाब की भी बनी रही डिमांड, सेल्फी लेकर पलों को किया याद कैद**

### क्यों देते हैं गुलाब

वैसे तो प्यार का इजहार करने के लिए ढाई अक्षर ही काफी है लेकिन लोग गुलाब का फूल देकर के इजहार क्यों करते हैं यह रोचक है। दर्शन गुलाब का फूल कई रंगों से मिलता है लेकिन लाल रंग का प्यार का प्रतीक माना जाता है। वही पीले गुलाबी और सफेद गुलाब के अलग-अलग मतलब है। यही कारण है कि वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब की मांग खास पड़ जाती हैं भले ही प्यार का इजहार करने के तरीके बदलते जा रहे हैं लेकिन आज भी लोगों के दिलों में गुलाब का अलग ही महत्व है।

### दो दिल मिल रहे हैं मगर चुपके-चुपके

दो दिल मिल रहे हैं मगर चुपके-चुपके फिल्मी गीत की पंक्तियों की तरह बुधवार को वैलेंटाइन डे पर नजारा देखने को मिला।

पहले और शक्ति के बाद भी चोरी-छिपे प्रेमी युगलों ने अपने प्यार का इजहार किया। सोशल मीडिया के इस दौर में भले ही प्रेमी युगल एक दूसरे को गुलाब का फूल भेंट करने के लिए कम ही नजर आए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दुखद मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बालका निवासी सचिन पुत्र स्वर्गीय गोपाल सिंह सिकंदरा बाद में फोम फैक्ट्री में नौकरी करता था। रोजाना की भांति वह गुरुवार की देर शाम अपनी बाइक संख्या यूपी 13 सी ई 1591 पर सवार होकर घर लौट रहा था। बादशाह पुत्र तालाब गांव के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी जिससे सचिन की मौके पर ही



दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ने अपने पीछे डेढ़ साल का एक बच्चा छोडा है।मृतक के चचेरे भाई शिवम पुत्र वेदप्रकाश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला दर्ज कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# सीताराम बाबा आश्रम पर भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र के राजघाट में सीताराम बाबा के आश्रम पर एक महीने से चल रही रामचरितमानस पाठ भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया बाबा के भक्तों ने बताया कि यह 42 वीं राम नगरिया हुए हैं सीताराम बाबा आश्रम पर भंडारे पर भजन संध्या का आयोजन किया सभी लोगों ने सीताराम बाबा के जयकारे





का समापन हुआ उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

सीताराम बाबा के भक्तों ने रामायण के समापन पर विषेश पूजा अर्चना कर हवन में आहुतियां दी उसके बाद सीताराम बाबा कि मूर्ति की आरती उतार कर सभी लगाए भक्ति में भावुक हुए भक्तगणों राजस्थान, डिबाई, अलीगढ़, बहजोई, चन्दौसी, बबराला, राजघाट, नरौरा, कर्णवास, अनूपशहर, बुलन्दशहर के भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद व आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों की याद ताजा, आर के पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी मौन श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** आर के पब्लिक स्कूल में पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बच्चों ने शहीद हुए सैनिकों की याद में मौन रखा और संवेदनाएं व्यक्त कीं। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्या डा सपना श्रीवास्तव ने बताया कि अबसे छः साल पहले पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए पुलवामा में हमारे सैनिक शिविर पर हमला बोला जिसमें अनेक सैनिक शहीद हो गए थे। हमारे प्रधानमंत्री जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाक को मुंह तोड़ जबाव देते हुए आतंकवादियों का सफाया करा दिया था। हमारी सहानुभूति शहीद सैनिकों के परिजनों के साथ है। भारत सरकार ने इस दिन को ब्लैक डे घोषित कर अमर शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की है।



# पुलवामा के शहीद जवानों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, जरा याद उन्हें भी कर लो, जो लौट के घर ना आए

बुलन्द संदेश बयूरो

**शिकारपुर।** 5 वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए जवानों को जिलेवार में श्रद्धांजलि दी गई। शहीदों को याद कर लोगों की आंखें भर आई। सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले की युवाओं के साथ समाजसेवियों द्वारा निंदा की गई। साथी शुक्रवार को स्कूल कॉलेज समेत राजनीतिक पार्टियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिन की पांचवी पुण्यतिथि पर नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला सोशल मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा भाजपा राधा सिरोही ने अपने आवास पर एक बैठक कर पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर शहीद भारत मां के वीर सपूतों को याद किया गया। जिसमें 2 मिनट का मौन धारण किया गया तथा कैंडल जलाकर पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राधा सिरोही ने कहा कि वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं दूसरी ओर भाकियू भानु के किसानों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। शिकारपुर कोतवाली में पुलवामा हमले की पांचवी बरसी पर शहीद भारत माता के वीर सपूतों को याद किया गया। कोतवाली परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन धारण किया गया तथा कैंडल जलाकर पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे ने कहा के वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान अपराध निरीक्षक.व पुलिसकर्मियों आदि मौजूद रहे।

## शब ए बारात

## मुस्लिम समाज के लोगों ने रातभर जागकर की अल्लाह की इबादत

# पूरी रात इबादत कर मांगी दुआ, गुनाहों से की तौबा, समाज में कई प्रकार की बुराइयां पनप रही हैं, जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही है

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**गुलावठी।** नगर की मस्जिदों मे शब ए बारात की रात मे अकीदतमदो ने पूरी रात जाग कर अल्लाह की इबादत की और गुनाहों की माफी मांगी । इस मौके पर इशा की नमाज के बाद

**अगर नशे को हमारे समाज में नहीं रोका गया, तो आगे जाकर बहुत घातक परिणाम सामने आएंगे : मौलाना फजलुर्रहमान**

एक मीनार मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुर्रहमान ने जहां शबे बरात की फजीलत बताई वही समाज मे फैली बुराइयो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमारे समाज मे शराब, ड्रग्स, गांजा, भांग आदि के बढते चलन से नशा समाज के लिए केंसर के रूप मे फैल रहा है आज हमारी नौजवान पीढी मे शराब, ड्रग्स, गांजा, भांग आदि का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विशेष तौर पर शराब का. उपयोग कर युवा पीढ़ी इसका शिकार होती जा रही है। अगर नशे को हमारे समाज में नहीं रोका गया, तो आगे जाकर बहुत घातक परिणाम सामने आएंगे, हमे अपनी नौजवान नसल एवं बचचो की गतिविधियो पर खास ध्यान रखकर उनहे बर्बाद होने से बचाना होगा।

मौलाना ने बताया कि हमारे समाज में कई प्रकार की बुराइयां पनप रही हैं, जो हमारे सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। इनमें से नशे की बुराई सबसे गम्भीर और चिंताजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रही है। इसके चलते अपराध, स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक तंगी जैसी कई अन्य समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है, जिसे जड़ से समाप्त करना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति किसी भी स्तर तक गिरना स्वीकार कर लेता है। नशे की हालत में वह नैतिक, आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को नष्ट कर देता है। जिससे अनगिनत आर्थिक और सामाजिक समस्याएं उसको घेर लेती हैं। और उसके परिवार को बहुत सी समस्याओं की ओर ढ़केल देती हैं। घरेलू हिंसा, बलात्कार जैसी घटनाएं नशे के कारण सामने आती हैं। इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम और धार्मिक व नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना अत्यन्त आवश्यक है। समाज के हर व्यक्ति को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सशक्त समाज बनाया जा सके।

मौलाना फजलुर्रहमान ने कहा कि शबे बरात में बंदों के गुनाह माफ होते हैं। इस रात्रि में अल्लाह तआला पहले आसमान पर आकर बंदों की दुआओं को सुनकर उन्हें कबूल करता हैं। लेकिन



इस रात में मुसलमानों ने अपनी ओर से बहुत सी चीजें पैदा कर दी हैं। जिनका इस्लाम धर्म से कोई ताल्लुक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शबे बरात में इस्लाम धर्म के अनुसार कोई भी इबादत करने की पाबंदी नहीं हैं। जिस इंसान पर जो कुछ भी आता हो,वह उसी को पढ़कर अल्लाह की इबादत करें। जैसा कि बहुत से लोग कहते हैं,कि इतनी नमाजे पढ़े और ये सूरत पढ़े,ये भी गलत हैं। प्रत्येक इंसान अपनी मर्जी के मुताबिक इबादत कर सकता हैं। मौलाना ने कहा कि शबे बरात पर आतिशबाजी करना और जुलूस के तरह सड़कों पर घूमना और वाहनों से स्टंट करना बहुत बड़ा गुनाह हैं। मुसलमानों को इस गुनाह को करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शबे बरात में बहुत से लोग जुलूस की शक्ल में कब्रिस्तान जाकर कब्रों के निकट मोमबत्तियां जलाकर प्रकाश करते हैं। इसे भी इस्लाम धर्म में मना किया गया हैं। अनने डेढ घंटे के ब्यान के बाद अखिर मे दुआ करायी।

उधर नगर पालिका परिषद ने मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया। मस्जिदों के आसपास चूना डाला गाया। थाना प्रभारी सुनिता मलिक ने पुलिस कर्मियो के साथ नगर मे गश्त किया और लोगो का सुरक्षा का अहसास कराया।

# हिमाचल प्रदेश के गवर्नर ने किया डॉ.अवनीश राही को सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** भारत विभूषण से विभूषित अलीगढ के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् गीतकार डॉ.अवनीश राही को उनके द्वारा भाषा,साहित्य एवं संस्कृति के संवर्द्धन में अतुलनीय योगदान हेतु प्राष्ट्रीय गौरव

**गीतकार डॉ.अवनीश राही को मिला प्राष्ट्रीय गौरव साहित्यश्री सम्मान**

साहित्यश्री सम्मान-2025 हिमाचल प्रदेश से अलंकृत किया गया। इस विशिष्ट सम्मान के लिए हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के रेडीसन ब्लू पांच सितारा होटल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल माननीय श्री शिव प्रताप शुक्ला ने गीतकार डॉ.अवनीश राही को अंग-वस्त्र,स्मृति-चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर प्राष्ट्रीय गौरव साहित्य श्री सम्मान-2025ष हिमाचल प्रदेश की उपाधि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश गवर्नर ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने साहित्य की गंध बिखेर रहे जनकवि गीतकार डॉ.अवनीश राही का साहित्य ओस की बूदों के मानिद् है जो हर मन के प्यासे मरुथल को तृप्त कर रहा है। हम आशा करते हैं कि डॉ. राही समाज हित और राष्ट्रहित में यूँ ही अपनी कलम चलाते रहेंगे।जैन समुदाय से इंडो-कनाडा के चेयरमैन नीलेश लोढ़ा व अमित भड़ाना ने कहा कि आज के परिवेश में साहित्यिकारों की भूमिका बेहद खास है। इसी संदर्भ में साहित्यकार डॉ.अवनीश राही का साहित्य वर्तमान समाज का आईना है। जिसमें हर जन-मानस का प्रतिबिंब दिखता है।गीतकार डॉ.अवनीश राही ने यह सम्मान अपने पिता साहित्यकार अमर सिंह राही सहित अपने अलीगढ वासियों के साथ-साथ समस्त सहित्यकारों कलमकारों को समर्पित



किया। कैज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड मुंबई महाराष्ट्र के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ, राजस्थान सहित पूरे भारत के विविध कला क्षेत्रों की नामचीन हस्तियों ने भाग लिया।ज्ञातव्य हो कि अलीगढ के हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज में व्याख्याता पद पर आसीन गीतकार डॉ.अवनीश राही को पिछले दिनों दिल्ली विधान सभा में दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष माननीय राम निवास गोयल जी ने राष्ट्रीय पुरस्कार भारत विभूषण की उपाधि से विभूषित किया था, वहीं बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने भी साहित्य शिरोमणि शब्द-सम्मान से सम्मानित किया।

# उचित दर की दुकान के लिए स्वयं सहायता समूह अथवा स्थानीय व्यक्ति करें आवेदन, गांव खुराना जहांगीराबाद की दुकान है रिक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव खुराना जहाँगीराबाद की उचित दर दुकान वर्तमान समय में रिक्त चल रही है।जिसको लेकर खण्ड विकास अधिकारी,ब्लॉक सिम्भावली द्वारा लिखित में सूचित किया गया है कि उक्त ग्राम में कोई भी स्वयं सहायता समूह अथवा व्यक्ति उचित दर की दुकान का संचालन करने में इच्छुक नही है।जिसके चलते ग्राम खुराना जहाँगीराबाद, ब्लॉक सिम्भावली तहसील गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड का कोई भी स्वयं सहायता समूह अथवा स्थानीय निवासी, जिसकी उम्र 21 वर्ष हो तथा हाईस्कूल या समकक्ष उत्तीर्ण हो एवं दुकान संचालन हेतु इच्छुक हो उचित दर की दुकान के आवंटन हेतु अपना आवेदन तहसील गढ़मुक्तेश्वर के आपूर्ति कार्यालय में आगामी सात कार्यालय दिवस में जमा करायें। अन्यथा की स्थिति में यह माना जायेगा कि उक्त ग्राम सभा में कोई भी उचित दर दुकान लेने हेतु इच्छुक नही है।इसके अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेंगी।




# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का निःशुल्क योग प्रशिक्षण केंद्र के रूप में हुआ चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का चयन किया गया है। उक्त संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव तथा जितेंद्र कुमार (अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग) के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में 66 योग केंद्रो का उद्घाटन किया गया है। इन केंद्रो में लगभग 2100 छात्र योग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

इसी क्रम में गाजियाबाद जिले की मोदीनगर तहसील के कस्बा निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु की देखरेख में योग प्रशिक्षक गीतक



सिंधु द्वारा योग केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस योग केंद्र के विषय में जानकारी देते हुए डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि योगा हमारे जीवन का आधार है। योगा के माध्यम से ही हम अपना शारीरिक व मानसिक विकास कर सकते हैं। आज के व्यस्त जीवन में योगा के माध्यम से ही बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास होता है। अतः योगा के माध्यम से ही हम वर्तमान और भविष्य में उत्पन्न होने वाले रोगों से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। योग करने से सभी स्वस्थ रहते हुए जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्या डॉक्टर सरिता सिंधु ने योग प्रशिक्षक व छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# पीएनबी ने आईआईए के उद्यमियों को दी ऋण योजनाओं की जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित पीएनबी एमएसएमई आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत बैंक के उच्च अधिकारियों ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मोदीनगर से जुड़े उद्यमियों एवं संभावित उद्यमियों को बैंक द्वारा एमएसएमई के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। हाईवे स्थित एक रिसॉर्ट के भव्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईए मोदीनगर चैप्टर के चेयरमैन राज ढींगरा, पंजाब नेशनल बैंक के जनरल मैनेजर अजय सिंह, डिप्टी जनरल मैनेजर रविन्द्र खुराना,






आईआईए के सीईसी सदस्य डॉ मुकेश गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने मोदीनगर के उद्यमियों का स्वागत करते हुए उन्हें बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं से अवगत कराया तथा आसान ऋण शर्तों के कारण पंजाब नेशनल बैंक से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान डा पवन सिंघल सहित अनेक उद्यमियों ने भी बैंक से आ रही अनेक कठिनाइयों को बैंक अधिकारियों के समक्ष उठाया। जिसके बाद जनरल मैनेजर अजय सिंह ने सभी कठिनाइयों का प्राथमिकता से निस्तारण किए जाने का आश्वासन उद्यमियों को दिया। अध्यक्षता आईआईए के चेयरमैन राज ढींगरा तथा गाजियाबाद के उद्यमी शरद गुप्ता ने की। मंच संचालन आईआईए के सीईसी सदस्य डॉ मुकेश गर्ग ने किया।

इस अवसर पर बृज मोहन कपूर, राकेश कंसल, पंकज जैन, अंकित भटनागर, हिमांशु अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, मनोज माहेश्वरी, शशि भूषण, संदीप गुप्ता, योगेन्द्र अग्रवाल, विपिन चौधरी, सीए अमित माहेश्वरी, अजय सिंह, अशोक मिश्रा, विशाल गोयल, राजेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, अजय गुप्ता, प्रमोद गर्ग, प्रवीन गुप्ता, भूपेंद्र गोयल, प्रशांत ढींगरा, मंजीत कश्यप, अतुल शर्मा, संजीव चौधरी, अंकुर सक्सेना सहित सैकड़ों उद्यमी उपस्थित थे।

# घमण्ड में इतना चूर भी न हों प्रधान कि जनता जिलाधिकारी के द्वार खड़ी होने को हो मजबूर: सत्यवीर यादव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** ग्राम पंचायत अजवाइन ढेर को ग्राम पंचायत के जिम्मेदार एक और दुःखद संदेश दे रहे हैं आप सब को पता है एक बार पहले भी यह प्रक्रिया चली थी तब बड़ी मुश्किल से बची थी ग्राम पंचायत की जमीन ये जमीन पहले गांव के पूर्वजों से नहर विभाग ने ली थी अभी भी इसमें नाम दर्ज हैं गाँव पूर्वजों के जो पहले इस जमीन के मालिक हुआ करते थे।कल 13 फरवरी को ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि महोदय ने तहशील दार साहब एवं वन विभाग के कर्मचारियों को बुला कर यह गांव के नजदीक सब जमीन जहां गौशाला निर्माण कराया जाना है उसके नजदीक सब खाली पड़ी जमीन वन विभाग को सौंप दी जहां बच्चे किर्केट (मैच) खेलते थे एवं अन्य सभी खाली पड़ी जमीन को वन विभाग को सौंप दिया । मैं जिम्मदारों से कहना चाहता हूँ आपके बच्चे शहर में रहेंगे तो गांव के बच्चों के खेल से इतनी नफरत क्यों है आपको पहले हमने जो सरकारी जगह समतल की अपने खुद के पैसे से एवं प्रधान जी भाय ने भी कुछ सहयोग किया था जिससे हमारे यहां के युवाओं को दौड़,सेना की तैयारी एवं खेल मैदा के लिए आपने रात में 2 जे सी बी लगा कर से उस मैदान को खुद बा कर गौशाला की जमीन का नाम दे दिया अब जो जगह बच्चों ने फिर से खेल एवं दौड़ के लिए तैयार की तो आपने पूरी जमीन वन विभाग को सौंप दी में ये जानना चाहता हूँ युवाओं से नफरत करने वालों से इस गांव ने ही आपको आगे बढ़या है। आपको कूपचालक इस गांव ने बनाया आपके परिवार को कई बार इस गांव एवं ग्राम पंचायत ने प्रधान बनाया एवं आपकी पत्नी को आँगनवाड़ी बनाया और गांव का कोई व्यक्ति आपके सामने बोलता नहीं आप बुरा भला करते रहे अब आप ये बताओ गांव को क्यों बर्बाद करने पर तुले हो गांव एवं ग्राम पंचायत की जमीन के पीछे मत पड़ो ग्राम पंचायत माफ नहीं करेगी , बच्चे खेलते हैं उस जगह को बच्चों को खेलने को रहने दो आपके हाथ में जनता ने ताकत दी है। उसका नाजायज प्रयोग मत करो बच्चों की खेलने की जगह को सुरक्षित रहने दो जिससे हमेसा बच्चे खेलते रहें मेरा सभी ग्राम पंचायत अजवाइन ढेर के युवाओं की तरफ से ग्राम पंचायत अजवाइन ढेर के सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से कहना इतना अहित मत करो यदि उस सरकारी श्रेड़ी 10 की जमीन में गौशाला बन सकती है जिसकी कोई जरूरत ही नहीं ग्राम पंचायत अजवाइन ढेर को तो किर्केट मैच मैदान की जमीन भी छूटल सकती है ।



# सुरविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में प्राप्त की सफलता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निवाड़ी स्थित प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान सुरविन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल ओलंपियाड फेडरेशन एवं द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग के 120 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से सृष्टि, खुशी शिवाच और शांभवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इन होनहार छात्रों को निवाड़ी नगर पंचायत के चेयरमैन अनिल त्यागी द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त प्रबंधक अनुपम



यादव एवं निवाड़ी थाना अध्यक्ष सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

विद्यार्थियों द्वारा अर्जित की गई इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन में शामिल डॉ शिखा दरबारी एवं तुषार गुप्ता ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है। डॉ सरिता सिंधु के मुताबिक विद्यालय का मानना है कि ये छात्र भविष्य में भी अपनी मेहनत और लगन से नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

# रामपाल चौधरी बने राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी के निदेर्शानुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष रामअशीष राय के अनुमोदन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने मूल रूप से गांव बेगमाबाद तथा हाल सतीश पार्क कॉलोनी निवासी किसान नेता रामपाल चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल का जनपद गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत होने के उपरांत रामपाल चौधरी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उनका यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों पर चलकर किसानों और मजदूरों के अधिकारों की आवाज को बुलंद तरीके से उठाएंगे और उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए हर समय तत्पर रहेंगे। उधर सूचना मिलने पर नव मनोनीत जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी को क्षेत्र के तमाम रालोद नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में रालोद प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, वरिष्ठ रालोद नेत्री डॉक्टर पूनम गर्ग, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, संजीत नेहरा, योगेंद्र पतला, कपिल चौधरी, जयदीप, सत्येंद्र तोमर, बिट्टू खंजरपुर, विनोद गौतम, रविंद्र तोमर आदि रालोद नेता शामिल है।

# किरायेदारी कानून का मजाक उड़ा रहे अधिकारी-विधायक से नोवरा ने की शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा ।** आज यहाँ नॉएडा विधायक श्री पंकज सिंह से मिल नॉएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय परिसर किरायेदार विनियम अधिनियम 2021 का अधिकारीयों द्वारा मजाक उड़ाने

**नए कानून के बाद न्याय मांगने वाले ग्रामीणों को खाने पड़ रहे हैं धक्के, तहसीलदार पर गंभीर आरोप**

की शिकायत की ,संस्था के अध्यक्ष श्री रंजन तोमर ने संवाददाताओं से कहा की नगरीय परिसर किरायेदार विनियम अधिनियम 2021 के पारित होने के बाद शहर में मकान मालिक किरायदारों के बीच समस्याओं का निस्तारण जल्द होने की उम्मीद जगी थी , इसके उलट रिकवरी में जाने के बाद डिक्री पाने वाले को दर दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं , जहाँ हर केस करने वाले को कोर्ट फीस देनी पड़ती है और इसके आलावा रिकवरी में सरकार को राजस्व मिलने का प्रावधान भी है , इसके बाद भी न्याय की लड़ाई लड़ने वाला खाली हाथ हो गया है और कब्जे करने वाले पर कार्यवाही शून्य है। कई केसों में वादी को सिर्फ रिकवरी हेतु उच्च न्यायालय तक जाना पड़ रहा है और फिर भी कोई कार्यवाही तहसील दार (दादरी) विशेषकर नहीं की जा रही है। नॉएडा के केसों की रिकवरी हेतु खासकर तहसीलदार ,दादरी द्वारा लगातार ढिलाई की शिकायतें संस्था को प्राप्त हो रही हैं , गौरतलब है की यह शिकायतें ग्रामीणों से प्राप्त हो रही हैं जो सरकार पर विश्वास कर-के किरायेदारी कानून के जरिये न्याय पाने हेतु एडीएम न्यायालय गए , इससे ग्रामीणों में बहुत रोष है। तहसीलदार द्वारा न केवल रिकवरी में कानूनी रूप से आवश्यक कुड़की



एवं गिरफ़्तारी जैसे हथियारों को इस्तेमाल न करने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं , बल्कि कुछ ग्रामीणों ने तो यहाँ तक कहा है की तहसीलदार के अधीनस्त अधिकारी पैसे लेकर रिकवरी होने वाले पैसे की जानकारी पहले ही कब्जेदार को दे देते हैं , जिससे कानून का मजाक बनकर रह गया है। ऐसे में विधायक से अनुरोध किया गया है की सरकार की साख पर बट्टा लगाने वाले , उसकी छवि खराब करने की चेष्टा करने वाले और ग्रामीणों और नगर वासियों को परेशान करने वाले ऐसे अधिकारी को सख्त से सख्त आदेश दिए जाएँ ताकि जनता का विश्वास सरकार और कानून पर बना रहे। और सबसे पहले रिकवरी के केसों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के आदेश भी पारित किये जाने चाहिए। इस बाबत श्री पंकज सिंह ने कहा की वह जल्द इस बात को जिलाधिकारी के सामने उठाएंगे और आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी करेंगे , इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष श्री अजय चौहान और महासचिव श्री पुनीत राणा ने विभिन्न गाँवों के अन्य मुद्दों पर भी विधायक के साथ चर्चा की।

**गिरफ्तार** घटनास्थल पर मिले बदमाश के मोबाइल से लोकेशन ट्रेस करने पर पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाश

# मुनीम को गोली मार कर व्यापारी से लाखों रुपए की लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में लंगड़ा कर किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। ( नासिर मंसूरी)** गुरुवार की रात को नगर की महाजनान कॉलोनी में मुनीम को गोली मारकर थोक व्यापारी से साढ़े आठ लाख

**पुलिस चेकिंग अभियान के तहत बदमाशों को गिरफ्तार करना दिखा रही है**

रुपए व अन्य सामान की लूट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने कुछ घंटों में ही गिरफ्तार कर लूट कांड का खुलासा कर दिया है। घटनास्थल पर गिरे लूट करने वाले एक बदमाश के मोबाइल से पुलिस ने सभी बदमाशों की लोकेशन ट्रेस कर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार





कर लिया था। नगर की महाजनान कॉलोनी में गुरुवार रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मोहित गर्ग के पिता किराना के थोक व्यापारी सतीश चंद्र गर्ग व उनके मुनीम बबलू से बदमाशों ने दो बैग लूट लिए थे। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने मुनीम को गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लूट के बाद भागते समय दुष्यंत प्रजापति नामक बदमाश का मोबाइल घटनास्थल पर गिर गया था, जो पुलिस ने अपने कब्जे में लेलिया था। बदमाश दुष्यंत प्रजापति के मोबाइल लूट करने वाले बदमाशों के लगातार फोन आते रहे।

बताय जा रहा है कि पुलिस ने सभी बदमाशों के मोबाइल सर्विलांस से ट्रैस किए। इसके बाद पुलिस व बदमाशों के बीच गंग नहर पटरी पर मुठभेड़ हो गई और पांच बदमाश पकड़े गए। हालांकि पुलिस चेकिंग अभियान के तहत बदमाशों को गिरफ्तार करना दिखा रही है।

# बालाजी मन्दिर पर हुआ सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मकसूदपुर निवासी सुधीर त्यागी ने शुक्रवार को जेवर बुलन्दशहर मार्ग पर झाझर में बालाजी मन्दिर पर सुन्दर काण्ड के पाठ का आयोजन कराया। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने सुन्दर काण्ड पाठ को सुनकर धर्म लाभ उठाया। सुधीर त्यागी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से जेवर बुलन्दशहर मार्ग पर पैट्रोल पंप के समीप झाझर में श्री बालाजी धाम मन्दिर में मन्दिर की वर्षगांठ पर सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को भी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक सुन्दर काण्ड पाठ कराया गया।जिसका श्रवण कर आसपास के गांव व क्षेत्र के लोगों ने



आकर धर्म लाभ उठाया। सुन्दर काण्ड पाठ के समापन के बाद तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, सुधीर त्यागी राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा, सुरेन्द्र त्यागी, मंगेश त्यागी, नितिन त्यागी, आयुष, शेखर, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम द्वारा डकैती करने वाले 05 अभियुक्तगण मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार, कब्जे से 690 रुपए नगद व 03 रोकड बही बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। रात्रि को थाना मुरादनगर क्षेत्रान्तर्गत एक व्यापारी व कर्मचारी से 06 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली चलाते हुये पैसो का थैला व हिसाब का बहीखाता व दुकान की चाबी, गोदाम की चाबी लेकर मौके से भाग गये थे जिसके सम्बन्ध में थाना मुरादनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। दिनांक 14.02.2025 को स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुरादनगर कस्बा की तरफ से आ रही दो मोटर साईकिल पर सवार कुल 06 लडको को रोकने का प्रयास किया तो नही रुके मोटर साईकिलो को रेगूलेटर गंगनहर की तरफ तेजी से मोड़ भाग निकलने संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया जैसे ही पुलिस टीम मोटर साईकिलो के नजदीक पहुँची तो मोटर साईकिल पर सवार व्यक्तियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर सीधा फायर कर दिया , आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा फायर किया गया जिसमें 04 बदमाश घायल होकर गिर पडे । पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर घायल बदमाशो के नाम 1. शारुख पुत्र साबर 2. अभिषेक जाटव पुत्र जगपाल नि0 गण बरात घर के पास टीला सहबाजपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद 3. नदीम पुत्र शौकीन अल्वी निवासी टोली मोहल्ला लोनी थाना लोनी गाजियाबाद 4. शिवांश पुत्र तिलकराम नि0 डी 3 /280 गली ल्लङ्ग 18 अ हर्ष विहार



दिल्ली मूल पता ऊंचा मोहला कैसेरूखेरा थाना लाल कुर्ती मेरठ बताया तथा पांचवा व्यक्ति हरीश उर्फ विशाल कश्यप पुत्र कल्लू कश्यप नि0 कृष्णा विहार थाना लोनी बॉर्डर को हिरासत में लिया गया तथा एक व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गया । घायल बदमाशो को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

**अभियुक्तगण का नाम पता**

1. शारुख पुत्र साबर नि0 बरात घर के पास टीला सहबाजपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद-घायल, 2. अभिषेक जाटव पुत्र जगपाल नि0 बरात घर के पास टीला सहबाजपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद-घायल , 3. नदीम पुत्र शौकीन अल्वी निवासी टोली मोहल्ला लोनी थाना लोनी गाजियाबाद-घायल, 4. शिवांश पुत्र तिलकराम नि0 डी 3 /280 गली ल्लङ्ग 18 अ हर्ष विहार दिल्ली मूल पता ऊंचा मोहला कैसेरूखेरा थाना लाल कुर्ती मेरठ-घायल , 5. हरीश उर्फ विशाल कश्यप पुत्र कल्लू कश्यप नि0 कृष्णा विहार थाना लोनी बॉर्डर,फरार अभियुक्त का नाम पता,1. दुष्यंत प्रजापति पुत्र इन्द्रपाल सिंह नि0 103 टीला मोड शाहबाजपुर थाना लोनीबार्डर गाजियाबाद बरामदगी का विवरण,690 रुपए नगद व 03 रोकड बही,, 02 अदद मोटर साईकिल,03 अदद तमन्चा .315 बोर नाजायज , एक पिस्टल 32 बोर, गिरफ्तार करने वाली टीम,स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना मुरादनगर पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद

# सोसायटी में बिल्डर द्वारा ग्रीन बेल्ट पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बड़ा इंस्टॉलेशन कार्य अनधिकृत स्थान पर किया जा रहा है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**। बताते चलें ,जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नक्शे के अनुरूप उचित स्थान पर नहीं है, इस विषय पर वहां के निवासियों ने बिल्डर को अपनी आपत्ति जताई व लिखित जवाब की मांग की परन्तु बिल्डर द्वारा किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य निरंतर चालू है बिल्डर द्वारा फ्लैट खरीदारों से इस जगह पर स्विमिंग पूल दिखाकर कुछ ज्यादा कीमत भी ली गई थी, निवासियों में इस विषय को लेकर रोष है तथा इस संदर्भ में सोसाइटी के पीड़ित निवासियों द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष एवं जोन-1 प्रभारी के समक्ष लिखित शिकायत दी गई है।



# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ में भारत की पहली बहु-अनुशासनिक एआई शिक्षा प्रणाली शुरू होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की डिजिटल भविष्य की दिशा में प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एक सम्मेलन का आयोजन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र, नीति निर्धारकों और वैश्विक एआई विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एआई पर वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और कहा कि एआई के क्षेत्र में किए जा रहे निवेश से भारत को भविष्य में वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी।

सम्मेलन में यह घोषणा की गई कि उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ में 170 एकड़ भूमि में एआई हब विकसित कर रही है, जिससे प्रदेश को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। इसी क्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ में उच्च स्तरीय एआई शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 2500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। इसके साथ ही इंडिया एआई फाउंडेशन की स्थापना



का निर्णय लिया गया, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। इस सम्मेलन में 30 से अधिक कंपनियों के सीईओ, संस्थापक, विशेषज्ञ और निवेशकों ने भाग लिया और उद्योग-शिक्षा साझेदारी को लेकर कई महत्वपूर्ण समझौते किए।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर एआई को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी सरकार ने टाटा ग्रुप के साथ मिलकर कौशल विकास को गति देने के लिए करार किया है, जिससे उद्योगों को योग्य कार्यबल मिल सके। लखनऊ में एआई हब विकसित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है और इसके लिए हमें एआई और डिजिटल क्रांति में नेतृत्व करना होगा। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राज्यसभा सांसद व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक एआई मिशन का केंद्र बन रहा है।

# नगर आयुक्त द्वारा साप्ताहिक बाजारों के लिए बनाई जा रही नई नियमावली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** आज नवयुग मार्केट अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट में साप्ताहिक बाजार के ठेकेदारों द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें सभी ठेकेदार पत्रकारों के सवालों से भागते नजर आए उनके पास किसी भी पत्रकार के सवाल का कोई जवाब नहीं था उन्होंने यह भी बोला कि सभी अपना अपना काम कर रहे हैं ' कोई टेबल का ठेकेदार है तो कोई लाइट्स का ठेकेदार है सब अपनी तरीकों से पैठ बाजार में काम कर रहे हैं लोगों से ठियो के किराए वसूलना और ठियो की खरीद फरोख्त करना अवैध उगाही की श्रेणी में नहीं आता जबरन लाइट किराए पर देकर पैसे वसूलना और जबरन मेजे किराए पर देकर पैसे वसूलना भी अवैध उगाही की श्रेणी में नहीं आता अपने आप को मेज व्यवसाई बोलने वाले रमेश पाल ने बताया कि मैं इएछ कंपनी में नौकरी करता था मेरा छोटा भाई सोनू सुरेश पाल पहले इस काम को करता था उसके कहने पर मैं अपनी नौकरी छोड़कर इस काम से अपनी आजीविका चला रहा हूं इसी तरह हम सभी साप्ताहिक बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारी दुकानदारों को बाजार में सुविधाएं उपलब्ध कराते है उसके एवज में सुविधा शुल्क लेकर उन लोगो पर खर्च कर देते है ल लोगो की इतनी सेवा करने के उपरांत भी कुछ अखबारों ने हमें बाजार के ठेकेदारों के रूप में प्रचारित किया है उन्होंने बताया मनस्वी वाणी पेपर में लिस्ट के साथ खबर लगी थी इसमें विजय गौतम का भी नाम शामिल है मौके पर विजय गौतम मौके पर मौजूद थे मौके पर प्रेस वार्ता के वक्त गया कि हमें कोई बदनाम करने की कोशिश कर रहा है मीडिया द्वारा पूछा गया कौन बदनाम कर रहा है उसका नाम बताइए तो वह नाम लेने से बचते नजर आए हम तो साप्ताहिक बाजारों के छोटे से व्यापारी है हमें बाजारों के ठेकेदार के नाम से प्रचारित न किया जाए ।









# व्यापारियों की समस्याओं को जीएसटी कमिश्नर से मिले अधिवक्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसियेशन ने शुक्रवार को जीएसटी कमिश्नर से मिलकर उनके सामने व्यापारियों के समक्ष आ रही कई समस्याओं को रखा तथा उनके निस्तारण की मांग की। कमिश्नर से सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिला टैक्स बार एसोसियेशन के अधिवक्ताओं ने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें व्यापारियों के समक्ष आ रही कई समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही सरकार द्वारा जारी बजट पर चर्चा करते हुए कई सुझावों को भी उनके साथ साझा दिया। जीएसटी कमिश्नर ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि व्यापारियों के समक्ष आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर विकास शर्मा एडवोकेट, अनुज कुमार, देशपाल सिंह, मोहित वर्मा, दिव्य मित्तल, सचिन गोयल, अकित जैन, विक्रांत भार्गव, सचिन सैनी, अनुराग गौड, मनव्वर हसन, सनुज शर्मा, मोहनलाल, सुनील सोनी, अतुल गोयल, अंशुल गर्ग, अमित मित्तल, सावेज, सदाकत अली, ओमवीर सिंह, अल्पेश कुमार आदि अधिवक्ता भी मौजूद रहे।



# एमआईबी गाजियाबाद और ग्लोबल बिजनेस अकुमेन सेंटर, लंदन के बीच साझेदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एससीपीएस एमआईबी चेयरमैन निर्मल सिंह, , ने ग्लोबल बिजनेस अकुमेन सेंटर (जीबीएसी), लंदन के साथ साझेदारी की घोषणा की। आज, एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद और जीबीएसी, लंदन के बीच एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक का उद्देश्य सहयोग और परस्पर विकास के अवसरों का पता लगाना था साझेदारी की जानकारी चर्चा के परिणामस्वरूप, एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद में एमआईबी छात्रों के लिए सीपीडी यूके प्रमाणित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए एक परस्पर समझौता हुआ। यह साझेदारी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर और प्रमाणीकरण प्राप्त करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करेगी।

**शामिल मुख्य व्यक्ति**


1. निर्मल सिंहः चेयरमैन, एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद 2. डॉ. देवेंद्रा कुमारः सलाहकार, एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद 3. लखबीर सिंह जीः सीईओ, ग्लोबल बिजनेस अकुमेन सेंटर (जीबीएसी), लंदन

**साझेदारी के लाभ**

यह साझेदारी एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद में एमआईबी छात्रों को कई लाभ प्रदान करेगी, जिनमें शामिल हैंः

1. अंतरराष्ट्रीय प्रमाणीकरणः छात्रों को सीपीडी यूके प्रमाणित पाठ्यक्रम प्राप्त होगा, जो उनके वैश्विक कैरियर की संभावनाओं को बढ़ाएगा।

2. वैश्विक एक्सपोजरः साझेदारी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय व्यवसायिक प्रथाओं और नेटवर्क के साथ जुड़ने के अवसर प्रदान करेगी।



3. बेहतर रोजगार की संभावनाएंः सीपीडी यूके प्रमाणित पाठ्यक्रम छात्रों को ऐसे कौशल और ज्ञान प्रदान करेगा जो वैश्विक नियोक्ताओं द्वारा अत्यधिक मूल्यवान हैं।

**भविष्य की संभावनाएं**

एससीपीएस एमआईबी गाजियाबाद और जीबीएसी, लंदन के बीच साझेदारी एक फलदायक सहयोग की शुरूआत करती है। दोनों संस्थान छात्रों को विश्व-स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें वैश्विक व्यवसायिक परिदृश्य में सफलता के लिए तैयार करता है।



**गाजियाबाद** : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में 17 फरवरी दिन सोमवार शाम 7:30 बजे कवि नगर रामलीला ग्राउंड ऑडिटोरियम में मेरठ मंडल व महानगर गाजियाबाद संगठन का शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है शपथ ग्रहण समारोह के लिए आज कोर कमेटी की एक मीटिंग करी गई जहा मुख्य रूप से संजीव गुप्ता,देवेंद्र हितकारी,अनिल सांवरिया,अजय कालरा,सुभाष छाबड़ा,मनवीर नागर,गौरव गर्ग,अशोक अरोड़ा,गुलशन भामरी ,रजनीश बंसल,सुरेश महाजन,संजीव लाहोरिया,वरुण कुमार,राजू छाबड़ा उपस्थित रहे। **छाया:- बुलन्द संदेश**

# अंसल प्लाजा ऑक्यूपेंटस एसोसिएशन द्वारा अंसल प्लाजा में एक ब्लड डोनेशन, आई और हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप और चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में ए डी सी गुलाम नबी के सहयोग से सिविल डिफेंस गाजियाबाद एवं अंसल प्लाजा ऑक्यूपेंटस एसोसिएशन द्वारा अंसल प्लाजा में एक ब्लड डोनेशन ,आई और हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर के द्वारा विधिवत रिबन काट कर कैंप का शुभारंभ किया गया और इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा एम एम जी बल्ड बैंक , नेत्र विशेषज्ञ और कैंप में सहयोग करने वाले सभी डॉक्टर स्टाफ सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डेन को साधुवाद दिया गया गंभीर सिंह द्वारा रक्तदान के लिए आए सभी लोगों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 6 महीने में एक बार रक्तदान कर के लोगो के जीवन को बचाने में अपना योगदान दे सकता है। इस कैंप का आयोजन भी एम एम जी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया है। कैंप में 48 यूनिट ब्लड,100 लोगो ने अपना जनरल हेल्थ चेक अप और 117 लोगो ने नेत्र परीक्षण कराया इस अवसर पर प्र.डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, प्र.डिविजनल वार्डन ए के जैन , प्र .डिप्टी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार ,स्टाफ ऑफिसर रमन सक्सेना, आई सी ओ विनोद कुमार शर्मा, डॉक्टर किरण गर्ग महासचिव रेड क्रॉस, प्रणब कुमार , रविन्द्र , राहुल प्रसून आदि के साथ एसोसिएशन के भारी संख्या वार्डेन ने कैंप को सफल बनाने में अपना सहयोग किया। सिविल डिफेंस और अंसल प्लाजा ऑक्यूपेंटस एसोसिएशन द्वारा ब्लड बैंक के विनोद ,नेत्र विशेषज्ञ और अन्य डॉक्टर्स का विशेष आभार प्रकट किया गया ।








## निरीक्षण

## निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त द्वारा सभी ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की टीम के साथ बैठक भी की गई

# ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, ट्रायल के रूप में 750 औद्योगिक इकाइयों के दरवाजों तक पहुँचा शोधित जल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** 40 एमएलडी टीएसटीपी प्लांट को सुव्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए नगर आयुक्त ने टीम को दिए निर्देश, उद्घाटन कार्यक्रम की बनाई कार्य योजना पानी की गुणवत्ता जांच के लिए बनाई गई लैब तथा ऑटोमेशन कंट्रोल रूम का भी किया गया निरीक्षण नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम अंतर्गत 40 एमएलडी के टीएसटीपी प्लांट का ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की कमेटी के सदस्यों के साथ निरीक्षण किया गया, मौके पर डिस फिल्टर को चालू करते हुए शोधित जल की कार्यवाही को देखा गया साथ ही प्रोजेक्ट को पूर्ण रूप से हरा भरा बनाए रखने के लिए प्लांटेशन करने के निर्देश दिए प्रोजेक्ट को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कहा गया इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा ऑटोमेशन कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया गया जिसमें टाइमर इत्यादि गतिविधियों को देखा गया निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त द्वारा सभी ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड की टीम के साथ बैठक भी की गई शीघ्र ही प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया जाएगा कार्य योजना बनाई गई शेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश वबैग टीम को दिए गए' जलकल विभाग से अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को जल आपूर्ति करने हेतु तेजी से कार्य चल रहा है जो कि लगभग फाइनल स्टेज में है सभी इक्विपमेंट नगर आयुक्त महोदय द्वारा देखे गए प्लांट को पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया जा चुका है और अधिक बेहतर करने के लिए कार्य चल रहा है संपूर्ण कार्य पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा 1445 औद्योगिक इकाइयों में से 750 औद्योगिक इकाइयों के दरवाजा तक ट्रायल के रूप में शोधित जल की आपूर्ति कराई गई है कार्यवाही को आगे रफ्तार दी जा रही है' नगर आयुक्त द्वारा जल की गुणवत्ता जांच हेतु बनाई गई लैब का निरीक्षण किया व चल रहे कार्यों की प्रशंसा भी की गई, सीवेज वाटर का ट्रीटमेंट बेहतर रूप से चल रहा है जिसका उपयोग शोधित जल बनाकर साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र द्वारा किया जाएगा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, लेखाधिकारी जेपी सिंह, बॉण्ड सलाहकार अनुराग, आश कुमार व वबैग टीम से प्रोजेक्ट मैनेजर अग्निमोहती उपस्थित रहे।







# नाराज शिक्षकों ने डीआइओएस कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व सदस्य मांग पूरी न होने से नाराज होकर गत गुरुवार को डीआइओएस कार्यालय धरना प्रदर्शन किया,धरना देर शाम तक लगातार जारी रहा। डीआइओएस के पहुंचने और उनके आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो सका।

संघ के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी ने धरने को संबोधित करते कहा कि जिले के कई शिक्षकों के चयन वेतनमान,प्रोन्नत वेतनमान,जीपीएफ लोन, स्थानांतरण,वेतन संरक्षण, एरियर भुगतान संबंधी प्रकरणों की फाइल महीनों से डीआइओएस कार्यालय में बिना निस्तारण के लंबित हैं। जिससे शिक्षकों को गंभीर आर्थिक नुकसान और मानसिक कष्ट हो रहा है। शासन के निर्देश के बावजूद एनपीएस की कटौती सबके प्रान खातों में जमा नहीं की जा रही है। कुछ प्रकरण सालभर से तो कुछ प्रकरण चार माह से लंबित है। लगातार ऐसे प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीआइओएस को पत्र लिखकर और मिलकर समस्याओं के निस्तारण के लिए कहा गया। लेकिन कार्यालय द्वारा केवल आश्वासन दिए गए और समाधान नहीं किया गया। इस समस्याओं का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को 12 फरवरी तक का समय दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिसके बाद गुरुवार को धरना दिया गया है।



संघ के पदाधिकारी यह नीति तैयार कर चुके थे कि यदि डीआइओएस उनकी समस्या का समाधान नहीं करती हैं तो वह वहीं पर बिस्तर और खाना मंगाकर धरना देते रहेंगे। देर शाम करीब साढ़े सात बजे डीआइओएस धरना दे रहे संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ आकर जमीन पर ही बैठ गईं। उन्होंने करीब आधा घंटे तक उनसे वार्ता की और अधिकांश मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद देर शाम करीब आठ बजे धरना समाप्त हो सका।

इस अवसर संरक्षक सुबोध गुप्ता,प्रियदर्शन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, क्षेत्रीय संयोजक हापुड़ कृष्ण पाल, क्षेत्रीय संयोजक धौलाना रईस अहमद,देवमणि सिंह, सतीश सिंह, प्रमोद गुप्ता,मनोज चौधरी,उपकार भारती, विजय सिंह,सोहन कुमार,अतुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## होटल में मिला प्लेसमेंट

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को सेवन सीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 13 फरवरी 2025 को स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित 5 स्टार होटल सेवन सीज द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में होटल मैनेजमेंट के बीएचएमसीटी, बीएससी (एचएचए), डिप्लोमा (एचएम) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ड्राइव का आरंभ होटल प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे होटल के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया। इस ड्राइव मे पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसी के साथ सेवन सीज होटल और एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के बीच (एम.ओ. यू) हुआ। (एम.ओ.यू) के अंतर्गत कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण, मॉक इंटरव्यू और ट्रेनिंग मे विद्यार्थियों के लिए व्यापक प्लेसमेंट में सहायता भी प्रदान करेगी। और उक्त (एम.ओ.यू) के अंतर्गत होटल के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के लिए वेबिनार और सेमिनार की सुविधा एवं विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए कौशल और ज्ञान को बढाने के लिए प्रशिक्षण और विकास के कार्यक्रम का आयोजन करेगी जिसमें होटल और अकादमिक के अंतर को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवम चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, श्री अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो. वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), होटल मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) हरवीर सिंह, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# 100 दिवसीय टी0वी0 खोजी अभियान : ब्रजघाट टोल प्लाजा पर लगाया स्वास्थ्य शिविर लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद में 100 दिवसीय टी0 वी0 खोजी अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य शिविर में लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर टीबी मरीज खोजने के साथ-साथ इस बीमारी के लक्षणों की जानकारी दी रही है।

- स्वास्थ्य शिविर सभी टोल कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की
- अधिकारियों व कर्मचारियों को टीबी लक्षणों की दी जानकारी

शुक्रवार को ब्रजघाट स्थित टोल प्लाजा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी की स्क्रीनिंग की गई एवं जिन लोगों को क्षय रोग के लक्षण दिखाई दिए उनको बलगम जांच के लिए बलगम कंटेनर दिए गए साथ ही सभी कर्मचारियों को क्षय रोग के 10 लक्षण उपचार एवं निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।



जिला पीपीएम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने टोल प्लाजा पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया गया कि यदि किसी को खांसी आती है बलगम आता है तो वह इधर-उधर ना थूके खांसते समय मुंह पर रुमाल या तोलिया का इस्तेमाल करें,यदि बलगम आए तो ब्लीचिंग पाउडर या राख में बलगम को थूके और उसको मिट्टी में गड्ढा खोदकर दबाए।

इसके साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति को 10 लक्षणों में से कोई भी एक लक्षण दिखाई दे तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच अवश्य कराएं। यदि कोई व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष से अधिक है,मधुमेह से पीड़ित है या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है वह भी अपने टीवी की जांच अवश्य करें।

इस अवसर पर एनएचएआई के डीजीएम दिनेश कुमार,टोल मैनेजर नंद कुमार महाजन,वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने पुलवामा के शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी

# पूर्व सैनिकों ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,सिंभावली।** शुक्रवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वाधान में महिला बिग्रेड की जिला अध्यक्ष मोनिका त्यागी के नेतृत्व में हापुड़ नगर पालिका स्तिथ शहीद स्तम्भ पर संस्था के पदाधिकारियों ने पुलवामा मे शहीद हुए चालीस भारतीय सैनिको की छठी त्रासदी पर गायत्री मंत्र का उच्चारण कर व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी,जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी,पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा,प्रशासनिक सदस्यों में प्राची सैनी,मिष्ठी,शिवानी सिंह,मोनू खांन,बीजेपी के जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के सलाहकार सुधीर मूंछ,जिला प्रभारी राधेलाल त्यागी, युवा के तहसील अध्यक्ष मोनू त्यागी व विनय प्रकाश त्यागी मौजूद रहे। दूसरी ओर पुलवामा हमले की छठीं त्रासदी दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा नगर पालिका स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर व मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व वायु सेना अधिकारी मनबीर सिंह-संयुकत सचिव भारतीय पूर्व सैनिक संघ उ.प्र ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि देश के नवयुवक वैलेंटाइन डे मनाने में व्यस्त है,परन्तु जिनकी वजह से देश सुरक्षित है तथा दिन रात कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हो जाते हैं भूल जाते हैं। इस अवसर पर कैप्टन राजेश चौधरी जिलाध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ,पूर्व वायु सेना अधिकारी श्रीचंद शर्मा, हवलदार शाहिद अली,हवलदार सतेंद्र,सूबेदार राजेन्द्र, हवलदार गजब बीर,नायब सूबेदार राजेन्द्र,हवलदार आजाद पाल, कैप्टन आर सी शर्मा,सूबेदार राजकुमार, नगर पालिका कर्मचारी जयप्रकाश,श्याम सुंदर प्रदीप कुमार,अश्वनी आदि उपस्थित रहे।





# मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने 50 जिम का किया शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद,हापुड़।** शुक्रवार को मिजोरम के राज्यपाल जनरल डॉ वी के सिंह ने गाजियाबाद में 50 जिम का शिलान्यास किया। ये जिम इंद्रप्रस्थ गैस प्राइवेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत स्वीकृत किए गए हैं। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने कहा कि लोकसभा गाजियाबाद के लिए वह सदैव खड़े हैं,और उनके परिवार के लोग हर समय गाजियाबाद के लोगों के लिए उनके बीच रहेंगे। यह जिम लोकसभा गाजियाबाद में लगाए जा रहे हैं और इससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी। गाजियाबाद के नेता,पार्षद और प्रधान ने पूर्व केंद्रीय मंत्री वीके सिंह,वर्तमान राज्यपाल का स्वागत किया और उनके इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा यह एक ऐतिहासिक पल है,जब गाजियाबाद के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए एक बड़ी सुविधा मिल रही है। राज्यपाल जनरल वी के सिंह एक बड़े अनुभवी नेता हैं और उनके इस प्रयास से गाजियाबाद के लोगों को बहुत लाभ हुआ है और होगा। इस मौके पर राज्यपाल ने जनपद गाजिजाबाद और हापुड़ और अन्य जनपद के लोगों की जन समस्या सुनी। इस मौके पर गाजिजाबाद और हापुड़ के डीएम एवं सीडीओ,नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों से समस्या का निस्तारण करने को निर्देशित किया। इस अवसर कुलदीप सिंह चौहान,भाजपा के वरिष्ठ नेता,पार्षद, प्रधान, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।



# इस्लाम नशा करने की अनुमति नहीं देता है: डा.मंसूरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जमात ए इस्लामी हिन्द के जिला मीडिया प्रभारी डा.अययूब मंसूरी ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है,जिसका वर्तमान समय में उपयोग प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। नशे में सबसे अधिक क्राइम होता है। नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। जिसे जड़ से समाप्त करना बहुत जरूरी है। इसके मद्देनजर जमात ए इस्लामी हिन्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 से आगामी 23 फरवरी तक नशा मुक्ति अभियान चला रही है। जिसका शीर्षक नशा मुक्त समाज हमारा संकल्प।

- नशे की लत समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है:
- जमात ए इसलामी हिन्द पउप.में 14 से 23 फरवरी तक नशा मुक्ति अभियान चला रही है
- अभियान के प्रथम दिन मस्जिदों में इमामों ने नशे की बुराईयों पर प्रकाश डाला
- अभियान का शीर्षक नशा मुक्त समाज हमारा संकल्प

शुक्रवार को डा.अययूब मंसूरी पत्रकारों को जमात ए इस्लामी हिन्द द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में नशे की बुराई सबसे गंभीर और चिन्ताजनक है,यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करती है,बल्कि परिवार और समाज की जड़ों को भी कमजोर करती है। इस बुराई के कारण युवा पीढ़ी अपनी क्षमता और भविष्य को खो रही है।



उन्होंने कहा कि नशे के कारण घरेलू हिंसा,बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। इस समस्या को खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम,धार्मिक व नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी हो गया है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस बुराई के खिलाफ एक जुटकर काम करना होगा। डा.मंसूरी जमात ए इस्लामी हिन्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। जिसमें विचार गोष्ठी,नुक्कड़ सभाएं, स्कूल, कालेजों में लेक्चर,मीडिया,सोशल मीडिया द्वारा प्रचार प्रसार,महिलाओं,छात्रों व युवाओं से अलग से कार्यक्रम,शासन प्रशासन व समाज के प्रभावशाली लोगों के साथ बैठकें कर नशे को जड़ से खत्म करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर जमात ए इस्लामी हिन्द के अमजद सादिक, डा.इनाम उर रहमान, अब्दुल्लाह, अता उर रहमान आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शन — बिजली के तारों का जाल, आवारा पशु और सचिवालय पर लटके ताले से ग्रामीण परेशान

# लिसड़ी गांव में शिकायत के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)** । गढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव भगवती उर्फ लिसड़ी में शिकायत के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। ग्रामीण का आरोप कि सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद बनाया गया ग्राम सचिवालय पर ताला लटका रहता है।बाउंड्री वॉल गिरकर क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों के द्वारा सचिवालय के ग्राउंड में उपले पाथे जा रहे हैं।वहीं दूसरी और विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते सभी नियमों को तक पर रखकर विद्युत विभाग के द्वारा 50 मीटर से लेकर 100 मीटर तक के केवल बांधकर विद्युत कनेक्शन दिये गये है।जिससे केवल गर्म होकर कई बार गिर गए और पशु और ग्रामीण बच गए।ये केबल कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से केबल वाली लाइन डलने व ग्राम सचिवालय ताला खुलवाने और क्षतिग्रस्त बाउंड्री वाल को सही करने की मांगको लेकर प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर मुकेश चौहान,बिजेंद्र शर्मा, अजय पाल ,नरेश पाल योगेंद्र शर्मा,राजपाल, जितेंद्र प्रजापति, कुंवरपाल शर्मा, चंकी शर्मा, शिवम शर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। इस संबंध में एडीओ पंचायत अंकित कुमार ने बताया गांव मे सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान कराया जाएगा। ऊर्जा निगम के अधिकारियों से वार्ता कर बिजली की समस्याओं को भी दूर कराने का प्रयास करेंगे।

**50 मीटर से अधिक केबल डालकर दिए गए हैं कनेक्शन**







# दो दिवसीय कार्यशाला...एआरपी व आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिला प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु अभिनव प्रयास किया जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका के छात्रों में सृजनात्मक,रचनात्मक सोच के साथ क्रिटिकल थिंकर बनाया जाए। इस हेतु आई आई टी गांधीनगर द्वारा विकसित वंडर बॉक्स पर आधारित दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित कराई। जिसमें प्रत्येक विकासखंड से दो-दो एआरपी एवं दो- दो बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण में निपुण भारत के अंतर्गत गोल पर चर्चा की गई। जिसमें छात्रों के संख्यात्मक एवं साक्षरता कौशल,अच्छा संप्रेषक बन पाए एवं फाइव सेंस ऑर्गन के अतिरिक्त स्वास्थ्य एवं पोषण पर सत्र संचालित हुए। आईआईटी गांधीनगर के तत्वाधान में समस्त प्रतिभागियों को जीरो इन्वेस्टमेंट पर आधारित खिलौना निर्माण गतिविधियां कराई गई। जिसमें स्ट्रा से पीपीनी,पाइप व गुब्बारे से बाजा,स्ट्रा से फुव्वारा,कर्व्स से आकृति निर्माण। वंडर बॉक्स में दी गई समस्त सामग्रियों का उपयोग दी गई निर्देश पुस्तिका के अनुसार कराए गए। जिसमें समस्त गतिविधियों पर प्रतिभागियों द्वारा सक्रियता से प्रतिभाग किया गया। जिसमें आकार एवं आकृति सुडोकू, पैग बोर्ड,आकृति पहचानो,गुडिया निर्माण,वर्ण पहचानो चेहरा पहचान ,वर्णमाला देखो, प्यासा कौवा,अंगूर खट्टे हैं इत्यादि समस्त गतिविधियों पर कार्य किया गया। कार्यशाला में संदर्भदाता के रूप में भारत शर्मा नोडल एसआरजी एवं सीमा डायट मेंटर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में संदीप कुमार, गुरदयाल सिंह विपिन चौहान,प्रदीप तेवतिया, सुरेंद्र सिंह तोमर, कुशवीर सिंह ललित कुमार, गुलशन रिफत नसीम,अनीता एवं कमलेश रहीं।



अब यह ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता विकासखंडों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देंगे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने पुत्र केशव व पुत्र वधू कोमल को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। केशव व कोमल द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**अशोक पुत्र धर्मपाल सिंह**
**नि.मौहल्ला**
**गढ़ी,पिलखवा,तहसील**
**धौलाना,जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर




**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

प्राकृतिक खेती को बेहतर गुणवत्ता के खाद्यों के उत्पादन और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जा रहा है, और इस आधार पर ही इसके अधिक प्रसार की चर्चा है।

इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती से एक अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ यह भी प्राप्त हो सकता है कि इससे गोवंश की रक्षा की नई और अधिक संभावनाएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक खेती में खाद के रूप में सबसे अधिक उपयोग गोवंश के गोबर और मूत्र का होता है, विशेषकर गाय के गोबर और मूत्र का। इसके अतिरिक्त फसलों की हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा के लिए भी इस गोबर और मूत्र को अत्यधिक उपयोगी माना गया है। इस महत्त्व को स्वीकार करते हुए अब अनेक गांवों में ऐसे प्राकृतिक कृषि केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गोवंश के गोबर और मूत्र का ही अधिक उपयोग करते हुए खाद और हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा की दवा बनाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इसका प्रसार बढ़ेगा, वैसे-वैसे गांववासियों को लगेगा कि गाय यदि दूध देने की स्थिति में नहीं है तो भी उसके गोबर और मूत्र का भी बहुत उपयोग है। इस स्थिति में यह संभावना बढ़ेगी कि गोवंश की रक्षा अधिक बड़े पैमाने पर और अधिक निष्ठा के साथ की जाए। यदि गोवंश के गोबर और मूत्र पर आधारित खाद और दवा अधिकांश किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल जाए तो इससे प्राकृतिक खेती का प्रसार कहीं अधिक हो सकेगा, अच्छी गुणवत्ता के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे और साथ में गोवंश की अधिक रक्षा हो सकेगी, उनके लिए गोशालाएं वहीं बड़ी संख्या में स्थापित हो सकेंगी और उन्हें आवारा और बेसहारा घूमने के लिए नहीं छोड़ा जाएगा। आज देश में गोशालाएं चल तो रही हैं पर प्रायः उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठीक बजट उपलब्ध हो भी जाए तो अनेक स्थानों पर भ्रष्टाचार के कारण कठिनाइयां आ जाती हैं और गोशाला में रखे पशुओं को ठीक से पोषण नहीं मिल पाता है। कभी-कभी तो यहां रखे गए पशुओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता है। दूसरी ओर, जब गोबर और गोमूत्र का सही उपयोग होगा, वैज्ञानिक ढंग से इसका संग्रहण और सदुपयोग होगा, तो गोशालाओं को इस तरह आय भी प्राप्त हो सकेगी और विभिन्न कुटीर उद्योग भी यहां पनप सकते हैं। इस सब नियोजन में एक विशेष बात का ध्यान रखना है-बैल की रक्षा की जिम्मेदारी को भी समझना है। प्रायः गाय की रक्षा की जिम्मेदारी को समझा जाता है, और गाय के दूध के अधिक स्वास्थ्यवर्धक होने को तो अब बहुत से लोग अधिक मान्यता देने लगे हैं। दूसरी ओर, बैलों की रक्षा की जिम्मेदारी को अभी तक बहुत से लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अब इसे रेखांकित कर कहना चाहिए कि गोवंश की रक्षा की जिम्मेदारी तब तक पूरी नहीं हो पाएगी जब तक हम गायों के साथ बैलों की भी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं, और उन्हें नहीं संभालते हैं। बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर है। सैकड़ों वर्षो से वे भारतीय किसान के सबसे नजदीकी सहयोगी रहे हैं। प्रेमचंद की विख्यात कहानी 'दो बैलों की कथाइ हो या इसी पर आधारित फिल्म 'हीरा-मोतीइ में अनेक स्तरों पर बैलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। बैलों पर आधारित खेलों का आयोजन भी देश में होता रहा है। जुताई, सिंचाई, यातायात, कोल्हू, फसल को मंडी तक पहुंचाने जैसे कितने ही महत्त्वपूर्ण कायरे में बैलों की महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है। हालांकि ट्रैक्टरों के आगमन से बैलों का उपयोग अनेक स्थानों पर कम हुआ पर बहुत से खेतों में आज भी इनकी उपस्थिति बनी हुई है। जलवायु बदलाव के दौर में फॉसिल फ्यूल कम करने पर भी नये सिरे से जोर दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती का महत्त्व बढ़ रहा है। इन सब स्थितियों को ध्यान में रखते हुए गहरी चिंता का विषय है कि केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ऐसी नीति और तकनीकी का प्रसार हो रहा है, जिससे बैलों के जन्म की संभावना ही बहुत कम रह जाएगी। इस लेखक ने हाल के समय में अनेक गांवों के किसानों और पशुपालकों से इस बारे में चर्चा की और उन सबने एक स्वर में कहा कि ऐसी नीति और तकनीकी उचित नहीं है और सरकार को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। आखिर, यह तकनीकी और इस आधार पर नीति क्या है, और किस आधार पर इसका प्रचार सरकारी स्तर पर हो रहा है? इस तकनीकी का नाम है सैक्स सार्टिड सीमेन टेक्नोलॉजी अथवा लिंग निश्चित करने वाली वीर्य तकनीकी। इस तकनीकी के विकास में दावा किया जाता है कि इसके आधार पर जो गर्भ करवाए जाएंगे उनमें लगभग 90 प्रतिशत संभावना होगी कि बछिया का ही जन्म होगा और बछड़े के जन्म लेने की संभावना बहुत कम होगी। दूसरे शब्दों में देश में गायों की संख्या में तेजी आएगी जबकि बैलों की संख्या नगण्य हो जाएगी।

# दिल्ली: दो नावों की सवारी में आप हुई धड़ाम!



**राजेंद्र शर्मा**

आखिरकार, दिल्ली में वह हो गया, जिसकी बहुतों द्वारा आशंकाएं जताई जा रही थीं। भाजपा सत्तर में से 48 सीटें जीत गई। 27 साल के बाद उसे दिल्ली की सत्ता में निर्णायक तरीके से वापसी करने का मौका मिल गया। और बारह वर्ष बाद, दिल्ली के चुनाव में जनता का फैसला आम आदमी पार्टी नाम की उस नयी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ आया है, जो राजधानी दिल्ली से ही धूमकेतु की तरह उठी थी, जिसका दिल्ली से ही अस्त होने की भविष्यवाणियां सुनाई देने लगी हैं। यह दूसरी बात है कि हालांकि आम आदमी को सिर्फ 22 सीटें मिली हैं और वह भाजपा से पूरे 26 सीटों से पिछड़ गयी है, फिर भी दोनों पार्टियों के वोट में सिर्फ 2 फीसदी का अंतर रहा है। इस चुनाव में भाजपा को जहां 45.56 फीसदी वोट मिले हैं, आम आदमी पार्टी को 43.57 फीसद वोट पर ही संतोष करना पड़ा है। बेशक, यह हमारी 'जो पहले आए, सब ले जाए' पर आधारित चुनाव प्रणाली की विचित्रता का हिस्सा है कि सिर्फ 2 फीसदी वोट के अंतर से भाजपा, आप से दोगुनी से ज्यादा सीटें पाने में कामयाब रही है। हैरानी की बात नहीं है कि संघ-भाजपा, इस जीत को लेकर न सिर्फ बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, बल्कि इस चुनावी जीत को भाजपा और मोदी राज के पक्ष में दिल्ली की जनता का जोरदार जनादेश साबित करने की भी कोशिश कर रहे हैं। इसके बल पर यह साबित करने की भी कोशिश की जा रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जो धक्का लगा था, देश की जनता अब अपनी उस भूल का 'सुधार' कर रही है, लोकसभा चुनाव के बाद से हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली में भाजपा की जीत, इसका जीता-जागता सबूत हैं। लेकिन, स्पष्ट जनादेश के ये दावे इस मायने में संदेहास्पद हैं कि न सिर्फ भाजपा को आम आदमी पार्टी के मुकाबले केवल 2 फीसदी वोट की बढ़त हासिल हुई है और भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां मिलकर भी, 47 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू पाई हैं, भाजपा और उसके सहयोगियों के घोषित विरोध के मंच के आधार पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को भी इस चुनाव में 6.34 फीसद वोट मिला है और उसका तथा आम आदमी पार्टी का वोट मिलकर ही पचास फीसदी के करीब हो जाता है। भाजपा के विरोध के आधार पर सीमित संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ी वामपंथी पार्टियों का वोट भी जोड़ लिया जाए तो, भाजपा के विरुद्ध जनादेश का बल 50 फीसदी से ज्यादा वोट का हो जाता है। बेशक, तिकोने मुकाबले में भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए भी, एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का वोट आपस में जोड़े जाने का चुनाव नतीजों के हिसाब से कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। फिर भी, इस वोट का जोड़कर देखा जाना इसलिए प्रासंगिक है कि जैसा कि करीब दस महीने पहले ही हुए संसदीय चुनाव ने दिखाया था, इन पार्टियों का चुनाव के लिए साथ आना सिर्फ कोरी कल्पना का ही मामला नहीं था, बल्कि एक व्यावहारिक संभावना का मामला था। और जैसा कि देश में जनतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों की परवाह करने वाली अनेक ताकतों तथा लोगों ने चुनाव से पहले ही आगाह भी किया था, संघ-भाजपा को सत्ता से दूर बनाए रखने के लिए, आम तौर पर तमाम संघ-भाजपा विरोधी ताकतों का और खासतौर पर आप तथा कांग्रेस का साथ आना, जरूरी था। इस आगाही का वजन लोकसभा चुनाव में भाजपा के दिल्ली में सभी सात सीटें एक बार फिर जीतने और पहले हरियाणा तथा उसके बाद महाराष्ट्र में उसका विजयरथ फिर से दौड़ पड़ने के प्रभावों को देखते हुए, और भी ज्यादा बढ़ गया था। इस सब को देखते हुए, यह बात भी दर्ज करने वाली जरूर है कि आप को 22 सीटों पर जीत मिलने के अलावा कम से कम 13-14 सीटों पर आप और कांग्रेस का संयुक्त वोट, जीत के लिए काफी होता। यानी दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ी होतीं तो, इसी गणित में भी चुनाव का नतीजा बदल सकता था। जाहिर है कि साथ मिलकर चुनाव लड़ने से जो राजनीतिक-चुनावी प्रभाव पड़ा होता, इस गणित को संघ-भाजपा के खिलाफ ही झुका सकता था। वास्तव में पिछले लोकसभा चुनाव में ही इसका भी सबूत मिल गया था, जब सभी सात सीटें जीतने के बावजूद, भाजपा के मत फीसदी में, 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 3 फीसदी वोट की कमी दर्ज हुई थी। भाजपा के वोट में इस कमी के पीछे एक बड़ा कारक, आप और कांग्रेस का मिलकर चुनाव लड़ना था। इसे देखते हुए, कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि दिल्ली में भाजपा की 27 साल बाद सत्ता में वापसी को संभव बनाने में, एक कारण आप और कांग्रेस का, संघ-भाजपा को समान रूप से विरोधी मानते हुए भी, उसके खिलाफ एकजुट नहीं हो पाना था। इंडिया के मंच की इस विफलता की जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतों को आने वाले समय में बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। याद रहे कि जनतांत्रिक विपक्षी मंच ने ऐसी ही विफलता का प्रदर्शन इससे पहले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान तथा बाद में हरियाणा जैसे राज्यों में भी किया था। इन सबसे पहले गुजरात, गोवा आदि राज्यों में भी जनतांत्रिक विपक्ष का ऐसा ही बिखराव देखने को मिला था। कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि आम चुनाव के बाद से इंडिया ब्लाक, राज्यों के स्तर पर इस बिखराव को दूर करने में कोई सुधार नहीं कर पाया है। यहां तक कि इसे देखते हुए मीडिया में अब इंडिया ब्लाक के ही अंत की भविष्यवाणियां भी की जाने लगी हैं। फिर भी दिल्ली के चुनाव के नतीजों को सिर्फ या मुख्यतः आप और कांग्रेस के गठबंधन न कर पाने का नतीजा नहीं कहा जा सकता है। इसका सीधा सा कारण यह है कि 2015 और 2020 के विधानसभाई चुनावों में आम आदमी पार्टी ने जो झाडूमार जीत हासिल की थी, उसके पीछे अकेले उसकी ही पचास फीसदी से ज्यादा वोट की ताकत थी। पिछले विधानसभाई चुनाव में आम आदमी पार्टी को 53.57 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 38.51 फीसदी वोट पर ही संतोष करना पड़ा था। लेकिन, ताजातरीन चुनाव में आम आदमी पार्टी का वोट, घटकर 43.57 फीसदी रह गया है यानी पूरे 10 फीसदी से घट गया है, जबकि भाजपा का वोट, करीब 7 फीसदी बढ़कर, 45.46 फीसदी हुआ है। इसी दौरान कांग्रेस का वोट 4.26 फीसदी से बढ़कर 6.34 फीसदी हुआ है यानी आप पार्टी के वोट में हुई गिरावट में से 2 फीसदी से ज्यादा वोट कांग्रेस के हिस्से में भी आया है। आप के वोट में करीब 7 फीसदी छीनने ने ही, इस चुनाव के नतीजे को निर्णायक रूप से भाजपा के पक्ष में झुकाया है।

आप पार्टी के दुर्भाग्य ये, उसके वोट में भाजपा का इतनी ही बड़ी सेंध लगाना, न केवल संभव था, बल्कि उसके सारे आधार पहले से मौजूद थे। दिल्ली के हाल के चुनावी इतिहास की जिस विशिष्टता को अनेक टीकाकार बार-बार रेखांकित करते रहे थे, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के राजनीतिक मंच पर उभरने के बाद से, मतदाताओं के एक उल्लेखनीय हिस्से का लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में स्पष्ट रूप से भिन्न



चुनाव करना था। जैसा कि हमने पहले ध्यान दिलाया, 2015 के चुनाव से विधानसभा में दिल्ली के मतदाताओं में आधे से ज्यादा आप पार्टी के पक्ष में मतदान कर, उसकी झाडूमार जीत सुनिश्चित करते रहे थे और दूसरी ओर, लोकसभा चुनावों में 2014 से ही आधे से ज्यादा मतदाता इसी प्रकार, भाजपा की झाडूमार जीत सुनिश्चित करते आए थे। लेकिन, आप पार्टी के दुर्भाग्य से लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ रहने के बाद, विधानसभा में आप पार्टी का साथ देने वाला यह मतदाता घट रहा था और उसका बढ़ता हुआ हिस्सा विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में जा रहा था। 2015 के चुनाव में ऐसा वोट 40 फीसदी माना गया था, जो 2020 के चुनाव तक घटकर 35 फीसदी रह गया था। इस चुनाव में यह हिस्सा और भी घट गया लगता है और दस महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव और अब हुए विधानसभा चुनाव के बीच, भाजपा के वोट में गिरावट घटकर 8 फीसदी के करीब ही रह गयी है।

इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि दिल्ली में आप की शानदार जीत की इमारत, बहुत हद तक संघ-भाजपा के समर्थन आधार पर ही खड़ी थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इसे आम आदमी पार्टी के एक ऐसी मूलतः अराजनीतिक राजनीति मध्यवर्गीय परिघटना होने ने ही संभव बनाया था, जिसका अपने जन्म के समय संघ-भाजपा के साथ गहरा साझा रहा था। एक राजनीतिक पार्टी के रूप में दिल्ली में सत्ता में पहुंचने के बाद भी आप पार्टी ने सचेत रूप से अपनी अराजनीतिक-राजनीति की इस छवि को ही नहीं बनाए रखा था, संघ-भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति के साथ बुनियादी सहानुभूति का अपना रिश्ता भी बनाए रखा था।

बहुसंख्यक सांप्रदायिकता और जातिवादी दमन, इन दोनों के तमाम पहलुओं पर और इसी प्रकार, आर्थिक नीति के अनेकानेक पहलुओं पर भी आप ने, ऐसा रुख अपनाए रखा था, जो संसदीय चुनाव में मोदी को चुनने वालों को, विधानसभा में आप को चुनने से रोकता नहीं था।

हैरानी की बात नहीं है कि दिल्ली में संघ-भाजपा के बढ़ते दबाव के सामने आप ने, मौन स्वीकृति की ओट लेने के बजाए, हिंदुत्व के अपने ही प्रारूप से लेकर, सवर्णत्व के अपने ही प्रारूप तक को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का रास्ता अपनाया था। जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के लिए समर्थन से लेकर, इस चुनाव के बीच आप के उम्मीदवारों के विहिप के त्रिशूल वितरण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने तक, इसके बेशुमार उदाहरण मिल जाएंगे। जैसा कि अब साफ हो गया है, इस सबने, जिसे आप के अवसरवादी रुख के रूप में प्रायः सभी टिप्पणीकार दर्ज करते आए थे, संघ-भाजपा के आप से अपनी आधारभूमि का हिस्सा छीनने की गति को तेज करने का ही काम किया। हिंदुत्व के समर्थन और भाजपा विरोध की दो नावों में एक साथ सवार होने की कोशिश में आप, बीच नदी में मुंह के बल गिर पड़ी है। बेशक, आप के अंत की भविष्यवाणियां करने वाले इस अर्थ में गलत हैं कि इस चुनाव में भी आप को, भाजपा से सिर्फ 2 फीसदी वोट कम मिला है। फिर भी, इस हार से आप पार्टी के लिए अस्तित्वगत संकट पैदा हो जाने से इसलिए इंकार नहीं किया जा सकता है कि यहां से आगे आप को एक जनतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष राजनीति के संदर्भ में खुद को स्पष्ट रूप से पुनर्परिभाषित करने की चुनौती स्वीकार करनी ही पड़ेगी। वर्ना अब भी संघ-भाजपा के आधार पर अमरबेल बनकर फूलते रहने की कोशिश करेगी, तो आगे और भी तेजी से सूखती जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साप्ताहिक पत्रिका 'लोकलहर' के संपादक हैं।)**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**


# रूस के लिए संजीवनी: ट्रंप की शांति नीति या रणनीतिक चाल?



**प्रो. आरके जैन**
**अरिजीत, बड़वानी (मप्र)**

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद वैश्विक राजनीति में भारी उथल-पुथल देखी जा रही है। विशेष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर उनकी नई रणनीति सुर्खियों में बनी हुई है। हाल ही में सामने आई रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की पर रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को लेकर समझौता करने का दबाव डाला है। यह खबर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े बदलावों की ओर संकेत कर रही है, जहां अमेरिका की नई विदेश नीति पूरी तरह से बदली हुई नजर आ रही है। जेलेंस्की, जो अब तक रूस के किसी भी क्षेत्रीय दावे को सख्ती से खारिज करते रहे हैं, अब दबाव में आते हुए इस मुद्दे पर विचार करने को मजबूर हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह न केवल यूक्रेन की संप्रभुता के लिए एक बड़ा झटका होगा, बल्कि यूरोप और अमेरिका के संबंधों पर भी दूरगामी असर डालेगा। ट्रंप प्रशासन ने सत्ता में आते ही यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अब अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा और दूसरे देशों के युद्धों में खुद को झोंकने की नीति से पीछे हटेगा। उनका मानना है कि यूक्रेन को दी जा रही सैन्य और आर्थिक सहायता अमेरिका के संसाधनों पर भारी बोझ डाल रही है, और इसका कोई दीर्घकालिक लाभ नहीं है। यही कारण है कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को जल्द समाप्त करने के पक्षधर हैं, भले ही इसके लिए यूक्रेन को कुछ कठिन फैसले क्यों न लेने पड़ें। ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जेलेंस्की दोनों से बातचीत की है, जिसमें उन्होंने यह संकेत दिया है कि यदि यूक्रेन शांति चाहता है, तो उसे रूस के साथ बातचीत कर कुछ क्षेत्रीय रियायतें देने के लिए तैयार रहना होगा।यूक्रेन के लिए यह स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। जेलेंस्की शुरू से ही रूस के खिलाफ अडिग रुख अपनाए हुए थे और पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका, से लगातार समर्थन की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन ट्रंप की नई विदेश नीति उनके लिए एक बड़ा झटका साबित हो रही है। यदि अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता पर कटौती कर दी, तो उसे युद्ध में रूस के खिलाफ अकेले खड़ा रहना पड़ेगा, जो उसकी सैन्य और आर्थिक क्षमता को देखते हुए बेहद कठिन होगा। इस फैसले से यूरोपीय देशों में भी चिंता बढ़ गई है, क्योंकि वे अब तक अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन का समर्थन कर रहे थे। अगर अमेरिका पीछे हटता है, तो यूरोप पर भी इसका भारी असर पड़ सकता है, और नाटो की सुरक्षा नीति में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।अमेरिका की नई विदेश नीति का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन से दुर्लभ खनिज और महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी की मांग की है। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप प्रशासन ने इस तरह की मांग रखी हो। इससे पहले भी उनके कार्यकाल में यह आरोप लगे थे कि उन्होंने यूक्रेन पर दबाव डालकर अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से जुड़ी जानकारी मांगी थी। इस बार, ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन अमेरिका को उन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करे जो रक्षा और तकनीकी उद्योगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। ऐसे खनिज, जिनका उपयोग उच्च तकनीक वाली सैन्य प्रणालियों, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा भंडारण में किया जाता है, अमेरिका की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। यह मांग दर्शाती है कि अमेरिका अब यूक्रेन को केवल सैन्य सहायता देने के बदले उससे अपनी आर्थिक और रणनीतिक जरूरतों को पूरा करने की अपेक्षा कर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए ट्रंप की रणनीति घरेलू राजनीतिक कारणों से भी प्रेरित हो सकती है। वे अपने समर्थकों को यह संदेश देना चाहते हैं कि वे अमेरिका को अनावश्यक युद्धों से बाहर निकाल रहे हैं और देश के संसाधनों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं। उनकी "अमेरिका फर्स्ट" नीति के तहत वे अमेरिकी करदाताओं के पैसे को विदेशी युद्धों में झोंकने के बजाय घरेलू विकास पर खर्च करना चाहते हैं। हालांकि, उनकी इस नीति की आलोचना भी हो रही है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका ने यूक्रेन का समर्थन कम किया, तो इससे रूस और अन्य तानाशाही प्रवृत्ति वाले देशों को आक्रामक होने का अवसर मिल सकता है। इससे वैश्विक शक्ति संतुलन प्रभावित हो सकता है और अमेरिका की विश्व स्तर पर नेतृत्व की भूमिका कमजोर हो सकती है।

यूरोप और नाटो देशों में भी इस नीति को लेकर गहरी चिंता है। अगर अमेरिका अपने सहयोग से पीछे हटता है, तो यह न केवल यूक्रेन बल्कि पूरे यूरोप के लिए खतरा बन सकता है। नाटो के कई सदस्य देश मानते हैं कि ट्रंप की नीति से रूस को और बल मिलेगा और वह भविष्य में अन्य देशों के खिलाफ भी आक्रामक रुख अपना सकता है। इसके अलावा, चीन भी इस स्थिति का लाभ उठा सकता है और ताइवान जैसे मुद्दों पर अधिक आक्रामक रणनीति अपना सकता है।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** – परिवारजन तीर्थ यात्रा पर जा सकते है, कुछ काम बहुत विलंब से होते हुए अनुभव होगे, व्यवसाय में देनदारी बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** – मन किसी बात से आनंदित रहेगा,अचानक धन प्राप्ति भी सम्भव है, कोई कार्य रिस्क लेकर करेंगे, धार्मिक विश्वास बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** – बहुत सारे काम सम्भालने पड़ेंगे, बीमारी या टेस्ट में धन खर्च हो सकता है, आमदनी कम हो सकती है जिससे चिंता होगी। भाग्य प्रतिशत-51

**कर्क** – सोचा हुआ काम साकार होगा, करियर में अच्छी प्रगति होगी, आर्थिक मंदी दूर होगी, लोगों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** – व्यवसाय में सेल अच्छी होगी, आयुर्वेदिक दवा, मसाले,आटा, बर्फ, खिलौने की दुकान का काम चलेगा, कोई ट्रेनिंग देते है तो लोग बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**कन्या** – अधूरा काम पूरी करेंगे, कपड़ा, डेयरी, शैक्षिक कार्य से लाभ होगा, स्त्री पक्ष से फायदा होगा, क्रिएटिव कार्य करने को मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-68

**तुला** – मनचाहे काम करने का अवसर मिलेगा, मिठाई बेकरी से जुड़ा व्यवसाय चलेगा, टैक्स सम्बन्धित कार्य को पूरा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-65

**वृश्चिक** – व्यवसाय के लिए दुकान देखने जा सकते है, पत्नी का सपोर्ट मिलेगा, कपड़ा, कोल्ड स्टोरेज, किताबों का व्यवसाय चलेगा, स्वास्थ्य पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-70

**धनु** – काम में उतार चढाव अस्थायीत्व रह सकता है, घरेलू स्तर पर तनाव बढ़ेगा, ससुराल पक्ष में लोग नाखुश रहेंगे, यात्रा में सामान का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-50

**मकर** – अच्छे फैसले ले पाएंगे, आगे पढ़ाई करने की इच्छा होगी, गांव से जुड़ा कोई काम पड़ सकता है,धन का हिसाब किताब रखेंगे। भाग्य प्रतिशत-64

**कुंभ** – लोन पेंडिंग है उसके लिए आमदनी बढ़ाने पर विचार करेंगे, घर के लोगों की सेहत प्रभावित रह सकती है, काम में मुश्किल से मन लगेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**मीन** – खर्च में बढ़ोतरी होगी, किसी कार्य के लिए सहयोग की उम्मीद करेंगे, यात्रा का योग है, शिक्षा लेने दूसरे शहर में शिफ्ट हो सकते है। भाग्य प्रतिशत-55



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# सिर्फ लूटते हैं फर्जी ट्रैवल एजेंट, एजेंसी और वेबसाइट



**डॉ. सत्यवान सौरभ,**

अवैध आव्रजन तब होता है जब कोई व्यक्ति अपने मूल देश को छोड़कर आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करते हुए दूसरे देश में रहने के लिए चला जाता है। यह एक महत्त्वपूर्ण और नाजुक मामला है। अक्सर, बिना नौकरी वाले युवा लोग जो निर्दोष हैं, विदेश में रोजगार पाने की कोशिश में अवैध आव्रजन के जाल में फंस जाते हैं। विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति को उसकी पसंद के देश में भेजने के बजाय, अनधिकृत एजेंट और एजेंसियाँ उसे दूसरे देश में भेज देती हैं।

सरकार ने लोगों, खासकर युवाओं को चेतावनी दी है कि वे बेईमान अनधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों से सावधान रहें जो उन्हें काम, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश भेजने के लिए झांसा देते हैं। इनमें से कई स्थितियों में, विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति की जान भी जोखिम में होती है। भुगतान करने से पहले, लोगों को उन ट्रैवल एजेंसियों और कंपनियों से संपर्क करना चाहिए जिन्हें सरकार ने विदेश यात्रा करने की अनुमति दी है और उनसे अपने सभी सवाल पूछने चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा लोगों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे केवल अधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। कई एजेंट जो विदेश में पैसे भेजने का दिखावा करके लोगों को ठगते हैं, अक्सर अपंजीकृत पाए जाते हैं। ये धोखेबाज या बिना मंजूरी वाले एजेंट विभिन्न मीडिया में अपने विज्ञापन पोस्ट और प्रसारित करते हैं, जिससे जनता को धोखा मिलता है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई, संपत्ति, गहने और अन्य संपत्ति से हाथ धोना पड़ता है। पंजाब और हरियाणा में ऐसे मामलों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक है। यह चिंताजनक है कि पिछले छह वर्षों में, हरियाणा में अवैध अप्रवास के मामलों की संख्या में वार्षिक वृद्धि देखी गई है। इन मामलों में तुलनात्मक रूप से कई ग्रामीण निवासी शामिल हैं। ट्रैवल एजेंसियाँ बेरोजगार लोगों को काम और शिक्षा वीजा पर विदेश यात्रा करने के लिए लुभाने के लिए रोजगार के वादे करती हैं। भुगतान करने और वीजा के लिए आवेदन करने के बाद, व्यक्ति को अक्सर पता चलता है कि उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है।

इसके बाद, ट्रैवल एजेंट "डंकी रूट " की सलाह देता है। इस प्रक्रिया में शामिल अधिकांश लोगों को सीमा पर रोक लिया जाता है, हिरासत में लिया जाता है और वापस भारत भेज दिया जाता है। ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पीड़ितों को उनके रिश्तेदारों द्वारा अवैध रूप से हिरासत में लिया जाता है और उनसे ज्यादा भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ट्रैवल एजेंट द्वारा फर्जी टिकट और वीजा प्रदान किए जा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को हवाई यात्रा से मना किया जा सकता है। लोग कभी-कभी ईमेल आदि के जरिए भेजे गए फर्जी नौकरी के ऑफर और आधिकारिक दिखने वाले दस्तावेजों के जरिए ठगे जाते हैं। इसके अलावा, एजेंट दूसरे देश का वीजा पाने के झूठे बहाने से लोगों को रूस और यूक्रेन जैसे देशों में भेज सकते हैं। लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की आकर्षक छवियों वाली और टूर पैकेज प्रदान करने का दावा करने वाली वेबसाइट कोई भी बना सकता है। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की बदौलत ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ सकते हैं। वास्तव में, जब मैंने विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों की वेबसाइट देखी तो मुझे यह स्पष्ट हो गया कि उनमें से अधिकांश वेबसाइटें धोखाधड़ी वाली थीं। उदाहरण के लिए, उनमें से एक के अनुसार, इसकी स्थापना 2020 में हुई थी और यह "दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अनुभवी ट्रैवल कंपनी" थी। मैंने बहुत खोजबीन की, लेकिन कंपनी के मालिकों या भागीदारों के नाम नहीं मिल पाए। इसका कोई लैंडलाइन नंबर भी नहीं था। चूंकि इन दिनों इस तरह की धोखाधड़ी आम होती जा रही है, इसलिए ये कुछ चेतावनी संकेत हैं, जिन पर एजेंसी चुनते समय विचार करना चाहिए।

यही कारण है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का ट्रैवल ट्रेड डिवीजन देश में ट्रैवल एजेंसियों को मंजूरी देता है। मेरी राय में, ग्राहकों को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एजेंसियों से संपर्क करना चाहिए। हालाँकि मान्यता कार्यक्रम वैकल्पिक है और केवल कुछ ही व्यवसायों ने भाग लेने का विकल्प चुना है, लेकिन ग्राहकों की पसंद अधिक व्यवसायों को ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। जनता को इन बेईमान ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहना चाहिए और बिना उचित जांच-पड़ताल किए किसी भी ट्रैवल एजेंसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

हर राज्य ने आम जनता की सुविधा के लिए अपनी पुलिस वेबसाइट पर अधिकृत और अनधिकृत ट्रैवल एजेंटों की सूची पोस्ट की है। इसके अलावा, जो कोई भी अभी भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है, उसे तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन को सूचित करना चाहिए। न केवल एक व्यक्ति अपनी सारी जमा पूंजी खो सकता है, बल्कि लापरवाही का एक छोटा-सा कार्य भी उसके परिवार के जीवन को खतरे में डाल सकता है। नतीजतन, लोगों को उचित सुरक्षा उपाय करने चाहिए। नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी वाली आव्रजन गतिविधियों के बारे में पता होना चाहिए, विदेशों में, विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करने वाली ट्रैवल एजेंसियों के झूठे वादों में न फंसना चाहिए, संभावित नियोक्ता की पृष्ठभूमि की पूरी तरह से जांच करनी चाहिए, खासकर जब झूठे बहाने से काम की पेशकश की जाती है, किसी भी अवैध साइबर गतिविधि में शामिल होने से बचना चाहिए और भारतीय दूतावास से संपर्क करना चाहिए।

विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित वन-स्टॉप सुविधा केंद्र, ओवरसीज वर्कर्स रिसोर्स सेंटर, काम के लिए विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक सहायता सेवाएँ प्रदान करता है। अपनी मान्यता और निरसन योजना में, मंत्रालय को अनुमोदित सेवा प्रदाताओं के खिलाफ अनुचित व्यापार प्रथाओं और घटिया और लापरवाह सेवाओं की उपभोक्ता शिकायतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपने पोर्टल पर, इसे ग्राहक शिकायतों के लिए एक अनुभाग भी शामिल करना चाहिए।

# जेईई मेन्स में आकाश के 15 छात्रों ने हासिल किए सर्वोच्च अंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में आकाश इंस्टीट्यूट के 15 छात्रों ने 98.23 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। आकाश एजूकेशनल सर्विसेज के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बताया कि सक्षम गुप्ता 99.84, सक्षम दीक्षित 99.80, उज्जवल नागर 99.73, प्रज्जवल महाजन 99.34, अरिन कुमार सिंह 99.33, गौरव वर्मा 99.25 पर्सेंटाइल सहित 15 छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। यह छात्रों की कठिन मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आकाश की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग का नतीजा है कि ऐसे परिणामों को संभव बनाया है। डायरेक्टर डीके मिश्रा ने कहा कि यह परिणाम भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कठिन मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इन परिणामों की घोषणा की, जो इस वर्ष के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरूआत का पहला एग्जाम रिजल्ट है। जेईई एडवांस्ड में भाग लेने के लिए जेईई मेन्स में उपस्थित होना आवश्यक है।



# बीएसए कॉलेज में वार्षिक खेल महाकुंभ का भव्य समापन, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में आयोजित वार्षिक खेल महाकुंभ का आज भव्य समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याणम करोति के महासचिव श्री सुनील शर्मा, प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा एवं समाजसेवी श्री बृजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

अतिथियों का महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, यह अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सकारात्मकता का स्रोत भी है। इस तरह के आयोजन युवाओं को एक नई दिशा देने में सहायक होते हैं।" प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा "खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन है। खेल अनुशासन, सहनशीलता और टीम वर्क सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। बीएसए कॉलेज हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस वार्षिक खेल महाकुंभ के माध्यम से हमने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित की।"

द्वितीय दिवस में वॉलीबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। बैडमिंटन (पुरुष एकल) में आराध्या गोस्वामी और डबल्स में आराध्या गोस्वामी और कार्तिके सनाढ्य (बीएससी पीसीएम प्रथम वर्ष)ने बाजी



मारी।टेबल टेनिस (महिला वर्ग) में अनुषी गौतम (बीए) विजेता रहीं।

टेबल टेनिस (पुरुष वर्ग)में विपुल सिंह (एलएलबी तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, डॉ. एस.के. कटारिया, डॉ. विद्योत्मा सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा ने सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

खेल महाकुंभ की सफलता में महाविद्यालय परिवार की अहम भूमिका इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ एस के कटारिया, डॉ एस के सिंह, डॉ. बीपी राय, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ प्रवीण शर्मा,डॉ. रवीश शर्मा, डॉ यू के त्रिपाठी,डॉ आनंद त्रिपाठी,सोनू ठाकुर, प्रदीप प्रकाश कपिल अत्री , डॉ रुचि अग्रवाल, डॉ रेखा राय , डॉ अनु गर्ग , डॉ विनोद , डॉ अंकुश , डॉ विवेक कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बीके गोस्वामी ने किया।बीएसए कॉलेज का यह वार्षिक खेल महाकुंभ जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मंच साबित हुआ।

# गाटा संख्या 170 मि० रकवा 3.7840 हे0 पर दर्ज सहखातेदार की गलत वरासत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज कर दी गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** ग्राम फैचरी निवासी सुखराम पुत्र छिद्दा की कृषि भूमि मौजा सकना की गाटा संख्या 170 मि० रकवा 3.7840 हे० पर दर्ज सहखातेदार की गलत वरासत क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दर्ज कर दी गई थी। सुखराम पुत्र छिद्दा द्वारा तहसील में आकर शिकायत की गई थी, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा शिकायत की जांच तहसीलदार सदर को सौंपी गई। जांच तहसीलदार सदर द्वारा की गई। जांच में सुखराम पुत्र छिद्दा जीवित पाए गए। सुखराम पुत्र छिद्दा की गलत विरासत करने के दोषी लेखपाल रितेश के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्थित की गई तथा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु नोटिस दिया गया। तहसीलदार द्वारा अपने न्यायालय से त्रुटिपूर्ण वरासत को निरस्त कर पुनः सुखराम पुत्र छिद्दा का नाम यथावत दर्ज करने का आदेश पारित कर खतौनी में दर्ज कराकर खतौनी सुखराम को प्रदान की गई।




# केएम के छात्रों द्वारा पदक हासिल करने पर विवि के सभी संकायों के डीस, प्रोफेसरों ने छात्रों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन और मेहनत की प्रशंसा की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** केएम विश्वविद्यालय के छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में जीएलए को हराकर अलग-अलग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीत कर खेलों में भी परचम लहराया, इस सफलता के लिए विवि कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए हौंसला वर्धन किया है। इस बाबत केएम विवि के सहायक खेल निदेशक आरके शर्मा ने बताया कि जीएलए विवि में आगाज 2025 के नाम से खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें केएमयू सहित कई विश्वविद्यालयों के खेल प्रतिभागियों ने भाग लिया था। दो दिवसीय प्रतियोगिता में चेस, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बॉलीबाल, टेबिल टेनिस आदि में केएम विवि के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करके विवि का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल पाने वालों में जगमोहन, विवेक, गौरव, भानू, सतेन्द्र, विवेक रहे। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिताओं में भी केएमयू के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने बताया केएमयू के छात्र खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसमें हमारे विवि के छात्र जगमोहन ने अत्याधिक अंतराल में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अर्जित किया है, इसी प्रकार से शॉर्टपुट में विवेक ने रजत पदक, गौरव ने डिसकस थ्रो में रजत पदक व फेर इन टू 100 मीटर में केएमयू की एथलीटो टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है। वहीं बॉलीबाल में केएम विवि की टीम ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है।



# भारतीय किसान यूनियन जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी से मुलाकात कर आलू भाडे मे की गई 20 कुंतल की वृद्धि को वापस लेने की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारीयो ने कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन द्वारा आलू भाड़े में की गई वृद्धि के विरोध मे जिला उद्यान कार्यालय पहुंचकर जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी से मुलाकात कर आलू भाडे मे की गई ?20 कुंतल की वृद्धि को वापस लेने की मांग के लिए ज्ञापन सोपा भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट ने संयुक्त रूप से कहा उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसियेशन द्वारा जिस तरीके से आलू भाड़ा बढ़ाया गया है उससे आलू किसानों के साथ आम जनता पर भी असर पड़ेगा। आलू किसानों की मुश्किलें बढ़ जाएगी। इसको लेकर किसानों में आक्रोश है। किसान पहले से ही आर्थिक रूप से तंग है। कर्ज में डूबा है। आलू किसानों को यदि एक साल अच्छे भाव मिल जाते हैं तो दो तीन साल तक वही किसान लाभकारी मूल्य के लिए तरस जाता है। ?20 रूपे कुंटल किराया बढ़ने से किसानों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। राज्य सरकार को तत्काल कोल्ड स्टोरेज एसोसियेशन के इस मनमाने फैसला पर हस्तक्षेप कर रोक लगानी चाहिए वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार हैं इन सरकारों ने किसान हित में कुछ भी नहीं किया सिर्फ किसानों को लूटा है भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होंगेइस मौके पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी राष्ट्रीय सलाहकार राहुल एडवोकेट गुड्डू लोहिया प्रमुख रूप से मौजूद थे ।



# पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले, जांबाज सैनिकों को किया नमन दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर पुलवामा आतंकी हमले में सर्वोच्च बलिदान देने वाले जांबाज सैनिकों को नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर ने अपने वक्तव्य में कहा कि - किसी के पास मोहब्बत का वक्त था, कोई देश का भक्त था, लाल थी सड़क पुलवामा की क्योंकि शहीदों का रक्त था और कहा कि पुलवामा हमले से जुड़े कुछ जरूरी एवं महत्वपूर्ण सवालों का सच आज भी सामने नहीं आ पाया है। इन सवालों के जवाब कौन देगा और कब देगा ? नैतिक रूप से जिम्मेदार केंद्र सरकार को इतना ही बता देना चाहिए जैसे इन्हीं सवालों में शामिल कुछ सवाल है कि पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ 300 किलो आर डी एक्स कहाँ से आया, पुलवामा हमले का एक सच यह भी सामने आना चाहिए कि केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ को एयरक्राफ्ट देने से क्यों मना कर दिया है, क्या है कोई जवाब !जिला महामंत्री कैलाश गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा कि केंद्र सरकार बताएगी कि उन 44 वीर शहीद जवानों के परिवार के लिए उसने क्या किया और भविष्य में कभी ऐसी घटनाएं ना हो इसके लिए वर्तमान में सरकार की क्या नीति है क्योंकि इस घटना को 6 वर्ष हो चुके हैं परन्तु निरंतर समय समय पर कोई ना कोई आतंकी घटनाएं जम्मू-कश्मीर में होती रहती हैं। जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर शहीद जवानों को हृदय से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित, साल 2019 के फरवरी महीने की 14 तारीख ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, आज इस घटना को 6 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, इस आतंकी हमले में सीआरपीएफ के वीर जवान शहीद हो गए थे जम्मू श्रीनगर नेशनल हाईवे पर हमलावरों ने विस्फोटक भरी कार से सीआरपीएफ जवानों से भरी बस को टक्कर मारकर उसे उड़ा दिया था, धमाका इतना भयानक था कि शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को देख पाना भी मुश्किल था, इस अमानवीय एवं आतंकी घटना की घोर निन्दा करते हैं।इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर, जिला महामंत्री कैलाश गौतम, गया प्रसाद गिर्राज, अकील कुरैशी, शाहिद खान, आमिर मुंतजिर, रहीस कुरैशी, नादिर खान, मुकीम पठान, पवन सेठ, दीपक भारद्वाज, अयाज कुरैशी, आसिफ कुरैशी, रामजी आनंद आदि।



# शिक्षण संस्थान पूर्वदशम छात्रवृत्ति के लिए संदेहास्पद डाटा को संस्तुति सहित 02 दिन में कराएं उपलब्ध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 09-10 का संदेहास्पद डाटा राज्य एनआईसी लखनऊ द्वारा विद्यालय व संस्था के लॉगिन पर उपलब्ध कराया जा चुका है। जनपद स्तर पर प्राप्त संदेहास्पद डाटा की एक्सेल फाइल (छात्रवारध्विद्यालयवार) सूची जिला विधालय निरीक्षक एवं व्हॉटसप ग्रुप के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी है। सभी संदेहास्पद डाटा को विद्यालय स्तर से अभिलेखों से परीक्षण व सत्यापन कराते हुये सम्बन्धित छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान के सम्बन्ध में विद्यालय स्तर पर गठित समिति की संस्तुति के साथ प्रत्येक छात्र-छात्रा के नाम के सम्मुख अंकित कॉलम में (एक्सेप्ट या रिजेक्ट) इंगित कराते हुये, समस्त वांछित अभिलेखों परीक्षाफल सहित हस्ताक्षरयुक्त हार्डकॉपी प्रत्येक दशा में 02 दिवस के अन्दर अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास भवन अलीगढ़ में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति का लाभ पाने से वांछित न हो और कोई अपात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त न कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयावधि तक वांछित सूचना उपलब्ध न कराये जाने की स्थिति में उपरोक्त समस्त सन्देहास्पद डाटा को त्रुटिपूर्ण मानते हुए निरस्त मान लिया जायेगा और भविष्य में ऐसे किसी भी प्रकरण में अन्यथा की स्थिति में छात्रवृत्ति से वंचित हो जाने, छात्रवृत्ति के लिए अर्ह छात्र पाये जाने पर उसके लिए सम्बन्धित विद्यालय उत्तरदायी होगा।

# डीएम ने की 01 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में 01 करोड़ से अधिक लागत की भवन, सेतु एवं सड़क

**निर्माण कार्यों को मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से कराएॅ: डीएम पूर्ण**

निर्माण की पूर्ण-अपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और गुणवत्ता और समयबद्धता से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन निर्माण कार्यों में धन की आवश्यकता है तो वहां शासन में पैरवी पर धनावंटन कराया जाए।बैठक में डीडीयू चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण में 35 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि सितम्बर 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है, ऐसे में अतिरिक्त कार्मिक लगाते हुए समय से कार्य पूर्ण कराया जाए। विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं नगर पंचायत मडराक में कल्याण मण्डप का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, डीएम ने जल्द से जल्द हैण्डेडओवर-टेकेनओवर की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बारहद्वारी पर निमार्णाधीन मल्टीलेवल कार पार्किंग विद कॉमशियल कॉपलेक्स के अवशेष कार्य को नगर-निगम एवं स्मार्ट सिटी के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।सी एण्ड डीएस द्वारा महेन्द्र नगर, आगरा रोड, मैरिस रोड, सुरेन्द्र नगर एवं छर्रा अड्डा क्षेत्रों में कराए जा रहे जल निकासी के कार्यों को अनिवार्य रूप से 28 जून से पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगर सृजन योजनान्तर्गत सारसौल में बन रहे कल्याण मण्डप की 38 प्रतिशत भौतिक प्रगति पाई गई, जिस पर डीएम ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। तालानगरी में अग्निशमन केंद्र एवं अनावासीय भवन निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सांकरा गंगा घाट पहुॅच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। क्वार्सी चैराहे पर निमार्णाधीन 04 लेन फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में सर्विस रोड बनाए जाने के उपरांत सेतु निर्माण के कार्य की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने जल निगम (नगरीय) द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा में पाया कि कोई भी परियोजना पूर्ण होने की स्थिति में नहीं है। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि योजनाबद्ध तरीके से सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक में पीडी भाल चन्द त्रिपाठी समेत संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



बैठक

## अधिकारी पूर्ण मनोयोग से लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें : डीएम

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली विकास योजनाओं के सबंध में माह जनवरी की रैंकिंग के आधार पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में सभी अधिकारी अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करना सुनिश्चित करें।डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा में खराब ट्रांसफार्मर्स की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी माह से विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ जाएगी ऐसे में अभी से गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तैयारी आरम्भ कर दें, जर्जर विद्युत लाइन और पोल को प्रतिस्थापित कराया जाए। डीएम ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों में प्रगति लाते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत 06 कस्तूरबा गॉधी विद्यालय निमार्णाधीन हैं, जिन्हें जून 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। डीएम निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए कार्यों में तेजी लाकर मानक व गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में डीएम ने निर्देशित किया कि जो भी पेयजल कनेक्शन दिए जाएं वह सुचारू रहें। उन्होंने पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को हैण्डओवर कराने के भी निर्देश दिए।पर्यटन विभाग की समीक्षा में पाया गया कि 10 के सापेक्ष 04 परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं। डीएम ने जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कुछ अच्छे प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में डीएम ने जिले में संचालित गौवंश आश्रय स्थल एवं निराश्रित गौवंशों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आवश्यकतानुरूप गौशाला निर्माण या उनकी क्षमता वृद्धि कराई जाए ताकि निराश्रित गौवंशों को इधर-उधर न भटकना पड़े। उन्होंने सीवीओ को निर्देशित किया कि हाईवे समेत प्रमुख मार्गों को निराश्रित गौवंशों से मुक्त कराना सुनिश्चित करें ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं की संभावना का न्यून किया जा सके। डीएम ने खैर के लक्ष्मणगढ़ी में निमार्णाधीन स्टेडियम के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा में लोक निर्माण विभाग के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समय से कार्य पूर्ण कराएं। डीएम ने सामूहिक विवाह योजना में लाभार्थियों का भुगतान समय से कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह समारोहों में खान-पान समेत उपहार सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कुल 75 परियोजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने खराब रैंक वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी प्रकट कर कार्य सुधार की चेतावनी दी।बैठक में सीएमओ डॉ नीरज त्यागी, पीडी डीआरडीए भाल चंद त्रिपाठी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद समेत विकास विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।



# मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनिल कुमार आज अलीगढ़ में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । प्रदेश के मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनिल कुमार 15 फरवरी को अरान्ह 12:30 बजे सूतमिल चैराहे पर पहुॅचेंगे जहां पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी एवं प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल चैधरी रामबहादुर सिंह द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। मंत्री इसके उपरांत 01 बजे से मैरिस रोड स्थित हबीब गार्डन में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री अपरान्ह 03:15 बजे से सर्किट हाउस में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी के साथ भेंटवार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री द्वारा

**मंत्री इसके उपरांत 01 बजे से मैरिस रोड स्थित हबीब गार्डन में राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे**

04:15 बजे से जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल चै0 हम्बीर सिंह, महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल अब्दुल्ला शेरवानी एवं राजकुमार शम्मी के आवास पर भेंटवार्ता कर सांय 05:40 बजे गाजियाबाद को प्रस्थान किया जाएगा।

# जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए शहीद वीर जवानों को मोमबत्ती जलाकर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित सरदार भगत सिंह पार्क में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 अमर वीर जवानों को मोमबत्ती जलाकर उनकी शहादत के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आज से छह साल पहले, 14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3 बजे, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था. जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी से सीआरपीएफ (उफ्छत्र) के काफिले पर हमला किया था. इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे. इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ा दिया था, क्योंकि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन का हाथ था। हमले के दिन, जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफ के काफिले में 78 बसें थीं, जिनमें लगभग 2500 जवान सवार थे. अचानक, पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने विस्फोटकों से लदी कार को काफिले की एक बस से टकरा दिया. टक्कर होते ही जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे बस के परखच्चे उड़ गए. धमाके की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी और चारों ओर धुआं और मलबा फैल गया।




सभासद अमन कोली ने कहा कि आज, इस हमले को छह साल हो गए हैं, लेकिन शहीद जवानों की कुबार्नी को देश कभी नहीं भूलेगा. हर साल 14 फरवरी को पूरे भारत में इन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दिया. यह दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। सभासद तरुण नीरज ने कहा कि 14 फरवरी को जहां एक तरफ देश वैलेंटाइन डे मना रहा है तो वहीं दूसरी तरफ देश में 40 ऐसे परिवार भी हैं जिन्होंने साल 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में अपने बेटों को खो दिया. 6 साल बाद भी उन 40 जवानों की शहादत को देश का हर नागरिक कभी नहीं भूल सकता. इस दिन हमारे देश के 40 जवानों ने अपनी शहादत दी थी. इस हमले को 6 साल बीत चुके हैं लेकिन इसका दर्द आज भी लोगों की यादों में ताजा है. भारत के इतिहास में इस दिन को'ब्लैक डे' के रूप में मनाया जाता है।

इस दौरान निवर्तमान नगर अध्यक्ष भाजपा गिरीश रतन, महामंत्री मनोज दिवाकर, हरेन्द्र कोहली, शुभम अग्रवाल, डॉ टीएस पाल, सभासद शिवकुमार सैनी, नवकान्त शर्मा, अमित दिवाकर, सचिन रस्तोगी, मोहित दिवाकर, उमेश सैनी, मोनू खुराना, संजय पारीक, डीके अग्निहोत्री, अजय सैनी, मुदित गर्ग आदि रहे।

# शिक्षित व सवेन्दनशील होकर संवारे अपना भविष्य: एडीजे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुक्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निदेर्शानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शुक्रवार को विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उझानी नगर, जनपद बदायूं में आयोजित किया गया।



शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य गायन प्रस्तुत कर उपस्थित मन्चासीन अधिकारीगण का स्वागत किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिऐ। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को फेसबुक एवं इन्सटाग्राम आदि सोशल मीडिया साइटों का उपयोग सीमित दायरे में ही करना चाहिए क्योंकि आधुनिक परिवेश में सोशल मीडिया के दुर्पयोग से विभिन्न सायबर अपराधों को बढ़ावा मिल रहा है तथा इस सोशल मीडिया के माध्यम से अनभिज्ञ बच्चें, अश्लील चलचित्र, छायाचित्र देखकर ब्लैकमेल का शिकार हो जाते है और साथ ही अपना भविष्य खराब कर लेते हैं। इसी क्रम में भारतीय संविधान में वर्णित अनुच्छेद-15 लैंगिक भेदभाव आदि के वारे में विस्तार पूर्वक बताया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें इसके अतिरिक्त छात्राओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीडन, एवं यौन उत्पीडन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया इसके अतिरिक्त 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं तथा सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निदेर्शानुक्रम में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। उक्त मध्यस्थता केन्द्र के सदस्यों/अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता कराया जाता है। उक्त कार्यक्रम का संचालन, बेशिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों बाल विवाह, भ्रूण हत्या आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उझानी नगर, जनपद बदायूं की प्रभारी वार्डन, पूर्णमा वर्मा, वार्डन, मन्जू रानी, लेखाकार, निकिता कुमारी, सहायक अध्यापक अर्चना कुमारी मिश्रा आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया।

# डीएम ने तहसील सदर में किया राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को तहसील सदर बदायूं में राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीन वर्ष से अधिक पुराने वादों को चिन्हित कर प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के लिए कहा। उन्होंने कॉज लिस्ट को प्रदर्शित करने के लिए कहा।



उन्होंने कहा कि गुण दोष के आधार पर ही वादों का निस्तारण कराया जाए। सरसरी तौर पर व गलत तरीके से खारिज न किया जाए।

जिलाधिकारी ने तहसील सदर के राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां नायब तहसीलदार जगत, बिनावर, कादरचौक व उझानी तथा तहसीलदार व तहसीलदार न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने 03 वर्ष से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि तामिला पर्याप्त रूप से कराया जाए। प्रत्येक दशा में कॉज लिस्ट को प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि वादों का निस्तारण गुण दोष के आधार पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद किया जाए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर निकाले जाने वाली शिव बारात को लेकर झांकियां तैयार करते कलाकार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** कावड़ सेवा समिति द्वारा फागुन मास में महाशिवरात्रि के पर्व पर 25 फरवरी को भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। इस की तैयारीयो को लेकर भगवान शिव की बारात के लिए झांकियां तैयार करते कलाकार अमर शर्मा द्वारा बताया गया कि इस बार की झांकियां को भव्य रूप से तैयार किया जा रहा है जिसमें कई प्रकार की झांकियां तैयार की जा रही है इस दौरान मौजूद रहे ।सुमित शर्मा, हीरालाल ज्योति, संजीव, मानव, नवल किशोर, पवन कुमार, मुकेश अग्रवाल, प्रेम यादव,आशीष ,किशोर, शिवम ,पंकज मौर्या, इसी के साथ कावड़ सेवा समिति के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया की भगवान शिव की बारात की तैयारियां जोर-जोरों से चल रही है ।और साथ ही शोभायात्रा की तैयारी भी से चल रही है जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है इसमें विजय कुमार, गिरीश चंद्र, प्रवीण गुप्ता, सौरभ, बंटी, ज्ञान प्रकाश, चिंटू ,तरुण कुमार नीरज ,कन्हैया, श्याम, व गिर्राज किशोर आदि।



# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों के आवास तक आवागमन के सुगम रास्ते बनाये जाये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिन लाभार्थियों को पक्के आवास दिए गए हैं, उनमें से जिनके आवास तक आने-जाने हेतु मार्ग व जल निकासी की व्यवस्था न हो, तो मनरेगा से सीसी रोड/खड़ंजा मार्ग व जल निकासी हेतु प्रापर व सुगम व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा है कि आवास योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, निःशुल्क गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, शौचालय, 90/95 दिन की मनरेगा से मजदूरी, आदि व्यवस्थाएं तो की ही गयी हैं, उनके आवास के सामने सहजन का पेड़ लगाने, उन्हें सोलर लाइट की सुविधा देने जैसी अन्य वाजिब सुविधाएं देने के लिए प्लान बनाया जाय।



**सभी अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे रहें : केशव प्रसाद मौर्य**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नये पक्के आवास देने हेतु लाभार्थियों के सर्वे का कार्य चल रहा है, इसका फीड बैक नियमित रूप से लिया जाए और निरन्तर समीक्षा की जाय, सर्वे की गति बढ़ाने के लिए हर सम्भव उपाय किये जाय, ताकि निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो जाय। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की सभी योजनाओं का बजट समय से व्यय करने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के 10 जिले जहां मनरेगा के तहत सर्वाधिक काम हो रहे हैं/हुये हैं, वहां के 10 प्रतिशत कार्यों की जांच मुख्यालय से टीम भेजकर करायी जाय। बताया गया कि अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में टाप पर है, उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाय कि सभी अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे रहें। उन्होंने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों की 75-75 ग्राम सभाओं, जहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या अधिक है, वहां समूहों की सक्रियता का परीक्षण करा लिया जाए और जो समूह निष्क्रिय हो उन्हें पूरी तत्परता के साथ सक्रिय किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों के निर्माण व सर्वे कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे कार्यों के बारे में व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं।

# नौकरी के नाम पर युवती को ठगा, खुद को बजरंग दल का पदाधिकारी बताया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली ।** एक युवक ने नौकरी के नाम युवती से ठगी कर ली। आरोपी ने खुद को विधायक का भतीजा और बजरंग दल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बताया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती को संविदा पर नौकरी दिलाने के बहाने उससे एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई। रुपये मांगने पर अपहरण व दुष्कर्म की धमकी दी। सुभाषनगर थाने में आरोपी शिवा सिंह तोमर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि वह खुद को बजरंग दल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और दातागंज विधायक का भतीजा बताता था।

रेलवे कॉलोनी निवासी युवती ने सुभाषनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को बताया कि स्नातक के बाद नौकरी की तलाश के दौरान उसकी मुलाकात करगैना की इफको कॉलोनी निवासी शिवा सिंह तोमर से हुई। शिवा ने खुद को बजरंग दल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह को अपना ताऊ बताया।

**युवती ने ऑनलाइन ट्रांसफर की थी रकम**

युवती को ऊंची पहुंच का हवाला देकर शिवा ने दो लाख रुपये में संविदा पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। युवती ने एक लाख रुपये 28 नवंबर 2024 को शिवा के बताए अनुसार अनिकेत सिंह नाम के व्यक्ति के खाते में भेज दिए।

सिमरन का आरोप है कि शिवा ने उसकी नौकरी नहीं लगवाई और रुपये भी नहीं दिए। रुपये मांगने पर शिवा गाली-गलौज पर उतर आया और उसे धमकी दी कि अपहरण कर दुष्कर्म करवा देगा और जान से मार देगा। सुभाषनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है, विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस नाम का मेरा कोई रिश्तेदार नहीं है। अगर किसी व्यक्ति ने गलत किया तो पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

# विवाहिता के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया युवक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल।** थाना क्षेत्र एंचोडा कंबोह के गांव में बृहस्पतिवार दोपहर बाद विवाहिता के घर में आपत्तिजनक हालत में युवक पकड़ा गया। महिला को घर में अकेली देख युवक उसके घर आ गया और इसी दौरान महिला का जेठ आ गया और युवक व महिला को आपत्तिजनक हालत में देख लिया फिर मामले ने तूल पकड़ लिया। शोर शराबा होने पर आस पड़ोस के लोग इकठ्ठा हो गए और मामला बिरादरी और परिवार का होने के कारण रफा दफा करा दिया। युवक के महिला के घर जाने पर पाबंदी लगा दी।लेकिन युवक को महिला के साथ पकड़े जाने की चर्चा पूरे गांव में फैली हुई है।

# बेखौफ दलाल सरकारी कर्मचारीयों व अधिकारियो से मिलजुल कर फर्जी तरीके से विधवा पेंशन वनवा रहे है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली। (सददाम खान)** कुछ समय पहले तहसील आंवला के ग्राम गोठा खंडूआ मे फर्जी विधवा पेंशन का मामला प्रकाश में आया था जिसकी जांच करने पर कई आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया था तथा कई सरकारी मुलाजिमों को निर्लंबित किया गया था। तथा फर्जी पेंशन लाभार्थियों से रिकवरी करने का आदेश भी दिया गया था । मगर फिर भी उन दलालो व सरकारी मुलाजिमों मे सरकार का कोई भी खौफ देखने को नही मिला तथा चंद दिनो बाद ही यह बडा दूसरा मामला सामने आया है ।बेखौफ दलाल सरकारी कर्मचारियों व अधिकारीयों से मिलजुल कर फर्जी तरीके से विधवा पेंशन वनवा कर उसका पैसा जनसेवा केंद्रो से फर्जी तरीके से निकाल कर सरकार का लाखो का चूना लगा रहे हैं । कहने को तो लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभिन्न जांचो से गुजरना पडता है। किंतु यहां पर जांच कताओं द्वारा जांच के नाम पर खानापूर्ति क्यो की जाती। तथा अपने आप पर एक प्रश्न चिन्ह लगवाने का कार्य करते है। तहसील आंवला थाना बिशारतगंज के वरिष्ठ समाजसेवी बजरुद्दीन ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री सहित तमाम आलाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रार्थना पत्र दिया है तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन में तहसील आंवला के मोहल्ला बसंत विहार इफको कालोनी एवं शास्त्री गली निवासी बिचौलियों द्वारा सरकारी मुलाजिमों की मिलीभगत व सांठ-गांठ से फर्जी दस्तावेज तैयार कर फर्जी विधवा पेंशन जारी करा रहे हैं तथा फर्जी तरीके से उनका पैसा निकाल कर सरकारी पैसे का गबन कर चांदी काट रहे हैं। इसमें पैसा निकलवाने वाले जनसेवा केंद्र संचालक की भूमिका संदिग्ध नजर आती हैं । वरिष्ठ समाजसेवी ने तहसील आंवला में बडे स्तर पर हो रहे विधवा पेंशन घोटाले से अधिकारीयों पर अनजान बने होने का आरोप लगाते हुए सरकारी मुलाजिमों के साथ-साथ जन सेवा केंद्र संचालक की भी भूमिका विचौलियों के साथ इस खेल में नजर आने की बात कही। जोकि अवैध तरीके से लाभार्थियों के खाते से पैसे निकलवाने का कार्य करवा रहा हैं। समाजसेवी ने प्रशासन के उच्च अधिकारियों को शिकायत के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा है कि सरकार को उनके खिलाफ एक टीम गठित कर उच्च स्तरीय जांच कर सख्त वैधानिक कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य मे दोवारा यह पुनरार्वृत्ति न हो। तथा सरकारी धनराशि के गबन को रोका जा सके। तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुये गबन की हुई धनराशि की रिकवरी की मांग की।

# 17 फरवरी को किया लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आई०टी०आई० बदायूं रोड चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला राजकीय आई०टी०आई० बदायूं रोड चंदौसी के प्रांगण में 17 फरवरी को किया जाना है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा।

जिसमें डेंसो इंडिया लिमिटेड के साथ अन्य कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता आई0टी0आई0 समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला निःशुल्क है।

# अधिवक्ताओं का प्रदर्शन जारी, न्यायालय में धरने पर बैठीं महिला अधिवक्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर जिला न्यायालय और तहसील अधिवक्ताओं समेत जिले की तीनों तहसीलों के अधिवक्ता लामबंद हो गये हैं। अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को भी जिला न्यायालय परिसर में चन्दौसी बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं एकत्रित होकर नारेबाजी की। वहीं न्यायालय परिसर में महिला अधिवक्ताओं ने आंदोलन को गति देते हुए भागीदारी की और आने वाले वादकारियों से न्यायालय में न जाने की अपील की। इस अवसर पर किरन शर्मा, शिमलेश यादव, रजनी शर्मा, आस्था राघव, पिंकी, पुष्पलता पाल, पूनम दुबे आदि महिला अधिवक्ता मौजूद रहीं।




**अवैध निर्माण** — जेई और अधिशासी अभियंता की खामोशी पर उठ रहे सवाल

# जनकपुरी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** शहर के जनकपुरी इलाके में अवैध निर्माण का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां प्लॉट संख्या 692 पर बिना आवास विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 200 वर्ग मीटर में तेजी से निर्माण कार्य जारी है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे खेल में स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत सामने आ रही है। आवास विकास के जेई आनंद कुमार को मामले की पूरी जानकारी होने के बावजूद निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह निर्माण कार्य लगभग एक महीने से चल रहा है और इसे हरे पर्दे की आड़ में छिपाकर किया जा रहा है। नियमानुसार, किसी भी बेसमेंट निर्माण के लिए खनन विभाग की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) अनिवार्य होती है, लेकिन यहां बिना किसी अनुमति के खुदाई जारी है। यह अवैध निर्माण रेलवे ट्रैक के बेहद करीब किया जा रहा है, जिससे रेल संचालन को भी खतरा हो सकता है। नियमों के अनुसार, रेलवे से भी अनुमति लेना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं किया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि संबंधित विभागों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य को बढ़ावा दिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह जमीन आवासीय भूखंड के रूप में दर्ज है, लेकिन यहां व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा है। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। प्रशासन की लापरवाही इस बात से भी स्पष्ट होती है कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिना पार्किंग के बन रहे निर्माण को लेकर अधिकारीयों से बात की तो अधिकारीयों ने फोन रिसीव करना बन्द कर दिए। स्थानीय निवासियों ने इस अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जनता का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री कार्यालय (ढटड) तक शिकायत दर्ज कराएंगे। क्या होगी प्रशासन की अगली कार्रवाई? अब सवाल यह उठता है कि क्या आवास विकास प्राधिकरण, नगर निगम, खनन विभाग और रेलवे प्रशासन इस अवैध निर्माण पर कोई ठोस कदम उठाएंगे, या फिर यह मामला भी अन्य भ्रष्टाचार के मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

इस मामले में जब जेई आनंद कुमार अधिशासी अभियंता से बात करना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा। वह जानकारी होने के बाद भी जवाब देने से बच रहे है।

**अधिकारी मामले में जवाब देने से बच रहे हैं, नहीं उठा रहे पत्रकारों के फोन**



# आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग परिसर के मीटिंग हॉल में कैपेसिटी बिल्डिंग (उइ) एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया, इस दौरान कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं अधिशासी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी निधि पटेल उपस्थित रही, कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजन कुमार चौबे द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना पर्यावरण को स्वस्थ रखने और संसाधनों का कुशल इस्तेमाल करने के लिए जरूरी है इस मौके पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उच्चतम स्थान हासिल करने हेतु नगर पालिका युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए संकल्पित है। अधिशासी अधिकारी/ उप जिलाधिकारी निधि पटेल द्वारा स्पष्ट कहा गया कि नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका हमेशा तत्पर है सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी समय अंतराल कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रही। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह,सुनील कुमार, टेरियर यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड फर्म के मैनेजर रवि प्रताप, लिपिक चंद्रमोहन, प्रभाकर गुप्ता, हिना गोयल, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, राजकुमार, विनोद कुमार, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, बृजबाला वार्ष्णेय एवं अन्य कर्मचारीगण आदि।



# पशुओं को जहरीला इंजेक्शन लगाकर हत्या करने वाले पांच युवक गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**इगलास/अलीगढ़।** पशुओं को जहरीला इंजेक्शन लगा कर हत्या करने वाले चार युवको को रंगे हाथों पकड़ा गया है। मामला जनपद के थाना इगलास क्षेत्र के गांव ताहरपुर से सामने आया है। बताया जा रहा है आरोपी पशुओं को जहरीला इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर मृतक पशुओं की खाल उतारते हैं और फिर उसे बेंच देते हैं।इन युवकों को ऐसा करते हुए कुछ लोगों ने देखा, इसके बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने जब इनसे पूछताछ की तो इन्होंने बताया कि उनसे ये काम एक ठेकेदार कराता है। जिसका नाम इन्होंने विवेक बताया, इन युवकों ने बताया कि ठेकेदार भैंसों को जहर या इंजेक्शन देकर मरवाता है। भीड़ ने एक आरोपी से नाम पूछा तो उसने अपना नाम धनराज बताया। इस आरोपी ने अपना फोन नंबर भी भीड़ को बताया। पूछताछ के बाद भीड़ भड़क गई और चारों आरोपियों की पिटाई कर दी, बाद में इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



# बसंतोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि भारतीय विश्वविद्यालय संघ की एडिशनल सेक्रेटरी डॉ. ममता आर अग्रवाल,

> **बसंत ऋतु प्रकृति में नई उमंग लाती है - डॉ. ममता आर. अग्रवाल, एडिशनल सेक्रेटरी, भारतीय विश्वविद्यालय संघ**

सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री विख्यात कथक नृत्यांगना नलिनी एवं कमलिनी, विशिष्ट अतिथि पंडित विजय शंकर मिश्र, फाईन आर्ट कॉलेज के डीन डॉ.पिंटू मिश्रा, मंच कला विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ग्रोवर, डॉ.सोकिन्द्र कुमार ने मॉ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। मंच कला विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय शास्त्रीय एवं लोक नृत्य व गायन की प्रस्तुतियों के माध्यम से मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में राग बाहर में रचित मां सरस्वती की स्तुति को छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं की मंत्रमुग्ध प्रस्तुति से सभागार तालियों से गूंज उठा। इसी क्रम में अगली प्रस्तुति स्व. डॉ. मुक्ति भटनागर जी के द्वारा रचित एवं स्वरबद्ध राग किरवानी में सुभारती गाना का हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने स्वर के साथ वाद्यों पर भी अपने हाथों के कौशल को दिखाया। अगली कड़ी में अमीर खुसरो द्वारा रचित राग बहार में बंदिश 'सकल बन फूल रही सरसों' पर कथक नृत्य के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सुंदर भंगिमाओं के साथ प्रस्तुति दी गई छात्र-छात्राओं ने इस बंदिश के साथ राग बसंत में रचित तराने की भी सुंदर तालबद्ध प्रस्तुति दी। जिसे देखकर दर्शकों की तालियां नहीं रुक रही थी। गायन मास्टर अंतिम वर्ष की छात्रा आलिया और अलीमा खान की रही। उन्होंने राग पहाड़ी में रचित ठुमरी जिसके बोल थे 'अजहु सजनिया श्याम नहीं आए' थी। राग पहाड़ी में रचित इस रचना को सुनकर श्रोता स्तब्ध रह गए। अगला कार्यक्रम छात्रों के द्वारा देशभक्ति गीत के समूह प्रस्तुति के रूप में थी। इस समूह गीत की समाप्ति पर उन्होंने उत्तर प्रदेश की एक बहु प्रचलित लोकगीत जिसके बोल 'सब के बलमुआ अमवा लगावे' की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का अंत राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य कालबेलिया से किया गया पूरे नृत्य में दर्शकों ने तालियों के साथ नृत्य की संगति की। मुख्य अतिथि भारतीय विश्वविद्यालय संघ की एडिशनल सेक्रेटरी डॉ. ममता आर. अग्रवाल ने सभी को बसंत उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु को 6 ऋतुओं में से सबसे श्रेष्ठ माना जाता हैं क्योंकि बसन्त के आते ही प्रकृति में एक नई उमंग आने लगती हैं। उन्होंने मंच कला विभाग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने कहा कि बसंत प्रेम, रंग व उत्साह का प्रतीक है। बसंत पर प्रकृति नया रूप लेकर हमें प्रगति का संदेश देती हैं। उन्होंने सभी को बसंत की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। 11वीं बसंत उत्सव के समापन कार्यक्रम में पद्मश्री नलिनी कमलिनी जी एवं पंडित विजय शंकर मिश्रा जी को शारदा श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।





# सुदर्शन पब्लिक स्कूल में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सरधना।** शुक्रवार को नारंगपुर स्थित सुदर्शन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ राजकुमार सागवान रहें। डॉ राजकुमार सागवान सांसद ने सभी बच्चों को संबोधित कर उनको आशीर्वाद देकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।2 फरवरी को मेरठ बागपत जिले के 60 स्कूलों के 756 बच्चों ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें 10 फरवरी को रिजल्ट घोषित कर 120 बच्चों ने इस प्रतियोगिता को जीतकर अपने नाम किया। जिसमें छात्र छात्राओं ने स्थान ग्रुप ए में कक्षा 1 से 4 तक प्रथम केवीएस डोगरा मोहदांस गौतम, द्वितीय कदम पब्लिक स्कूल की आराध्या शर्मा, सुदर्शन पब्लिक स्कूल दिव्यांका तृतीय ग्रुप बी 5-7प्रथम एलटीआरपी स्कूल आर्य प्रथम, सुदर्शन पब्लिक स्कूल से खुशी द्वितीय, तृतीय किसान इंटर कालेज गोटका की वंशिकाउ 8-9 सीआईएस स्तवाई अक्षित प्रथम, ल्लर मेरठ आयुषी द्वितीय, तक्षिला आयर्न चौधरी तृतीय ऊ10-12 प्रथम ि पीयूष, वर्धमान एकेडमी हर्ष त्यागी द्वितीय, बाल ज्योति मैना पूठी आरव तृतीय स्थान पर रहे।शुक्रवार को सुदर्शन पब्लिक स्कूल नारंगपुर में छात्र छात्राओं को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गए।
मौके पर अक्षय रोहटा चर्चिल कुमार उप प्रधानाचार्य लखन मेहरा मास्टर अनुज पारवा एकता त्यागी अंशिका त्यागी पायल दीक्षित संदीप कुमार, ज्ञान दास एवं क्षेत्र के लोग सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विद्यार्थियों ने मिलकर इस समारोह को बढ़ाया। जय सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप जयंत ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करते रहेंगे। अपने स्थान पर पुरस्कार पाकर बच्चे उत्साह से भरे रहे।

# मॉप-अप दिवस मनाया, छूटे बच्चों को खिलाई कृमिनाशक एल्बेण्डाजोल की दवा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** मंढियाई शुक्रवार को आंगनवाड़ी केन्द्र पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल दवा लेने से छूट गये बच्चों को आज मॉप-अप दिवस के अवसर पर कृमि नाशक दवा खिलाई गई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राशिद अली ने बताया कि मॉप-अप दिवस के तहत जो बच्चे बीमार होने या अनुपस्थित रहने के कारण 10 फरवरी को कृमि मुक्ति दवा नही ले पाये थें तथा छूट गये थें, उन्हें शुक्रवार को मॉप-अप दिवस के अवसर पर एल्बेण्डाजोल दवा खिलाई गई। यह दवा 1 से 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रो पर खिलाई गई। इस दवा के लेने के बाद बच्चों के पेट में पल रहे कृमि नष्ट हो सकेगे, बच्चों में खून की कमी और चिडचिडापन की समस्या खत्म हो सकेगी, बच्चों में होने वाली खून की कमी में सुधार होगा और बेहतर पोषण मिल पायेगा साथ हीं बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि हो सकेगी। इस दौरान आगनवाड़ी कार्यकत्री पूनम रानी पुष्पा देवी सहायिका सुन्दरी ग्राम पंचायत सहायक रोहित सैनी आदि मौजूद रहें।



# जारी छापों में एसएनके पान मसाला समूह की राजफाश हुई अरबों की अघोषित संपत्तियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** कर चोरी करने वाले उद्योगपतियों पर सरकार का शिकंजा लगाता जारी है ,जिसके क्रम में एसएनके पान मसाला समूह और उससे जुड़े कारोबारियों के देशभर में 47 ठिकानों पर जारी छापेमारी के दौरान अबतक बड़ी संख्या में जमीनों के दस्तावेज और बोगस कंपनियों के रिकॉर्ड मिले हैं।
अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इस छापेमारी में कन्नौज, फरुर्खाबाद, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, गोवा समेत दक्षिण भारत के कई शहरों के 45 ठिकानों पर अब तक अरबों की अघोषित संपत्तियां का राजफाश हुआ है।
वहीं समूह के चेयरमैन स्थित स्वरूप नगर आवास से करीब 12 करोड़ रुपए की कैश रिकवरी भी हुई है। वहीं कन्नौज में चल रही

> **देशभर में एस एन के समूह के 47 ठिकानों पर लगातार जारी छापेमारी में अबतक कन्नौज, फरुर्खाबाद, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, गोवा समेत दक्षिण भारत के कई शहरों में अरबों की अघोषित संपत्तियां का हुआ राजफाश ,50 करोड़ से ज्यादा की कर चोरी का अनुमान,मिले जमीनों के दस्तावेज और बोगस कंपनियों के भी रिकॉर्ड**

छापेमारी के दौरान वहां भी कैश बरामद किया गया है। वहां नोटों को गिनने के लिए मशीन भी लाई गई है। इस बीमारी की अभी दो-तीन दिन और जारी रहने की भी संभावना बताई गई है।
सूत्रों ने बताया कि कर चोरी के खिलाफ इस छापेमारी में सफलता के लिए दिल्ली, मुंबई से आए फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने ठिकानों से मिले कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को खंगाला है।
सूत्रों के अनुसार, कई अहम डेटा डिवाइस से डिलीट भी मिले हैं। अबतक की जांच पड़ताल में समूह और इनके सहयोगियों के यहां बड़ी टैक्स चोरी भी उजागर हुई है। फिलहाल इस छापेमारी में अबतक 50 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी भी मिली है। वहीं 100 से अधिक बोगस कंपनियां भी सामने आने के साक्ष्य मिले हैं। जिनकी छानबीन में लगातार जारी है। अवगत कराते चलें कि एस एन के पान मसाला समूह में इसके पहले भी कर चोरी के खिलाफ कई बार छापे मारी की जा चुकी है ,जिसमें भी करोड़ों की कर चोरी का पदार्फाश भी हो चुका है।

# "किसी भी तरह का स्ट्रेस खुद पर हावी न होने दे" : डॉ अनुप्रीता शर्मा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीपुरम।** विनायक विद्यापीठ के इंटर्नल कंप्लेंट कमेटी ने छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य वक्ता सोनी जैन, साइकोलॉजिस्ट उपस्थिति रही, जिनका स्वागत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चंदन का तिलक लगाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत वक्ता द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फूलमाला अर्पित कर की गई। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा, डीन एकता सिंधु एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा उपस्थित रहे।
वक्ता सोनी जैन ने छात्र-छात्राओं को स्ट्रेस, डिप्रैशन एवं एंजाइटी के बारे में जानकारी दी और इस मानसिक बीमारी के कुछ लक्षण भी बताइए जिसमें ज्यादा सोचना, घबराहट, खाने या सोने के पैटर्न में बदलाव, ज्यादा चिंता करना, ज्यादा गुस्सा करना, आत्महत्या के बारे में सोचना है खुद को नुकसान पहुंचाना मुख्य थे। उन्होंने कहा की लंबे समय तक तनाव में रहने के कारण मानसिक रोग के शिकार हो सकते हैं इसलिए किसी तरह का अनावश्यक तनाव लेने से बचे। छात्र-छात्राओं ने वक्ता से विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए जिनका उन्होंने उनको उत्तर देकर संतुष्ट किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि ऐसी कोई मानसिक समस्या नहीं है जिसका समाधान ना हो, हमें अपनी मानसिक समस्या को परिवार के साथ साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का स्ट्रेस खुद पर हावी न होने दे। अंत में वक्ता सोनी जैन को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनुप्रीता शर्मा, डीन एकता सिंधु, टीपीओ प्रवीन शर्मा द्वारा शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यकम में मंच का कुशल संचालन मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष अनिशा देशवाल ने किया।



# तीन दिन में खर्च हो गया पूरे वित्तीय वर्ष का बजट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** विकासखंड मलिहाबाद की कहला पंचायत भ्रष्टाचार के मामले में किसी से पीछे नहीं है क्योंकि यहां तीन तारीखों में ही पूरे वित्तीय वर्ष का बजट खर्च हो गया। इसके अलावा अब्दुल कादिर नाम का व्यक्ति गांव में जादू की छड़ी की तरह हर काम अकेले ही करता है तभी तो चालू वित्तीय वर्ष में किसी काम के लिए दूसरा कोई मजदूर नहीं लगाया गया। आपको बताते चलें कि इस पंचायत में 11 दिसंबर 2024,12 जनवरी 2025 और 24 जनवरी 2025 को ही पूरे वित्तीय वर्ष का बजट खर्च कर दिया गया है। इस पंचायत के एकमात्र मजदूर ने सफाई कार्य, प्रशासनिक मद, हैंड पाइप मरम्मत, इंटरलॉकिंग तथा स्ट्रीट लाइट मरम्मत का काम अकेले ही कर रहा है। अब्दुल कादिर के नाम दिसंबर 2024 में 73155 12 जनवरी 2025 को 127193 तथा 24 जनवरी 2025 को 153885 रुपए का भुगतान किया गया है।

> **अब्दुल कादिर के पास है जादुई छड़ी, इसलिए अकेले ही करता है पूरी पंचायत का हर काम**

इस पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में पावनी ट्रेडर्स, उमा इंटरप्राइजेज, उमा ट्रेडर्स और अनन्या इंटरप्राइजेज के नाम से ही लाखों का बजट खर्च कर दिया गया लेकिन ऑनलाइन अभिलेखों में खर्च का ब्यौरा कई जगह उपलब्ध नहीं है। इतना बजट खर्च होने के बावजूद कई जगह गांव में नालियां बजा रही हैं।

# मदरसा इस्लामिया दारुल उलूम असहाबी सुफा में हुआ एक दिवसीय जलसा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** शुक्रवार को लोकप्रिय रोड़ स्थित मदरसा इस्लामिया दारुल उलूम असहाबे सुफा में एक दिवसीय जलसा का आयोजन किया गया। इसमें दूरदराज से तशरीफ लाए मौलानाओं ने अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने की अपील की।जलसे को खिताब करते हुए दाई अल उम्मत हजरत अलहाज शेख हकीम इमरान साहब खलीफा ए अजल दाई ए इस्लाम ने जलसे में मौजूद लोगों से दीनी तालीम के साथ ही दुनियावी तालीम हासिल करने व नशे जड़ से खत्म करने की अपील की।जलसा में नौजवान, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस जलसे में सभी को इस्लाम धर्म से जुड़े कई तरह कि तालीमे दी गई।जिसमें विशेष रूप से नौजवानों को नमाज पढ़ने, रोजा रखने की अहमियत और इस्लाम धर्म के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया। विशेष रूप से नमाज की तालीम दी गई और पांचों वक्त की नमाज अदा करने की प्रेरणा दी गई।आगामी रमजान माह में रोजा रखने के लिए भी नौजवान को प्रेरित किया गया। कारी सालिम कहा कि इस्लाम में महिलाओं को पर्दे में रहने का हुक्म है। साथ ही शौहर यानि पति का खिदमत महिलाओं को अंतिम सांस तक करना चाहिए।वहीं शिक्षा पर रौशनी डालते हुए कहा कि हर बच्चों को शिक्षा जरुर दे चाहे हिंदी,उर्दू व इंग्लिश मध्यम क्यों न हो।शिक्षा से समाज में बुराईयों को दूर किया जा सकता है।जलसा को सफल बनाने में मौलाना मुफ्ती असाद, कारी जाबिर,कारी दीन मोहम्मद,कारी सालिम,जावेद अब्बासी आसिम,सूफी वाजिद,डॉ रिहान,डॉ नईम समेत अन्य ने सहयोग दिया।



# प्रदर्शनी में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी अलीगढ़ महोत्सव 2025 में होने वाली स्पोर्ट्स प्रदर्शनी के अंतर्गत खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डॉ राकेश सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़ ६ स्टेट कोडिनेटर (के०के०एफ०आई)जी के आदेश अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से श्री सतीश सिंह ब्लॉक पीटीआई व श्री विवेक चैधरी एवं राम खिलाड़ी प्रधान ने फीता काटकर एवं खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर किया। जिसमें पहले दिन के खेल में उद्घाटन में सब जूनियर बालिका वर्ग में मदरसा चाचा नेहरू पब्लिक स्कूल और श्रीदेवी राम पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, श्रीदेवी राम स्कूल एक अंक से विजेता रहा, वही क्रमश दूसरा, तीसरा एवं चैथा मैच भगवानपुर और गोपी राम पालीवाल इंटर कॉलेज,केतन कॉन्वेंट और चिरंजीलाल इंटर कॉलेज अलीगढ़ के बीच खेला गया जिसमें गोपी राम पालीवाल एक से ,चिरंजीलाल इंटर कालेज की टीम 5 अंक से विजेता बनी ।इस अवसर पर कबड्डी संघ के सचिव अली मोहम्मद, सचिव अवधेश सारस्वत,नीरज ठाकुर एवं सशद उपस्थित रहे ।निर्णय की भूमिका में दलबीर सिंह बालियान एवं प्रिया रही ,वहीं स्कोरर की भूमिका सोनिया एवं ने स्वर्णा शर्मा ने निभाई।



**आयोजन** | **मुजफ्फरनगर 17 फरवरी भारी संख्या में किसान होंगे शामिल**

# भाकियू की मासिक पंचायत ग्राम मोड बहसूमा में आयोजित हुई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहसूमा।** भारतीय किसान यूनियन की संगठन जिला मासिक पंचायत गुर्जर खिलारी मास्टर की अध्यक्षता में ग्राम मोड बहसूमा में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि चौधरी गौरव टिकैत मौजूद रहे। शुक्रवार को हुई मासिक पंचायत में सभी वक्ताओं ने एक सुर में संगठन विस्तार एवं अधिक से अधिक

> **जिला स्तर पर आंदोलन का आव्हान भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने किया जल्द तारीख घोषित होगी**

सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया मासिक पंचायत के दौरान मुजफ्फरनगर पंचायत में शामिल होने के लिए प्रत्येक किसान ने जोर शोर से चलने का आव्हान किया इस दौरान किसान समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई जिसमें प्रमुख समस्या गन्ना भाव बढ़ाने ओर जल्द से जल्द से घोषित कराने की मांग , गन्ना भुगतान, एम एस पी गारंटी कानून, बिजली बिना शर्त फ्री दिए जाने की मांग , लेखपाल की तानाशाही , बिजली कर्मियों का अभद्र व्यवहार आदि समस्या रही इस दौरान मुख्य अतिथि चौधरी गौरव टिकैत ने अपने संबोधन में किसानों से एकजुट होकर किसान ओर खेती बचाने का आव्हान करते हुए सभी समस्याओं पर आंदोलन करने ओर मुजफ्फरनगर पंचायत में शामिल होने का आव्हान किया। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्या अनेक ओर समाधान प्रशासन करना नहीं चाहता इसलिए समाधान भी एक हे आंदोलन ओर मुजफ्फरनगर पंचायत में सभी से चलने ओर जिला स्तर की मुख्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनपद में आवारा पशु भयानक समस्या हे गन्ना भुगतान की स्थिति पिछले वर्षों से बेहद गंभीर हो चुकी हे तहसील में लेखपाल की तानाशाही, बिजली कर्मियों के अभद्र व्यवहार और हस्तिनापुर गुरुद्वारे में अवैध दुकान बनाए जाने के विरोध करने पर दर्ज किया संगठन जिला उपाध्यक्ष जज सिंह पर मुकदमा हमारी प्राथमिक प्रमुख समस्या हे और जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी मासिक पंचायत में कार्यकताओं किसानों से तैयार रहने का आव्हान करते हुए मुजफ्फरनगर की पंचायत के बाद जिला स्तर पर जिलाधिकारी का घेराव करने की घोषणा की एवं सभी से एकजुट होकर संगठन मजबूत करने की अपील की आज की पंचायत का संचालन हर्ष चहल ने किया ओर युवाओं किसानों से खेती पर नजर बनाए रखने का आव्हान किया। अनूप यादव ने युवाओं से संगठन में जुड़ने का आव्हान किया । इस दौरान आज की पंचायत में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, सतबीर सिंह महासचिव,कपिल प्रधान, मोहित देशवाल, नीटू देशवाल,धूमसिंह देशवाल,ललित,बाबा मेजर चिंदौड़ी, मदनपाल यादव, नरेश मवाना , सरदार जज सिंह, बंटी,जय बहादुर, राजू, प्रवीण , सत्येंद्र तालियान, देशपाल हुड्डा, मोनू टिकरी, विनोद , अंकित , सुनील, सुखपाल, मुखिया, प्रिंस , नीटू, हरेंद्र,सचिन, धूम सिंह, सूबे सिंह,मोहित, ललित, उज्जवल, टिंकू, दिव्यांश, अंकुर, सुंदर प्रधान, अरविंद मोहम्मदपुर,आदि मौजूद रहे।



# राज्यमंत्री भारत सरकार श्री एस0पी0 सिंह बघेल आज अलीगढ़ में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**अलीगढ़ ।** राज्यमंत्री मत्स्य, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज विभाग भारत सरकार एस0पी0 सिंह बघेल 15 फरवरी को अपरान्ह 12:15 बजे गोंडा रोड स्थित बी0एस0 बघेल इंटरनेशनल स्कूल के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री जी द्वारा अपरान्ह 01:20 बजे थाना बन्ना देवी स्थित सांई विहार कॉलोनी में वीरेन्द्र पाल से भेंट वार्ता कर एटा के लिए प्रस्थान किया जाएगा।



# मुरादाबाद में प्लास्टिक पाइप के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद के पंडित नगला बाइपास स्थित पानी के टैंक और प्लास्टिक के पाइप के गोदाम में गुरुवार तीसरे पहर करीब साढ़े तीन बजे भीषण आग लग गई। आबादी के बीच करीब पांच बीघा में बना गोदाम धुएं और लपटों से पूरी तरह घिर गया। दहशत में आसपास के लोग अपने घरों से निकलकर भागने लगे। भीषण आग पर काबू पाने के लिए मुरादाबाद के साथ संभल, अमरोहा और रामपुर जिले से भी दमकल वाहनों को बुलाया गया। पूरे क्षेत्र में धुआं भरने से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया। कई लोगों के बेहोश भी हुए हैं। बुलडोजर की मदद से गोदाम की दीवार तोड़कर दमकलकर्मियों ने अंदर प्रवेश किया। आसपास के 50 मीटर क्षेत्र को खाली कराया गया। साथ ही 100 मकानों को खाली कराया गया है और दो लोगों को बाहर निकाला गया है। कई मकानों में दरारें आ गई हैं। रात साढ़े 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका। एसएसपी सतपाल अंतिल के मुताबिक आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गुरुवार को तीसरे पहर कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की तेज





लपटें उठने लगीं। आसपास के क्षेत्र में धुआं भर गया। डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल, कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह भी मौके पर पहुंच गए। आसपास के घरों में धुआं भरने से 20 से अधिक एंबुलेंस बुला ली गईं।चार जिलों के दमकल वाहनों ने आग पर सात घंटे में पाया काबू '। नगर निगम की टीमें भी आग बुझाने में फायरकर्मियों की मदद में जुट गईं। सुरक्षा की दृष्टि से पंडित नगला बाइपास को बंद कर दिया गया। आग लगने से गोदाम स्वामी बेहाल हैं। वह अभी नुकसान के बारे में भी नहीं बता पा रहे हैं'गोदाम में चौकीदार धर्मेंद्र पत्नी और पांच बच्चों के साथ रहता है। गोदाम स्वामी के बताने पर उसे खोजा गया। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा था। लिहाजा अनहोनी की आशंका जताई जाने लगी। कुछ लोग उसके आग लगने पर भाग जाने के बारे में भी बता रहे थे। देर रात एसपी सिटी कुंवर रणविजय सिंह ने बताया कि चौकीदार से बात हो गई है। वह शहर में ही है।

## बथुआ तोड़ने को लेकर दो महिलाओं को दराती मारकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खेत से बथुआ तोड़ने को लेकर कहासुनी हो गई जिसमें खेत स्वामी ने महिलाओं को दराती से मारकर लहू लुहान कर दिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव हर किशनपुर निवासी सन्तोष पत्नी विनोद कुमार का आरोप है कि 6 फरबरी को शाम 4 बजे वह और उसकी देवरानी डिम्पल पत्नी रामवीर खेत पर काम करके अपने घर आ रही थी तभी रास्ते में धर्मेन्द्र पुत्र दलीप आया और गाली गलौच कर खेत से बथुआ तोडने का आरोप लगाने लगा। महिलाओं के बथुआ तोड़ने को मना करने पर धमेन्द्र आग वबुला हो गया और अपने हाथ में लिये दराती से हाथ व आँख के नीचे वार कर दिया देवरानी ने वचाना चाहा तो उसके भी हाथ पर दराती मारी जिससे दोनो खून से लथ पथ हो गई। धमेन्द्र जाते हुए जान से मारने की धमकी भी दे गया। घायल महिलाएं थाने पहुंची और तहरीर दी पुलिस ने महिलाओं का चिकित्सक परीक्षण करा कर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## कावड़ यात्रा 16 फरवरी से प्रारंभ होगी : मार्गों से गुजरेंगे हजारों कांवरिया, मांस की दुकान 16 फरवरी से कावड़ रूट पर बंद कर दी जाएगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा 16 फरवरी से शुरू होने जा रहे हैं। पुलिस की ओर से चिन्हित किए गए मार्गों से लाखों कांवड़िये गुजरेंगे। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। सुरक्षा की नजर से इन मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्हें कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। कांवड़ियों के वेश में भी पुलिसकर्मियों को इन रूट में तैनात किया गया




है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। दस दिन तक महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ यात्रा चलेगी। इसको लेकर पुलिस-प्रशासन तैयारी में जुटा हैं। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा पर पैनी नजर रखने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की है। जिले से बड़ी संख्या में अन्य जनपदों के कांवड़ियें गुजरते हैं। इनमें मुरादाबाद, रामपुर, बरेली अमरोहा, आदि जनपद'कांवड़ यात्रा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कांवड़ यात्रा मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिले की सीमा पर शिवभक्तों की गिनती की जाएगी। अनुमान है कि जिले से तीन लाख शिवभक्त निकलेंगे। इन कांवड़ रूट पर पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी कांवड़ रूटों को सीसीटीवी कैमरों से लैश किया गया है'करीब एक लाख कांवडिये भागूवाला, नजीबाबाद कोतवाली देहात, धामपुर, स्योहारा होते हुए मुरादाबाद जाएंगे। मांस की दुकानें 16 फरवरी से कांवड़ रूट पर बंद कर दी जाएगी।

## आधार' थाम रहा "अपार आइडी की रफ्तार" जनपद में 60% बच्चों की आईडी बननी शेष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में अपार आइडी बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। इसकी वजह बच्चों के शैक्षिक अभिलेखों और आधार कार्ड व प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि व नाम में भिन्नता है। पूरे जिले में अब तक 40 प्रतिशत बच्चों की ही अपार आइडी बन सकी है। परिषदीय विद्यालयों में करीब 79 प्रतिशत आइडी बना ली गई हैं जबकि निजी विद्यालय इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। जिससे शिक्षा विभाग लक्ष्य से पिछड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति भगतपुर टांडा ब्लाक की है। जहां अभी 70 प्रतिशत काम शेष है।अपार योजना के तहत अपार आइडी (आटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्टर) बनाना केंद्र सरकार की योजना है। इस योजना में कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं की अपार आइडी बनाई जानी है। यह पहल वन नेशन वन आइडी योजना का हिस्सा है। अपार




आइडी वास्तव में शैक्षिक प्रमाणपत्रों की तिजोरी है' इस तरह बनाएं अपार आइडीः अपार एजुकेशन की वेबसाइट पर अपना नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार नंबर, जन्मतिथि और स्थायी पता को भरना होगा। इसके बाद मोबाइल पर ओटीपी आएगा उसे दर्ज करके वेरिफाई करना होगा। नियमानुसार स्कूलों को अपार आइडी बनाने से उनके अभिभावकों की अनुमति लेनी होगी'विभागीय अधिकारियों के अनुसार अपार बनाने में अभिभावक बिल्कुल रूचि नहीं ले रहे हैं। जिस वजह से बड़ी संख्या में बच्चों की अपार आइडी नहीं बन पा रही है। बिना अभिभावकों की अनुमति के अपार आइडी नहीं बनेगी।एक क्लिक करने से ही छात्र-छात्राओं के सभी शैक्षिक कागजात उपलब्ध हो जाएंगे। फर्जी शैक्षिक दस्तावेज बनाने का खेल भी खत्म हो जाएगा। जनपद में 6,96,173 बच्चों की अपार आइडी बननी है। जिसमें अभी तक 2,74,541 बच्चों की ही आइडी बन सकी है। जबकि 38,39,904 बच्चों की आइडी बनना शेष है। इस तरह पूरे जनपद में 60.56 प्रतिशत बच्चों की आइडी बननी शेष है।

## दुकान से मोबाईल चोरी करते हुए चोर को रंगे हाथ पकड़ा, चोर की हुई जमकर धुलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** अब्दुल्ला की दुकान से चोर मोबाईल उठाकर फरार हो गया दुकानदार ने शोर मचाया तो लोगों ने उसे पकड़ लिया फिर उसकी जमकर धुनाई करके छोड़ दिया गया। नगर पंचायत कांठ के मुर्गा मार्केट में अब्दुल्ला की मोबाइल की दुकान है बताया गया कि एक युवक की पैड वाला मोबाइल लेने के लिए दुकान पर पहुंचा दुकानदार ने उसे मोबाइल दिखाए मोबाइल हाथ में आते ही युवक ने 100 का नोट




काउंटर पर रखा और मोबाइल लेकर फरार हो गया। दुकानदार ने शोर मचाया तो आगे वाले दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया चोर की जमकर धुनाई की गई। बाद में मोबाइल लौटाने और गलती मानने पर उसे छोड़ दिया गया। बतादे की कुछ दिनों से चोरों की सक्रियता बढ़ती जा रही है और इन छोटी-मोटी चोरियों के पीछे नशे की लत बताई जा रही है। आशापुर कॉलोनी में नशे का कारोबार चल रहा है नशे की तलब को शांत करने के लिए चोरों की सक्रियता बढ़ गई है।

## यूपी बोर्डः परीक्षा की निगरानी करेंगे छह सचल दल, 24 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। परीक्षा की निगरानी के लिए छह सचल दल का गठन किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक का कहना है कि संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रस्तावित हैं।परीक्षा में लगे सभी केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट आदि के साथ 17 या 18 फरवरी को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक होगी। इसमें सभी को परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित जानकारी दी जाएगी। परीक्षा में हाईस्कूल के 40183 और इंटरमीडिएट के 39274 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।परीक्षा के लिए 108 केंद्र बनाए गए हैं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों के अलावा 108 अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। इसके अलावा जिले में 17 परीक्षा केंद्र संवेदनशील चिह्नित किए हैं। डीआईओएस के मुताबिक सभी केंद्रों पर 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट और पांच जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।




## राष्ट्रीय सेवा योजनाः पर्यावरण संरक्षण हेतु रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आज सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। सरस्वती वंदना स्वयंसेविका काशी द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत भी गाया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रोफेसर व राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ कंचन सिंह व अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नेमिका ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना व उसके उद्देश्यों के विषय मे विस्तार से बताया तथा शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं' शिविर के द्वितीय सत्र में सभी स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय से शुरू कर सैनी धर्मशाला बंगला गांव तक जन






जागरूकता रैली निकाल कर जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया। कुछ स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया तथा कुछ स्वयं सेविकाओं ने लोगों को बीज बांटकर पौधारोपण करने की अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर छाया रानी व द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी विदुषी यादव ने भी स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संबंधी जानकारी प्रदान की। स्वयं सेविकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक व कविताएं भी प्रस्तुत किए गए। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

## इंशाअल्लाह दुनियां मे जल्द अदल इंसाफ की हुकूमत कायम होंगी, मौलाना अफाक आलम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एमके भारती सैफी )।** 15 शाबान यानी शुक्रवार को शिया समुदाय ने अपने 12 वें इमाम हजरत इमाम मेहदी अलेह्ह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया इस मौके पर इमामबाड़ा और आजाखानो को विशेष रूप से

### इमाम मेंहदी के जन्म दिवस पर नूरानी महफिल सजी घरो मे नजर दिलाई गई

सजाया गया तथा घरों में नए-नए पकवान बनाकर नजर दिलाई और नूरानी महफिलों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को इमाम मेहंदी के जन्मदिन के अवसर पर शिया समुदाय ने विशेष नमाज अदा की और रोजे रखे तथा इमामबाड़ा हजरत अबू तालिब नूरानी महफिल हुई जिसमें शायरों ने अपने कलाम पेश करें और उलेमा ने इमाम मेहंदी पर प्रकाश डाला शुक्रवार मस्जिद ए सादात मैं नमाज के दौरान नूरानी महफिल में इमामे जुमा



मौलाना अफाक आलम जैदी ने कहा कि इमाम मेहदी के पिता का नाम हसन आस्करी और माँ का नाम नरगिस है इमाम हजरत हसन अस्करी के शहीद होने के बाद खुदा के हुकुम से इमाम मेहदी पर्दा ए गैब मे है पर्दा ए गैब मे रहकर वह हमें देख रहे है इसलिए अपने अमल और किरदार को ऐसा बनाना चाहिए जिससे हमारे इमाम खुश होऔर हमारा अमल किरदार देखकर कहे की यह इमाम मेंहदी के शिया है मौलाना ने कहा कि कयामत से पहले इमामत दुनिया में आएगी दुनिया में इमाम आने वाले हैं इसलिए हम लोगों को उनके स्वागत के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए / इमाम मेहदी का दुनिया में जब जाहुर होगा तो दुनिया अदल और इंसाफ से भर जाएगी और दुनिया में सत्य का बोलबाला होगा जुल्म खत्म हो जाएगा झूठ फना हो जाएगा और इस्लाम का बोलबाला होगा ने मुल्क और काम की तरक्की के लिए दुआ कराई इस मौके पर मौलाना नय्यर रजा नकवी मौलाना नकी रिजवी ने विचार व्यक्ति किए ।

## शहीद स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** ब्लाक में शहीद स्मारक पर भाजपा कार्यकताओं ने पुलवामा



आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मडंल अध्यक्ष संजय कश्यप, मडंल महामंत्री ठाकुर अरविंद ठाकुर ,संजय दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा,पीयूष गौतम, मडंल कोषाध्यक्ष डॉक्टर मुकीम हुसैन, शाक्तिकेन्द्र संयोजक अश्विन शर्मा, पंकज शर्मा,सतीश कुमार, सचिन कुमार, रोहित कुमार,अंकुर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करले जो करना है आखिर मौत हैः आमिर मदनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** नगर के मौहल्ला कायस्तान बछुआ बाग स्थित दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसे में इज्तेमा ए शबे बरात का आयोजन किया। जिसमें मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया ने खौफे खुदा व इश्के रसूल को बढ़ाने वाले बयानात किए इज्तेमा का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से कारी सिब्ते हसन अत्तारी ने किया। बिशारत कमाल अत्तारी ने नबी ए पाक की बारगाह में कलाम पेश किया। मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया मौलाना आमिर सुहैल अत्तारी ने कहा कि शबे बारात बहुत अहम रात है इस रात तौबा करने वालों की तौबा कबूल होती है । लिहाजा मुसलमानों को चाहिए नमाज की पाबंदी करें और मरने से पहले पहले अपनी मौत और आखिरत की तयारी में लग जाए और तौबा कर ले तौबा रब की रहमत है



। कब्र में वरना सजा होगी । आखिर में सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई । इस मौके पर फिदा हुसैन अत्तारी कारी रफी अत्तारी काशिफ अत्तारी हाजी रियाज उद्दीन अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी अरकान कादरी आदि मौजूद रहे।

**दुआ** मुसलमानों ने रात भर जागकर मसजिदों और अपने घरों पर इबादत की

# शब ए बरात की रात मे कब्रिस्तानों में जाकर लोगों ने अपने अजीजों के लिये की दुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** गुरुवार की शाम को शब ए बरात पर मुसलमानों ने रात भर जागकर मसजिदों और अपने घरों पर इबादत

### दरगाहों पर हाजिरी देकर मुल्क और कौम की मांगी सलामती की दुआ

की । मगरिव की नमाज के बाद कब्रिस्तानों में बूढ़े बुजुर्ग बच्चे नौजवान ने अपने अजीजो जो दुनिया से विदा हो चुके हैं की कब्रों पर जाकर फातिहा पढ़ी और उनकी मगफिरत के लिए दुआ की । इशा की नमाज के बाद इशा से लेकर फजर तक नफिल नमाज मसजिदों और अपने







घरों मे पढ़ी और अपने गुनाहों से तौबा की । शब ए बरात को लेकर मसजिदों, कब्रिस्तानों, दरगाहों पर रौशनी भी की गई । शब ए बरात के मौकों पर घर घर हलवा भी बनाया गया जो तबर्रुक के रूप मे अपनों के घरों पर तक्सीम किया गया । शब ए बरात की रात मे नगर मे मौहल्ला नूरुल्ला मे पैंठ बाजार रोड स्थित हजरत सूफी ख़्वाजा हाजी अल्लाह बख़्श रहमतुल्लाह अलेह, हजरत सुल्तान आरफीन रहमतुल्लाह अलेह मौहल्ला सादात मे हरियाना रोड दरगाह हजरत मंतशाह रहमतुल्लाह अलेह,मौहल्ला सादात (तकिया) हजरत दादा मियां रहमतुल्लाह अलेह आदि दरगाहों पर पहुंच कर हाजिरी दी मन्नते मांगी । मुसलमानों ने रोजे भी रखे । इबादत की रात शब ए बरात पर नगर और क्षेत्र के कई गांवों में दीनी जलसों भी हुये जलसा में उलेमाओं ने मुसलमानों से रोजा नमाज की पाबंदी और हक पर चलने की नसीहत की । मुसलमानों ने अपने पुरखों की कब्रों पर जाकर उनकी मगफिरत के लिये दुआ की । कुंदरकी ग्रामीण क्षेत्र के हरियाना, जलालपुर खास, पीतपुर, बगरौआ, डोमघर, डींगरपुर,हाथीपुर चित्तू इमरतपुर सिरसी, अहमदनगर जैतबाड़ा, चकफाजलपुर,मैनाठेर, मझौली खास,गुरेर,भीकनपुर कुल्बाड़ा,आदि गांवों मे शब ए बरात रहमत वाली रात को मस्जिदों और घरों में नमाज अदा की और नफिल नमाजे पढ़ी और अपनो अजीजों के लिये मगफिरत की दुआएं मांगी कब्रिस्तानों मस्जिदों और दरगाहों पर रोशनी की घरों में मीठे पकवान हलवा बनाया गया जो अकीदतमंदों में तक्सीम भी किया गया । इबादत का सिलसिला ईशा से लेकर फज्र तक चलता रहा । शबे बरात के त्यौहार को लेकर कुंदरकी एवं मैनाठेर थानों की पुलिस भी लगातार रात भर गस्त करती रही ।

## सरकारी डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस से रोकेंगे जिला अधिकारी, निजी प्रेक्टिस करने वाले डॉक्टरों की जांच के आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के सरकारी डॉक्टर अब प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। निजी प्रैक्टिस को प्रतिबंधित करने के लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को हर हाल में निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी किया है। इसमें सभी डीएम, पुलिस आयुक्तों और सीएमओ को निर्देश दिया है कि वे सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस की जांच करें। यदि कोई भी इस काम में लिप्त पाया जाता है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति शासन को करें। यह संस्तुति हर हाल में 20 फरवरी तक कर दी जाए। इस आदेश के फलस्वरूप अब चिकित्सकों को अपनी निजी प्रैक्टिस बंद करनी होगी।

### सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को हर हाल में निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं

यदि कोई भी इसमें लिप्त पाया जाता है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। शासन ने यह आदेश हाईकोर्ट के निजी प्रैक्टिस को लेकर दिए गए आदेशों के क्रम में किए गए हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी को होनी है 'उल्लेखनीय है की तहसील क्षेत्र में अनेक सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं' अब उनके खिलाफ कार्रवाई होनी निश्चित है।



# गोरी है कलाईयां के साथ कनिका कपूर की धमाकेदार वापसी

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर, जिन्होंने चिट्टियां कलाइयां और बेबी डॉलइ जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं, एक बार फिर धमाकेदार वापसी कर रही हैं। उनका नया गाना गोरी है कलाईयांइ फिल्म मेरे हसबैंड की बीवीइ का प्रमुख ट्रैक है। खास बात यह है कि इस गाने में कनिका के साथ रैपर बादशाह की भी शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। वहीं, म्यूजिक वीडियो में भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर नजर आएंगे, जो इस गाने को और भी ग्रैंड बना रहा है। कनिका कपूर की आवाज हमेशा से बॉलीवुड के चार्टबस्टर्स में शामिल रही है। इस बार भी गोरी है कलाईयांइ अपनी एनर्जेटिक बीट्स और कनिका की जादुई आवाज के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने के जरिए कनिका और बादशाह की केमिस्ट्री फिर से म्यूजिक इंडस्ट्री में धूम मचाने को तैयार है। बॉलीवुड के अलावा, कनिका कपूर इंडिपेंडेंट म्यूजिक इंडस्ट्री में भी लगातार प्रयोग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने मटक मटकइ और फैंटेसीइ जैसे गानों से अपनी अलग पहचान बनाई है, जहां उन्होंने भारतीय धुनों को अफ्रीकी बीट्स और मॉडर्न साउंड के साथ मिलाकर अनोखा फ्यूजन तैयार किया है। कनिका कपूर न सिर्फ रिकॉर्डिंग स्टूडियो में बल्कि लाइव इवेंट्स में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में उन्होंने ढ्ढस्क्करु ओपनिंग सेरेमनी में धमाकेदार परफॉर्मेंस दी थी, जिसने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका स्टाइल और म्यूजिक के प्रति उनका एक्सपेरिमेंटेशन उन्हें एक ट्रेंडसेटर बना रहा है। कनिका कपूर की गोरी है कलाईयांइ के साथ वापसी ने उनके फैंस को खासा उत्साहित कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी इस गाने को लेकर जबरदस्त चर्चा हो रही है और दर्शक इसे 2025 का अगला चार्टबस्टर मान रहे हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म तंडेल की धूम, 5 दिनों में ही वसूल हो गई पूरी लागत

साउथ स्टार नागा चैतन्य की फिल्म 'तंडेलइ ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. इसकी कहानी ऑडियंस को भा गई है. लोग सिनेमाघरों में फिल्म का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं. देश ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट में भी 'तंडेलइ का डंका बज रहा है और हर दिन धुआंधार कमाई हो रही है. सिर्फ पांच दिनों में ही फिल्म ने अपनी पूरी लागत वसूल कर ली है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन जान नागा चैतन्य भी गदगद हो जाएंगे.

तेलुगु भाषा में बनी 'तंडेलइ 7 फरवरी को रिलीज हुई है और इसने पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर तगड़ा बिजनेस शुरू कर दिया. इस बीच मेकर्स ने फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है. इसके मुताबिक, नागा चैतन्य की 'तंडेलइ ने दुनियाभर में 80.12 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. फिल्म ने यह कमाल सिर्फ 5 दिनों में कर दिखाया है.

नागा चैतन्य की फिल्म में साई पल्लवी ने भी काम किया है. कमाल की बात है कि सिर्फ 5 दिनों में ही फिल्म ने अपनी पूरी लागत वसूल कर ली है. रिपोर्ट के मुताबिक, 'तंडेलइ 75 करोड़ रुपये की लागत में बनी है. इस तरह फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर पूरा बजट वसूल हो चुका है. अब फिल्म जो भी कमाई करेगी, वो सिर्फ मुनाफा होगा.

'तंडेलइ फिल्म तेलुगु, तमिल और हिंदी भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. घरेलू बॉक्स ऑफिस



कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने मंगलवार को देशभर में 3.6 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'तंडेलइ पांच दिनों में देशभर में 44.45 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है। बताते चलें कि नागा चैतन्य की तेलुगु फिल्म 'तंडेलइ सच्ची घटनाओं से प्रेरित है. इसका डायरेक्शन चंदू मोंडेती ने किया है और अल्लू अरविंद प्रोड्यूसर हैं. इसमें आदुकलम नरेन, दिव्या पिल्लई, करुणाकरण और पृथ्वीराज जैसे सितारे अहम किरदारों में हैं. 'तंडेलइ में एक मछुआरे की कहानी दिखाई गई है, जो गलती से पाकिस्तानी जलक्षेत्र में पहुंच जाता है और पकड़ा जाता है. इसके बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है।

# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई दिलकश अदाएं

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर की शुरूआत साउथ फिल्मों से की थी और आज वो किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है



कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, ग्लैम मेकअप, कानों में इयररिंग्स और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक का दीदार करने के लिए काफी बेताब रहते हैं।

# वेंकटेश स्टारर संक्रांतिकी वस्थूनम ओटीटी रिलीज डेट आउट, 20 फरवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी फिल्म

कई हफ्तों की जबरदस्त चर्चा के बाद वेंकटेश की नवीनतम ब्लॉकबस्टर संक्रांतिकी वस्तुनम आखिरकार अपने ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही यह फिल्म 20 फरवरी 2025 से तेलुगु और तमिल दोनों भाषाओं में जी 5 पर स्ट्रीम होगी। यह खबर उन प्रशंसकों के लिए खुशी की बात है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। संक्रांतिकी वस्तुनम एक एक्शन से भरपूर फिल्म है जो पूर्व पुलिस उपायुक्त वाई डी राजू की कहानी पर आधारित है, जिसे एक बड़ी वैश्विक कंपनी के अपहृत सीईओ को बचाने का काम सौंपा गया है। फिल्म में वेंकटेश मीनाक्षी चौधरी ऐश्वर्या राजेश और सर्वदमन डी बनर्जी सहित कई कलाकार शामिल हैं। 14 जनवरी 2025 को रिलीज हुई संक्रांतिकी वस्तुनम ने पहले ही दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

सिनेमाघरों में संक्रांतिकी वस्तुनम की सफलता प्रभावशाली रही है और इसके ओटीटी रिलीज से इसकी लोकप्रियता में और इजाफा होने की उम्मीद है। फिल्म निर्देशक अनिल रविपुडी ने एक्शन कॉमेडी और ड्रामा को बेहतरीन तरीके से मिलाकर इसे तेलुगु सिनेमा के प्रशंसकों के लिए जरूर देखने लायक बनाया




**भीम्स सेसिरोले द्वारा रचित फिल्म संगीत को दर्शकों ने खूब सराहा है, जबकि समीर रेड्डी द्वारा संभाली गई सिनेमैटोग्राफी ने फिल्म की दृश्य अपील को और बढ़ा दिया है। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों, आकर्षक कहानी और प्रभावशाली संगीत और सिनेमैटोग्राफी के साथ संक्रांतिकी वस्तुनम एक ऐसी फिल्म है जिसे मिस नहीं किया जा सकता**

है। ओटीटी रिलीज के करीब आने के साथ ही प्रशंसक आखिरकार अपने घरों में आराम से संक्रांतिकी वस्तुनम देख सकते हैं। भीम्स सेसिरोले द्वारा रचित फिल्म संगीत को दर्शकों ने खूब सराहा है, जबकि समीर रेड्डी द्वारा संभाली गई सिनेमैटोग्राफी ने फिल्म की दृश्य अपील को और बढ़ा दिया है। अपने प्रतिभाशाली कलाकारों, आकर्षक कहानी और प्रभावशाली संगीत और सिनेमैटोग्राफी के साथ संक्रांतिकी वस्तुनम एक ऐसी फिल्म है जिसे मिस नहीं किया जा सकता। 20 फरवरी 2025 के लिए अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें और जी 5 पर इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# बदलते मौसम में त्वचा को स्वस्थ और चमकदार रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

मौसम के बदलाव का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है। जब मौसम बदलता है तो हमारी त्वचा को भी खास देखभाल की जरूरत होती है। चाहे सर्दी हो या गर्मी, हर मौसम में त्वचा की देखभाल का तरीका अलग होता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रख सकते हैं।

**रोजाना मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं**



बदलते मौसम में सबसे जरूरी होता है कि आप अपनी त्वचा को नियमित रूप से मॉइस्चराइज करें।

ठंडे मौसम में हवा शुष्क होती है, जिससे आपकी त्वचा रूखी हो सकती है। इसके लिए एक अच्छा मॉइस्चराइजर चुनें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो।

इसे नहाने के बाद और सोने से पहले लगाएं ताकि आपकी त्वचा नमी से भरपूर रहे और उसमें चमक बनी रहे। सही आहार लें आपकी डाइट का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते मौसम में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी होता है।

विटामिन-सी युक्त फलों जैसे संतरा, नींबू आदि का सेवन करें, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ आपकी त्वचा को भी निखारते हैं।

इसके अलावा ओमेगा-3 फैटी एसिड्स वाले खाद्य पदार्थ जैसे अखरोट और अलसी का सेवन भी फायदेमंद होता है।

**सनस्क्रीन लगाना न भूलें**

कई लोग यह मानते हैं कि सनस्क्रीन का उपयोग केवल गर्मियों में करना चाहिए, लेकिन यह एक गलतफहमी है।

चाहे सर्दी हो या बरसात, सूरज की हानिकारक किरणें हमेशा हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए हर दिन बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

यह आपकी त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करता है और उसे स्वस्थ रखता है।

सनस्क्रीन का नियमित उपयोग आपकी त्वचा की सुरक्षा के लिए एक अहम कदम है।

**हल्के फेसवॉश का उपयोग करें**

बदलते मौसम में चेहरे की सफाई बहुत जरूरी होती है।

कठोर साबुन या फेसवॉश का उपयोग न करें क्योंकि ये आपके चेहरे की प्राकृतिक नमी छीन सकते हैं। इसके बजाय हल्के और प्राकृतिक तत्वों से बने फेसवॉश का उपयोग करें जो गंदगी साफ कर चेहरे को मुलायम बनाए रखे।

दिन में दो बार, सुबह और रात को सोने से पहले, चेहरा साफ करना आपकी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

**पर्याप्त नींद लें**

नींद का हमारी त्वचा पर गहरा असर पड़ता है।

अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके चेहरे पर थकावट के रूप में दिख सकता है। इसलिए रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। यह आपकी त्वचा को तरोताजा और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।अच्छी नींद से आपकी त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है और आप दिनभर ऊजार्वान महसूस करते हैं, जिससे आपकी त्वचा स्वस्थ नजर आती है।

# हर दिन किसी भी समय 30 मिनट चलें, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ



रोजाना 30 मिनट चलना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जिससे आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे रोजाना 30 मिनट की सैर आपके शरीर को बदल सकती है और आपको स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है।

**हृदय की सेहत में कर सकता है सुधार**

रोजाना 30 मिनट चलने से आपके हृदय की सेहत में सुधार होता है। यह आपकी धमनियों को साफ रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

नियमित रूप से चलने से हृदय रोगों का खतरा कम होता है और आपका हृदय मजबूत बनता है। इससे रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचती रहती है।

इसके अलावा यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी सहायक होता है।

**वजन घटाने में है सहायक**

अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो रोजाना 30 मिनट चलना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

यह कैलोरी जलाने का एक आसान तरीका प्रदान करता है, जो बिना किसी विशेष उपकरण या जिम सदस्यता के किया जा सकता है।

नियमित रूप से चलने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे चर्बी तेजी से घटती हैं। इसके साथ ही यह भूख पर नियंत्रण रखने और खाने की आदतों को संतुलित करने में भी मदद करता हैं।

**तनाव को कम करने में है प्रभावी**

चलना न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

जब आप चलते हैं तो आपका मस्तिष्क एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज करता है, जो मूड को अच्छा बनाता है और तनाव को कम करता है।

इससे मन शांत रहता है और दिमाग तरोताजा महसूस करता है। नियमित रूप से चलने वाले लोग अक्सर अधिक खुश रहते हैं क्योंकि उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं।

हड्डियों और मांसपेशियों को मिल सकती है मजबूती

रोजाना 30 मिनट तक पैदल चलना आपकी हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती को बढ़ाता है। इससे हड्डियां घनी होती जाती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है।

पैदल चलने से मांसपेशियों का टोनिंग भी बेहतर होता है, जिससे शरीर लचीला बना रहता है।

यह आपके शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ संतुलन में भी सुधार करता है, जिससे आप अधिक सक्रिय महसूस करते हैं।

नींद की गुणवत्ता में हो सकता है सुधार

अगर आपको नींद नहीं आती या नींद पूरी नहीं होती है तो रोजाना पैदल चलना इसमें सुधार ला सकता है। जब आप चलते समय थक जाते तो रात में अच्छी नींद आती है, जिससे आपका दिमाग शांत रहता है और सोते समय आराम मिलता है। अच्छी नींद लेने वाले लोग दिनभर ऊजार्वान महसूस करते हैं और उनकी कार्यक्षमता भी बढती है।

# लुलु मॉल में शुरू हुआ फ्लॉवर फेस्टिवल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**लखनऊ।** लखनऊ के सबसे बड़े शॉपिंग गंतव्य लुलु मॉल में चार दिवसीय फ्लॉवर फेस्टिवल का आगाज हो गया है। जिसका उद्घाटन श्री बीएल मीना एडिशनल चीफ सेकेट्री हॉर्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग विभाग एवं डा. विजय बहादुर द्विवेदी निर्देशक हॉर्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग विभाग ने किया। यह फ्लॉवर फेस्टिवल 13 से 16 फरवरी तक चलेगा।

इस फ्लॉवर फेस्टिवल की खास बात यह है कि इसमें लखनऊ की लोकल नर्सरी से चार सौ से अधिक प्रकार के फूल एवं पौधे मॉल लाए गए हैं। इस फ्लॉवर फेस्टिवल में मौजूद सभी नर्सरीज अपने पौधौं एवं फूलों को दर्शकों को दिखा एवं बेच सकती हैं।इस फ्लॉवर फेस्टिवल का एक मात्र उद्देश्य लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना होगा। इस फ्लावर फेस्ट में दर्शक भिन्न-भिन्न तरह के पौधों एवं खुशबूदार फूलों से रूबरू हो पायेंगे। फ्लॉवर फेस्ट में देशी विदेशी सभी प्रकार के पौधे मौजूद हैं जैसे पोटुर्लाका, विंका (सदाबहार), सेलोसिया, जीनिया, कोचिया इत्यादि। लुलु ग्रुप उत्तर प्रदेश के रीजनल डायरेक्टर श्री जयकुमार गंगाधरन ने इस खास मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लुलु फ्लावर फेस्ट का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि दर्शकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है जबकि मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा यह फ्लॉवर फेस्टिवल हमारे लिए काफी खास है। इस फ्लावर फेस्टिवल के जरिये हम लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना चाहते हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह फ्लॉवर फेस्टिवल 4 दिन चलेगा जिसमे दर्शक मॉल में आके अपने पसंदीदा पौधे एवं फूल खरीद सकते हैं।

# सुरेश तोमर ने किया सड़क निर्माण कार्य शुभारंभ



**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)** जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 16 जनपद हापुड़ के गांव खेड़ा में 225 मीटर सीसी रोड का शिलान्यास 19 की लागत से जिला पंचायत सदस्य शिखा तोमर के पति सुरेश तोमर ने किया साथ में उपस्थित रहे डॉक्टर मयंक राघव डॉक्टर योगेंद्र राघव हेमसिंह प्रधान लाखन महेश प्रधान जी लाखन देवेंद्र तोमर भूपेंद्र तोमर नेत्रपाल सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा दो ओपन जिम का सदर विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बुलन्दशहर।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित गंगानगर में बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा दो ओपन जिम का उद्घाटन किया गया है, गंगानगर स्थित प्राधिकरण की सचिव ज्योतिस्ना यादव और सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने फीता काटकर ओपन जिम का उद्घाटन किया है। जबकि विधायक द्वारा बताया गया कि लोगों की सेहत का ख्याल रखने के लिए सरकार द्वारा प्राधिकरण की ओर से ओपन जिम का उद्घाटन किया गया है जबकि स्मार्ट पार्क का भी उद्घाटन हुआ है, लाखों रुपए की योजना से प्राधिकरण द्वारा इसका निर्माण कराया गया है। जबकि बुलंदशहर में स्मार्ट पार्क और ओपन जिम का पहला प्रोजेक्ट गंगानगर में चालू किया गया है जबकि प्राधिकरण द्वारा शहर में अन्य जगहों पर भी शहर को स्मार्ट बनने के लिए तरह-तरह के पार्क और ओपन जिम बनाए जा रहे हैं, जबकि प्राधिकरण द्वारा लाइटिंग और पेंटिंग का भी लगातार कार्य चल रहा है। बीडीए सचिव ज्योतिस्ना यादव ने बताया कि गंगानगर स्थित आज ओपन जिम का उद्घाटन किया गया है गंगानगर में दो ओपन जिम व स्मार्ट पार्क बनाया गया है यहां के निवासी लोग इस पार्क में जाकर ओपन जिम में जिम कर सकते हैं और अपनी सेहत का ख्याल रख सकते हैं। लोगों की सेहत के ख्याल रखने के लिए सरकार लगातार हर संभव प्रयास कर रही है और शहर में जगह-जगह ओपन जिम का प्रोजेक्ट लांच कर रही है। आज गंगानगर में दो ओपन जिम का उद्घाटन किया गया है जबकि प्राधिकरण की उपाध्यक्ष अंकुर लाठर का कहना है कि शहर को स्मार्ट बनने का प्रयास जारी है।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो नवीनतम इलेक्ट्रिक वाहनों के निमार्ता हैं, ने आज श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के पूरे इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर रेंज, जिसमें लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक वाहन (EV - L3 & L5) शामिल हैं, के लिए विशेष वित्तीय समाधान प्रदान किए जाएंगे। यह पहल "श्रीराम ग्रीन फाइनेंस" कार्यक्रम के तहत चलाई जाएगी।

इस सहयोग के तहत, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक प्रमुख वित्तीय भागीदार के रूप में कार्य करेगा और ग्राहकों को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान करेगा। इससे ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना अधिक किफायती और सुगम हो जाएगा। ये वित्तीय सुविधाएं पूरे भारत में उपलब्ध होंगी, जिससे देशभर के ग्राहक आकर्षक ऋण योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिनमें आसान शर्तें और कम प्रोसेसिंग शुल्क शामिल हैं।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ, श्री हैदर खान ने कहा,"हमें श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस सहयोग के माध्यम से, हम अपने ग्राहकों को सुविधाजनक और लचीले वित्तीय विकल्प उपलब्ध कराएंगे। हमारी प्रतिबद्धता पर्यावरण-अनुकूल गतिशीलता को बढ़ावा देने की है, और यह साझेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाएगी। श्रीराम फाइनेंस के प्रमुख वित्तीय भागीदार बनने से हमें पूरा विश्वास है कि अधिक से अधिक लोग ईको-फ्रेंडली मोबिलिटी समाधान को अपनाएंगे।




इस वित्तीय सहयोग के तहत, ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, लंबी ऋण अवधि और आसान आवेदन प्रक्रिया जैसी सुविधाएं मिलेंगी। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के ये आकर्षक वित्तीय विकल्प ईवी की बिक्री को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये समाधान उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होंगे जो गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स, थ्री-व्हीलर्स और छ3 एवं छ5 श्रेणी के इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदना चाहते हैं।

**गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के बारे में:**

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, इबलु इलेक्ट्रिक वाहन रेंज के निमार्ता, स्व-रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और देश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक ई-मोबिलिटी तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। 2022 में स्थापित और रायपुर में मुख्यालय वाली यह कंपनी, पर्यावरण के अनुकूल और प्रदूषण मुक्त भविष्य का वादा करती है। यह कंपनी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर वाहनों की विविध रेंज प्रदान कर रही है।

## पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी में बिना किसी अतिरिक्त लागत के खुदरा बिक्री के लिए उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन के ब्रांड एंबेसडर बने

# लोकप्रिय अभिनेता पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निमार्ता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं।




एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3% तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं, इंजन के टूट-फूट को कम करने, ईंधन की अर्थव्यवस्था में सुधार देश को इस सक्रिय तकनीक को कार्रवाई में "लाइव" देखने में मदद करने के लिए, Jio-bp ने नई दिल्ली में भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अभिनव स्प्लिट फ्यूल कार का अनावरण किया। स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे Jio-bp में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है। ये ईंधन देश भर में 1875 से अधिक जियो-बीपी मोबिलिटी स्टेशनों पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के आधार पेशकश के रूप में उपलब्ध हैं। नियम और शर्तें लागू। अधिक जानकारी के लिए कृपया जियो-बीपी वेबसाइट पर जाएँ।


# मुरादाबाद मंडल की 1192 दुकानों का ई-लाटरी से होगा आवंटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद मंडल की 1,192 शराब की दुकानों का ई-लाटरी सिस्टम से आवंटन होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। पिछले साल में बेची गई शराब से दस प्रतिशत अधिक शराब इस बार दुकानदारों को बेचनी होगी। अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानों को कम्पोजिट किया है। ई-लाटरी सिस्टम में भाग लेने के लिए लोग 17 फरवरी से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय उन्हें फीस भी जमा करनी होगी। अगर आवेदन करने वाले को दुकान नहीं भी मिलती है तो उनके फीस के रुपये वापस नहीं किए जाएंगे।अंग्रेजी, देशी शराब के साथ-साथ बीयर की अलग-अलग दुकानें होती थी, लेकिन अब अंग्रेजी शराब की दुकान पर लोगों को बीयर भी मिल जाएगी। यह व्यवस्था नई शराब नीति के तहत की गई है। इस नीति से प्रत्येक जिले में शराब की दुकानों की संख्या कम हो जाएगी। अब तक मुरादाबाद जिले में बीयर और अंग्रेजी शराब की 137 दुकानें थी, लेकिन अब इन्हें कम्पोजिट करके 105 कर दिया गया है। अब मंडल की सभी शराब की दुकानों की ई-लाटरी होनी है। इसके लिए शुक्रवार से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं' रजिस्ट्रेशन करने के बाद एक नंबर मिलेगा। उससे सभी दुकानों की लिस्ट मिल जाएगी। इसके बाद 17 फरवरी से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगा। कोई भी 27 जनवरी तक फीस जमा करके आवेदन कर सकता है। छह मार्च को सभी के सामने लाटरी होगी और जिसके नाम भी दुकान का आवंटन होगा उसे 11 मार्च तक रुपये जमा करने होंगे।

# ऑनलाइन ऑर्डर कराकर की गई ठगी से साइबर पुलिस ने 20 हजार वापिस कराए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** थाना धौलाना पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के 20 हजार रुपए वापिस कराए है जिससे पीड़ित को राहत मिली है पीड़ित दिलशाद के ऑनलाइन ऑर्डर कराकर 20 हजार की ठगी कर ली। पीड़ित दिलशाद ने थाना धौलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। साइबर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए करवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि गांव देहरा के दिलशाद ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ ऑनलाइन ऑर्डर से 20 हजार रुपए की ठगी हो गई है। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में साइबर सेल की मदद से बहुत ही कम समय में अपराधियों का पता लगाया गया और तकनीकी विशेषज्ञों की सहायता से पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस कराने में सफलता हासिल की।पैसे वापस मिलने पर दिलशाद ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह मामला साइबर अपराधों से निपटने में पुलिस की सक्रियता और कुशल कार्यप्रणाली का एक सफल उदाहरण बन गया है।

# हापुड़ विकास क्षेत्र में एचपीडीए का गरजा बुलडोजर: पांच स्थानों पर अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त,मचा हड़कंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में शुक्रवार को हापुड़ विकास क्षेत्र में पांच स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही कराई गयी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि हापुड़ विकास क्षेत्र में शाहपुर जट्ट पुराना नेशनल हाइवे पर देवेन्द्र,रविन्द्र व जावेद द्वारा 2500 वर्ग मीटर,ग्राम चक्रसैनपुर धर्म सिंह,बलराम सिंह,रविन्द्र व श्यामसुन्दर शर्मा द्वारा 20000 वर्ग मीटर,शाहपुर जट्ट में अशोक कुमार,विनोद कुमार द्वारा 5000 वर्ग मीटर,ग्राम फतेहपुर में जितेन्द्र,मंजू,लवीश द्वारा 25000 वर्ग मीटर चक्रसैनपुर में राजीव कुमार,श्याम सुन्दर शर्मा द्वारा 4000 वर्ग मीटर में अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस ध्वस्तीकरण अभियान में अवर अभियंता जितेन्द्र नाथ दूबे व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

**जनमानस से अपील, मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव**



**आयोजन** | दिव्यांग बच्चों के लिए खेल व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया

# चित्रकला प्रतियोगिता में ऋषभ,आनिया ने बाजी मारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शुक्रवार को स्वर्ग आश्रम रोड स्थित एकेपी इंटर कॉलेज में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

एकेपी कालेज में प्रतियोगिता का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष पुष्पा देवी, डीआईओएस डॉ.विनीता, प्रधानाचार्या डॉ.स्नेह प्रभा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और बैंड दल ने अतिथियों का स्वागत किया। समग्र शिक्षा अभियान द्वारा माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कक्षा 6 से 12 तक दिव्यांग बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं करायी गई। चित्रकला प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर ऋषभ और बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर आनिया और द्वितीय स्थान पर शिफा रही। निबंध प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में सलोनी, ईशा और अंजलि क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, बालक वर्ग में मयंक तेवतिया प्रथम, अरमान द्वितीय, अयान तृतीय स्थान पर रहे। ट्राई साईकिल बालिका वर्ग में अंजलि प्रथम, 100 मीटर की बालक वर्ग दौड़ में विनीत प्रथम रहे, बालिका वर्ग में प्रीति ने बाजी मारी। दृष्टि बाधित प्रतियोगिता 25 मीटर दौड़ में ऋषभ प्रथम,



सनी द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में सलोनी प्रथम और नेहा तोमर द्वितीय रहीं। फुलबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में देव प्रथम,अयान द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में पायल प्रथम, अंजलि द्वितीय, प्रीति तृतीय स्थान पर रहीं। अतिथियों ने विजेता मेधावी खिलाडियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा दीपा तोमर व कालेज की शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# साइबर ठगों ने उड़ाए 2.20 लाख रुपए की शिकायत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कोतवाली क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया। जिससे उसके खाते से 2.20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई पीड़ित ने कोतवाली में इसकी शिकायत की है जानकारी अनुसार मोहल्ला गढ़ी निवासी पुलकित सोनी के साथ शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 2.20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। घटना 4 नवंबर से शुरू हुई, जब पुलकित के मोबाइल पर शेयर मार्केट से संबंधित संदेश आने लगे। ठगों ने पहले 10 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए, फिर 6 नवंबर को दोपहर में 10 हजार और रात में 50 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद 22 नवंबर को 50 हजार, 23 नवंबर को 49,394 रुपए और 24 नवंबर को 50 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। पीड़ित ने ऑनलाइन लीगल इंडिया में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बैंक ने 65 हजार रुपए की लेनदेन को रोक दिया है।

मामले की शिकायत पिलखुवा कोतवाली में भी की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चूंकि यह साइबर क्राइम का मामला है, इसकी जांच की जा रही है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267